

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 रोहित को क्या करना है यह किसी को बताने की जरूरत ...

नाजी सैल्यूट विवाद के बीच एलन मस्क को मिला चरमपंथियों का ... 12

वर्ष : 12 | अंक : 279 | पटना, गुरुवार, 23 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 21°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 79,005 |
| चांदी | 92,500 |
| सेंसेक्स | 81,786 |
| निफ्टी | 24,668 |

## संक्षिप्त खबरें

### मणिपुरः जदयू ने बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस लिया

इम्फाल। जनता दल यूनाइटेड की मणिपुर इकाई ने भाजपा के नेतृत्व वाली बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। पार्टी ने अपने इस फैसले की जानकारी राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को दे दी है। जदयू ने बुधवार को कहा कि पार्टी के एकमात्र विधायक मोहम्मद अब्दुल नासिर अब विपक्षी खेमे में बैठेंगे। हालांकि, जदयू के इस कदम का बीरेन सिंह सरकार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि 60 सदस्यीय विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के पास 37 सीट हैं। इसके अलावा, भाजपा को नगा पीपुल्स फ्रंट के पांच विधायकों और तीन निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन प्राप्त है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का विस्तार पांच वर्ष तक

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश में स्वास्थ्य सुविधाओं का दायरा बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को पांच वर्ष तक विस्तार देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं के दायरे को बढ़ाने और स्वास्थ्य सुविधाओं के बुनियादी ढ़ांचे का मजबूत करने में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह मिशन वर्ष 2021 में शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि इस मिशन से सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में सहायता मिली है। उन्होंने बताया कि मिशन के आवंटन की घोषणा आगामी बजट में की जाएगी। श्री गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने वित्त वर्ष 2021-24 के बीच 12 लाख से अधिक अतिरिक्त स्वास्थ्य कर्मियों को शामिल किया गया है। इस मिशन में देशभर में 220 करोड़ कोविड-19 वैक्सीन की खुराक दी गयी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1990 के बाद से एमएमआर में 83 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो वैश्विक गिरावट 45 प्रतिशत से अधिक है।

### केन्द्र ने जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य में किया इजाफा

नई दिल्ली। सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य 315 रुपए बढाकर 5650 रुपए प्रति क्विंटल करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आश्य के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढोतरी से उत्पादन पर 66.8 प्रतिशत का मुनाफा सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014-15 में जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 रुपए प्रति क्विंटल था जो अब 5650 रुपए पहुंच चुका है जो क 2.35 गुना की बढोतरी है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से पश्चिम बंगाल, असम और बिहार जैसे राज्यों को विशेष रूप से फायदा होगा। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2014-15 से 2024-25 की अवधि के दौरान जूट उत्पादक किसानों को दी गई एमएसपी राशि 1300 करोड़ रुपये है जबकि वर्ष 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान दी गई राशि 441 करोड़ रुपये थी। देश में 40 लाख किसान परिवारों की आजीविका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जूट उद्योग पर निर्भर करती है। लगभग 4 लाख श्रमिकों को जूट मिलों और जूट के व्यापार में प्रत्यक्ष रोजगार मिलता है।

**मुख्यमंत्री ने अररिया जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की**

# अररिया में बनेगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल : नीतीश

## बोलें-हमलोगों का लक्ष्य है कि जहां जो कमियां हैं, उसे दूर करें

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में अररिया जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में समाहरणालय स्थित परमान सभागार में समीक्षात्मक बैठक की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि अररिया में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कराया जायेगा, इससे यहाँ के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसके लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने के लिए एक टीम को कल ही भेजा जा रहा है ताकि मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना शीघ्र हो सके। अररिया जिले में विकास के अनेक कार्य कराए गए हैं, यहां इंजीनियरिंग कॉलेज, पारा मेडिकल संस्थान और छात्रावासों का निर्माण कराया गया है। साथ ही राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान, महिला आईटीआई, सभी अनुमंडलों में आईटीआई, छात्रावास, जीएनएम संस्थान, आवासीय विद्यालय, अनेक पथों एवं पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया है। यहां इंडो-नेपाल सीमा पर किशनगंज के गलगलिया से अररिया तक फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। वर्ष 2017 में यहां भीषण बाढ़ आई थी, हमलोगों ने राहत एवं बचाव का कार्य बड़े पैमाने पर कराया था। उस भीषण बाढ़ में जो भी सड़कें और पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त हुए थे, उसका निर्माण कराया गया। साथ ही पूर्वी कोसी नहर प्रणाली भी जीर्णोद्धार कराया गया। अररिया जिले में 33 डेडिकेटेड कृषि फीडर का निर्माण कराया गया है। 2 लाख 34 हजार जीविका दीदियां विभिन्न सहायता समूहों से जुड़ चुकी हैं। यहां 3 दीदी की रसोई भी संचालित की जा रही है। हमलोग हरसंभव विकास के काम कराने में लगे हैं। हमलोगों का लक्ष्य है कि जहां जो कमियां हैं, उसे दूर करें। हमलोगों का मकसद है काम करना। इससे पहले



समीक्षात्मक बैठक में अररिया के जिलाधिकारी अनिल कुमार ने जिले के विकास कार्यों का प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान सहित अन्य गणमान्य लोग एवं वरीय अधिकारी मौजूद रहें।

**बिहार का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं :** बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी-अपनी बातें रखी हैं। आज हमने भी यहां कई जगहों पर जाकर विकास कार्यों को देखा है। हमने अधिकारियों से कहा है कि यहां जो भी जरूरतें हैं, उसे ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करें। प्रगति यात्रा में हम पहले जिन जिलों का दौरा किए थे और वहां की जो जरूरतें थी, उसके संबंध में कैबिनेट की बैठक में हमलोगों ने निर्णय लिया है। हमारा उद्देश्य है हर प्रकार से बिहार की तरक्की हो। हम शुरू से ही पूरे बिहार का दौरा समय-समय पर करते रहे हैं। हर क्षेत्रों में विकास के कार्य कराये गये हैं, आप सब उसे भूलिएगा मत। मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर 2005 से हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए काम करना शुरू किया, तब से निरंतर हमलोग बिहार को आगे बढ़ाने में लगे हैं। वर्ष 2005 से पहले शाम के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते थे।

**सभी वर्गों के उत्थान के लिए किया है कामः** मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे बिहार में विकास का काम हमलोग करा रहे हैं। बिहार का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं है। हमलोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण का काम बड़े पैमाने पर कराया है। बड़ी संख्या में सरकारी शिक्षकों की भी बहाली की जा रही है। इसके साथ ही नियोजित शिक्षकों को परीक्षा के माध्यम से सरकारी मान्यता प्रदान की जा रही है। हमलोगों ने वर्ष 2015 से सात निश्चय योजना के माध्यम से हर घर नल का जल, हर घर पक्की गली एवं नाली का निर्माण, हर घर शौचालय, हर घर तक बिजली का कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाएं लोगों तक पहुंचा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में 12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी तथा 34 लाख लोगों को रोजगार मुहैया करा दिया जाएगा। हमलोगों ने सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया है।

## आधुनिक प्रेक्षागृह का किया जाएगा निर्माण

### मुख्यमंत्री ने अररिया जिले के लिए की महत्वपूर्ण घोषणायें

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समीक्षा बैठक में अररिया जिले के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। कहा कि कुसाकाँटा प्रखंड के डुमरिया पंचायत में सुंदरनाथ धाम का विकास किया जायेगा, इससे दूरदराज से आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल पायेगीं तथा इस क्षेत्र के लोगों को रोजगार भी उपलब्ध हो सकेगा। अररिया-कुर्साकॉटा-कुआड़ी सिकटी पथ का चौड़ीकरण किया जायेगा, इससे लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी। अररिया जिला मुख्यालय में आधुनिक प्रेक्षागृह का निर्माण किया जायेगा, इससे जिला स्तर पर प्रशासन द्वारा आयोजित किये जाने वाले विभिन्न बड़े कार्यक्रमों में सुविधा होगी। सैफगंज से सुकैला (भाया-महथावा, भरगामा) पथ का चौड़ीकरण किया जायेगा, इससे लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी। अफारबिसगंज शहर में सुभाष चौक पर आरओबी का निर्माण किया जायेगा, इससे जाम की समस्या से निजात मिलेगी तथा लोगों को काफी सुविधा होगी। अररिया जिले में अररिया, कुसाकाँटा, नरपतगंज, फारबिसगंज, भरगावां, रानीगंज, सिकटी प्रखंडों में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कराया जायेगा।

# 2025 में 225 और फिर से नीतीश, एनडीए का लक्ष्य : उमेश

## गोपालगंज में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने भरी हुंकार

प्रात : किरण

पटना। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने बुधवार को गोपालगंज जिला के वीएम फील्ड में आयोजित एनडीए जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यकताओं से कहा कि साझा कार्यक्रम चलाकर बूथ स्तर तक गठबंधन को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा कि एनडीए की एकजुटता के आगे विपक्ष का नकारात्मक मंसूबा कभी सफल नहीं होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2025 में 225 और फिर से नीतीश एनडीए परिवार का एक लक्ष्य - एक उद्देश्य है। जिसको साकार करने हेतु घटक दलों के सभी सम्मानित प्रदेश अध्यक्षगण एक साथ तमाम जिलों में जाकर कार्यकताओं को विजय का मुलमंत्र दे रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आम जनता को अपना परिवार मानते हैं एवं जनहित के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता है। श्री कुशवाहा ने कहा कि विगत 19 वर्षों के कार्यकाल में मानवीय आवश्यकताओं से जुड़ी बुनियादी संरचनाओं को सुदृढ़ करने के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए है। सड़क, बिजली, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और नारी सशक्तिकरण की



दिशा में हमारे नेता नीतीश कुमार ने अपनी दूरदर्शी सोच से अनूठा मिसाल पेश किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के क्रम में तकरीबन 138 करोड़ रुपये की लागत से 72 विकास योजनाओं की सौगात गोपालगंज वासियों को दिया। डबल इंजन की एनडीए सरकार सर्वांगीण विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। साथ ही उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि बिना काम के क्रेडिट लेने वालों के बहकावे में कभी नहीं आना है, जबकी एकजुट होकर ऐसी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 2010 चुनाव परिणाम से बेहतर प्रदर्शन कर 225 सीटों पर एनडीए का विजय पताका लहराना है। उक्त मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, हमसे के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार, लोजपा आर के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी एवं रालोमो के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी एवं जदयू के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी स्थापना चंदन कुमार सिंह सहित एनडीए के कई विधायकगण एवं वरीय नेतागण उपस्थित रहे।

# कर्नाटकः सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत

प्रात : किरण/ एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक में उत्तर कन्नड़ जिले के अरेबिले इलाके में बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गयी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कुछ सब्जी विक्रेता ट्रक में सवार होकर कुमता बाजार जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक रास्ता भटक गया और गहरी घाटी में गिर गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा बुधवार तड़के जिले के येल्लापुर में अरेबेल और गुलापुरा के बीच नेशनल हाईवे-63 पर हुआ। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।



वहीं, पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। उत्तर कन्नड़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एम नारायण के अनुसार, सब्जियां बेचने जा रहे लोगों का ट्रक सावनूर से कुमता बाजार जा रहा था। सुबह करीब 5.30 बजे, ट्रक चालक दूसरे वाहन को साइड देने के प्रयास में बाईं ओर चला गया और करीब 50 मीटर गहरी घाटी में जा गिरा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों को सहायता सुनिश्चित करेगी।

**राष्ट्रपति व पीएम ने हादसे पर जताया दुख**

नई दिल्ली। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के यालापुरा हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यालय ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सड़क दुर्घटना में लोगों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु से दुखी हूं। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने पीएम मोदी का हवाला देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा सड़क हादसे में लोगों की मौत से बेहद दुखी हूं। मेरी उन लोगों के प्रति संवेदना है, जिन्होंने अपने परिवार वालों को खोया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपए दिए जाएंगे। वहीं, घायलों को 50 हजार रुपए की मदद दी जाएगी।

## रेलवे क्लेम घोटाले में पटना समेत देश के पांच ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

प्रात : किरण/ एजेंसी

पटना। प्रवर्तन निदेशालय ने रेलवे क्लेम घोटाला मामले में बुधवार को बिहार के पटना और नालंदा समेत देश के पांच स्थानों पर छापेमारी की है। पटना और नालंदा के अलावा बेंगलुरु में भी ईडी की छोपमारी चल रही है। पटना में तीन, नालंदा में एक और बेंगलुरु में एक स्थान पर छापेमारी चल रही है। रेलवे क्लेम घोटाला 100 करोड़ से अधिक का माना जा रहा है। यह घोटाला रेलवे कर्मचारियों के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के सहारे किया गया है। ईडी इस मामले में कई न्यायिक अधिकारियों, वकीलों और सरकारी कर्मचारियों की भूमिका की जांच कर रही है। खासकर, रेलवे न्यायिक अधिकारी रहे आरके मित्तल और वकील बीएन सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की गई है। आरके मित्तल को कुछ साल पहले भ्रष्टाचार के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया गया था। उल्लेखनीय है कि रेलवे में हुए करोड़ों के इस घोटाले में सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन न्यायमूर्ति रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति उदय यू. ललित की पीठ के निर्देश पर सीबीआई ने यह मामला दर्ज किया था।

## इसरो ने गगनयान के पहले मानवरहित मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल भेजा

प्रात : किरण/ एजेंसी

बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के द्रव प्रणोदन प्रणाली केंद्र ने द्रव प्रणोदन प्रणाली के एकीकरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद गगनयान के पहले मानवरहित मिशन के वास्ते क्रू मॉड्यूल को अंतरिक्ष की कक्षा के लिए रवाना किया है। इसरो ने बुधवार को यह जानकारी दी। गगनयान अंतरिक्ष में मानव मिशन भेजने की क्षमता हासिल करने की दिशा में इसरो का पहला प्रयास है। इसरो गगनयान परियोजना के तहत मानवयुक्त चालक दल को रवाना करने से पहले अंतरिक्ष में एक मानवरहित मिशन भेजने की योजना बना रहा है। इसरो ने एक बयान में कहा, 21 जनवरी 2025 को इसरो के द्रव प्रणोदन प्रणाली केंद्र ने द्रव प्रणोदन प्रणाली के एकीकरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद गगनयान के पहले मानवरहित मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल को अंतरिक्ष रवाना किया। क्रू मॉड्यूल एक पूर्ण स्वायत्त अंतरिक्ष यान है, जिसे तीन सदस्यीय चालक दल को अंतरिक्ष की कक्षा में ले जाने और मिशन अवधि पूरी होने के बाद धरती पर सुरक्षित रूप से वापस लाने के लिए डिजाइन किया गया है।

**प्रगति यात्रा** | **सीएम ने अररिया जिले में 449 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास**

# मुख्यमंत्री ने अररिया जिले को दी करीब 305 करोड़ रुपये की सौगात

## खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हर प्रकार से दिया जा रहा मदद

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में अररिया जिले के रानीगंज प्रखंड स्थित पंचायत हांसा से करीब 305 करोड़ रुपये की 449 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 159.15 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विभागों की 404 योजनाओं का उद्घाटन तथा 145.50 करोड़ रुपये की लागत से 45 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने हांसा पंचायत स्थित प्लस 2 राजकीय कृत रामानुग्रह उच्च विद्यालय के प्रांगण में बने खेल मैदान का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने खेल मैदान का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए काफी अच्छा खेल मैदान बन गया है। हमलोग खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हर प्रकार से मदद कर रहे हैं। विभिन्न खेलों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी दी जा रही है। स्कूल प्रांगण में खेल मैदान के बनने से अधिक से अधिक विद्यार्थी भी खेल के प्रति प्रोत्साहित होंगे। प्लस 2 राजकीयकृत रामानुग्रह उच्च विद्यालय के रोबोटिक लैब



तथा नेचर क्लास रूम (प्रकृति कक्षा) का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नेचर क्लास रूम का दृश्य काफी आकर्षक है, यहां वृक्षारोपण कराया गया है। यह बहुत अच्छा है। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूली बच्चे ठीक ढंग से यहां घूम फिर सकें, इसके लिए यहां की भूमि समतल कराकर पेवर ब्लॉक लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

**शहरी इलाकों में 26 हजार स्वयं सहायता समूहों का हो चुका गठन**

मुख्यमंत्री ने रानीगंज प्रखंड के हांसा पंचायत स्थित ग्राम बलुआ में अमृत सरोवर योजना अंतर्गत जीर्णोद्धार कराए गए बलुआ पोखर का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि काफी अच्छे ढंग से इस पोखर के चारों तरफ सीढी घाट का निर्माण करा दिया है। पोखरा का सौंदर्गीकरण भी ठीक ढंग से कराया गया है। यहां लोगों को आकर काफी अच्छा लगेगा। विभिन्न विभागों एवं जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए कहा कि आप सभी स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर काफी अच्छा काम कर रही हैं। मुझे यह देखकर बड़ी प्रसन्नता होती है। हमलोगों ने अब शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूहों का गठन कराना शुरू किया है। अब तक शहरी इलाकों में 26 हजार स्वयं सहायता समूहों का गठन हो चुका है, जिससे 3 लाख से अधिक जीविका दीदियां जुड़ी हैं।

**सीए ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को सौंपा चेक**

इस दौरान मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत लाभुकों को 4 करोड़ 27 लाख 23 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, सतत जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत ई-रिक्शा की चाबी, 3158 जीविका स्वयं सहायता समूह एवं 37896 जीविका दीदियों को बैंक लिंकेज के द्वारा आर्थिक सहयोग हेतु 104 करोड़ 51 लाख 50 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, कृषि यंत्र बैंक की चाबी, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का सांकेतिक चेक, अभियान बसेरा अंतर्गत सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों को सरकारी भूमि की बंदोबस्ती का प्रमाण पत्र, बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री प्रखंडपरिवहन योजना अंतर्गत अनुदानित बस की चाबी एवं 5 लाख रुपये का सांकेतिक चेक लाभुकों को प्रदान किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान, सांसद प्रदीप कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग व वरीय अधिकारी मौजूद रहें।

### रानीगंज प्रखंड में नवनिर्मित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भवन का उद्घाटन

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने रानीगंज प्रखंड के हांसा पंचायत में नवनिर्मित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भवन का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। अररिया जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्टों का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने रानीगंज प्रखंड के छतियौना पंचायत का भ्रमण कर विकास कार्यों का जायजा लिया तथा स्थानीय लोगों से बातचीत भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने छतियौना पंचायत के वार्ड नंबर-9 के रिहीटोला में जीविका भवन तथा अररिया प्रखंड के आबिदा एंड शम्स मेमोरियल-चैरिटेबल ट्रस्ट, बेलवां में 100 शैय्या वाले अल्पसंख्यक बाल छात्रावास के निर्माण कार्य के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री मुस्लिम महिला परित्याक्ता/तलाकशुदा योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योनजा का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजाना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र-संबल योजनान्तर्गत बैटरी चलित ट्राई साइकिल की चाबी वितरित किया। सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत संपोषित सितारा जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी जीविका दीदी द्वारा खोली गई दुकान का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अररिया प्रखंड अंतर्गत मैनापुर में प्रस्तावित अररिया-कुसाकार्टा-कुआरी-सिकटी पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण किया।

## संक्षिप्त खबरें

### प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर हनुमान चालीसा पाठ

पटना सिटी (प्राकि)। अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्री राम लला की नई प्रतिमा की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर सनातन धर्म सभा की ओर से शक्तिपीठ श्री छोटी पटनदेवी मंदिर परिसर में बुधवार को रामभक्तों ने श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा, पाटलिपुत्र परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव, सामाजिक कार्यकर्ता अनंत अरोड़ा, आत्म बागला, अनिल जेतली, मोहित मुरारका, विनय कुमार, दयानंद सिंह, रविशंकर आदि शामिल हुए। शक्तिपीठ के पीठाचार्य शास्त्रोपासक आचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी और बाबा विवेक द्विवेदी के मार्गदर्शन में अनुष्ठान संपन्न कराया गया।

### चोरी की लाईसेंसी राइफल बरामद किया

दानापुर। नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने दो माह पहले सौभाग्य शर्मा पथ से चोरों द्वारा एक घर से चोरी की गई लाईसेंस राइफल को बरामद कर लिया। एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि बीते 26 नवंबर को सौभाग्य शर्मा पथ निवासी दुलारी शरण सिंह के घर से लाईसेंसी रायफल एवं 18 कारतुस अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए कांड के उदभेदन,अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं रायफल एवं कारतुस की बरामदगी को लेकर एक टीम गठित की गई। टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं सीडीआर विश्लेषण के आधार पर घटना में शामिल पाँच अभियुक्तों कुर्जी नगेरा आश्रम गली निवासी गोलु कुमार, दीघा पोलसन रोड निवासी प्रकाश कुमार व सुरेश कुमार, रामनगरी निवासी मो शारुख और मनेर के छितनावां निवासी गौतम कुमार को 12 जनवरी को चार गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में चोरी गये लाईसेंसी रायफल के बरामदगी हेतु कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त पानापुर निवासी अवधेश राय के संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी। बीते रात दानापुर दियारा क्षेत्र से रायफल की बरामदगी की गई।छापामारी में पुअनि सह थानाध्यक्ष रणविजय कुमार,अपर थानध्यक्ष पुअनि प्रमोद कुमार समेत अन्य जवान थे

### पैक्स अध्यक्ष पद के दो उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा वापस लिया

दानापुर। नगर के अंतर्गत हथियाकांड पंचायत के पैक्स चुनाव को लेकर नाम वापसी के अंतिम दिन पैक्स अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारो ने नामांकन का पर्चा वापस ले लिया। जिसके बाद अध्यक्ष समेत सदस्य के 11 सीट के कुल 33 उम्मीदवार मैदान में बचे। जिसमें अध्यक्ष के एक पद के लिए 6 प्रत्याशी के बीच मुकाबला होगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी विभेष आनंद ने बताया कि पैक्स अध्यक्ष पद के लिए आठ लोगो ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया था। जिसमें अजय कुमार एवं राज कुमारी देवी ने नामांकन वापस ले लिया। जिसके बाद 6 प्रत्याशी के बचे। इसके साथ ही सदस्य 11 सीट के लिए अनुसूचित जाति के 4 सामान्य 14, पिछड़ा वर्ग के 4 अतिपिछड़ा के 5 प्रत्याशी मैदान में है। जिनके किसमत का फैसला मतदाता करेंगे।

### महिलाओं की तेजी से बदल रही भूमिका पर चर्चा की

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत महिला कॉलेज के प्राचार्य उषा विद्यार्थी ने अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के आयोजित 85 वें दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान प्रदेश प्रवक्ता सह महिला कॉलेज खगौल की प्राचार्या उषा विद्यार्थी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिल कर भारतीय राजनीति में महिलाओं की तेजी से बदल रही भूमिका पर चर्चा की। उन्होने बिहार की महिलाएं महिला आरक्षण विधेयक- नारी शक्ति वंदन अधिनियम- को लेकर अत्यंत उत्साहित हैं। आने वाले समय में सक्रिय राजनीति में महिलाओं की संख्या निश्चित रूप से बढ़ेगी। उषा विद्धार्थी ने बताया कि बातचीत के दौरान बिहार की महिलाओं को राजनीतिक रूप से जागरूक बनाने के अपने प्रयासों की जानकारी देते हुए आने वाले समय में सुशिक्षित और सक्षम महिलाएं विधायिका में अपना स्थान बनाएं

### पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा की हुई प्रात प्रतिष्ठा

पटना सिटी, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वेदाच'र्या पंडित टीएन झा व संतों के नेतृत्व में पंचमुखी हनुमान जी प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा बुधवार को की गई। इसका विधिवत उद्घाटन दिव्य ज्योत प्रज्वलित कर सम्वेत रूप में रामजी मेहता, शिवनाथ पाठक, शिव शंकर भगत, राजकुमार उर्फ ललन किन्नर, जय बनर्जी, संजीव कुमार उर्फ जूली ने किया। 251 महिला व पुरुषों ने सामूहिक रूप से मंगल पाठ के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। मंत्रोच्चार के साथ पूजन व हवन भी किया गया। मौके पर टिंकू कुमार, शंकर चौधरी, संजय सिंह, रौशन चौधरी, गुलशन कुमार, राम बिहारी महतो, राहुल मेहता, मो आरजू, राजकुमार चौधरी, विक्की शर्मा ने भी विधि-विधान से पूजा अर्चना कर राज्य की खुशहाली की कामना की।

# अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के राज्यपाल से की मुलाकात

प्रात :किरण संवाददाता

पटना, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) ओल्ड बॉयज एसोसिएशन बिहार चैप्टर के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष एडवोकेट नदीम सैराज के नेतृत्व में बिहार के राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान से राजभवन में बुधवार (22 जनवरी) को मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें बिहार के राज्यपाल के रूप में नियुक्ति पर बधाई दी और एएमयू के गौरवशाली पूर्व छात्र होने पर गर्व व्यक्त किया। मौके पर एडवोकेट नदीम सैराज ने राज्यपाल को एक स्मृति चिह्न भेंट किया और महासचिव मुशीर आलम ने गुलदस्ता प्रस्तुत किया। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजय कुमार ने महामहिम को अपनी पुस्तक जुलफि कार अली 1857 के गुमनाम योद्धा की एक प्रति भेंट स्वरूप दी। प्रतिनिधिमंडल में परवेज अहमद, एडवोकेट अब्दुल मन्नान खान, परवेज अख्तर, एडवोकेट नसरुलहुदा खान, संजय कुमार, डॉ. अरशद हक, असमा खान, पियूष नंदन और डॉ. सतीश कुमार सिंह शामिल थे।



- एडवोकेट नदीम सैराज ने राज्यपाल को एक स्मृति चिह्न और महासचिव मुशीर आलम ने गुलदस्ता से किया स्वागत
- एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजय कुमार ने को अपनी पुस्तक जुलफि कार अली 1857 के गुमनाम योद्धा की एक प्रति भेंट की

इस अवसर ओर एसोसिएशन के महासचिव मुशीर आलम ने राज्यपाल को एक स्मारिका और राज्य के विकास से संबंधित मुद्दों की सूची प्रस्तुत की। राज्यपाल को प्रस्तुत किए गए मुख्य प्रस्ताव में- राज्य विकास पहलों में एएमयू पूर्व छात्रों का प्रतिनिधित्वः शिक्षा, स्वास्थ्य और नीति निर्माण में विशेषज्ञता के लिए राज्य सलाहकार बोर्ड में उनकी भागीदारी। किशनगंज में एएमयू शाखा का विस्तारः शिक्षकों और कार्यक्रमों को मजबूत करना, विशेष रूप से अल्पसंख्यक और वंचित छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और कौशल विकास पर जोर देना। और विश्विद्यालय की इस शाखा के लिए भारत सरकार से फण्ड निष्पादन की बात भी रखी गई। सर सैयद हाउस का बुनियादी ढांचा विकासः पटना में आधुनिक पुस्तकालयों और अध्ययन कक्षों का निर्माण, जिससे छात्रों और शोधकताओं को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध हो सकें।शिक्षा और प्रतिभा समर्थन के लिए राज्यपाल का विशेष कोषः बिहार के अल्पसंख्यक छात्रों, महिलाओं के सशक्तिकरण, रोजगार और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए विशेष कोष की स्थापना।बिहार की सांस्कृतिक विरासत का संवर्धनः उर्दू, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में बिहार के योगदान को मनाने के लिए वार्षिक साहित्यिक और सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन।

राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान ने एसोसिएशन की पहल और प्रयासों के प्रति पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

# मोकामा के हेमजा गांव में अनंत सिंह पर हुई फायरिंग, बाल बाल बच्चे पूर्व विधायक



प्रात :किरण संवाददाता

मोकामा। मोकामा प्रखंड के नौरंगा- जलालपुर गांव में मोकामा के पूर्व विधायक अनंत कुमार सिंह समर्थक और सोनू-मोनू गैंग में जमकर फायरिंग हुई है। बताया जाता है कि इस फायरिंग में के पूर्व विधायक बाल-बाल बच गए।

पूर्व विधायक अनंत सिंह आज नौरंगा जलालपुर के दौरे पर थे। घटना के बाद नौरंगा गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। बाढ़ डीएसपी मौके पर कैंप कर रहे हैं। बताया जाता है नौरंगा जलालपुर गांव में एक दबंग के द्वारा एक घर में ताला लगा दिया गया था इसी को लेकर पूर्व विधायक अनत सिंह गांव पहुचे थे । फिल्हाल गांव में भारी तनाव है। बाढ़ डीएसपी राकेश कुमार ने सोनू- मोनू के घर पर ही फायरिंग की बात स्वीकार की।पुलिस ने मौके से तीन खोखा भी बरामद किया है।इस गोलीबारी में छोटे सरकार भी बाल बाल बच गए हैं। फिल्हाल गांव में भारी तनाव है। गांव में कई थाने की पुलिस कैंप कर रही है।

# श्रीमद् भागवत कथा सह मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा को निकाली भव्य कलश यात्रा



प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी।प्रखंड के देवरिया पंचायत के श्रावणीचक गांव में नवनिर्मित मां भगवती मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को कलस यात्रा सह श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक आयोजन किया गया।सर्वप्रथम आयोजित भव्य कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कलस यात्रा घोड़ा बैंड बाजा के साथ निकाली गई. कलस यात्रा में करीब 1151 कुमारी कन्याए सहित महिला पुरुष शामिल हुए।मंदिर परिसर से कलस लेकर मसौढ़ी पाली रोड होते हुए देवरिया मोड़ स्थित पुनपुन नदी के किनारे पहुंची।जहां से राम प्रपन्नाचार्य महराज के द्वारा कलस में जल भरा गया।इसके बाद वापस लौटते समय में गुजरते हुए जय श्रीराम,जय मां भगवती के जयकारों के साथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा मंदिर परिसर में पहुंची। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिन कलस यात्रा द्वितीय दिन प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान वं तृतीय दिन पूणार्हुति सह भंडारा का आयोजन किया जाएगा।इस मौके पर सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सुधीर रामबचन सिंह पूर्व मुखिया शम्भु शर्मा कुंदन शर्मा रंजय शर्मा पिंटू शर्मा पूर्व विधायक अरुण मांझी मसौढ़ी के कुमार फागू मुखिया मुखिया पति ओमप्रकाश उर्फ लालू पैक्स अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद राधे यादव जिला परिषद सदस्य उपेन्द्र बिंद मुकेश शर्मा रजनीश शर्मा दीपक शर्मा सहित अन्य श्रद्धाल भी उपस्थित रहे।

# कंगन घाट में मल्टी लेवल पार्किंग व कॉरिडोर को ले डीएम ने किया निरीक्षण

- जेपी पथ से कंगन घाट होते अशोक राजपथ का होगा चौड़ीकरण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह अधिकारियों व पदाधिकारी के साथ पटना सदर एवं पटना सिटी अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों का बुधवार को निरीक्षण किया। साथ ही स्थानीय लोगों से फीडबैक लेते हुए गंगा पथ के किनारे अतिक्रमण को पूरी तरह से मुक्त कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि पार्किंग का विकास, हरित विकास और अतिक्रमण मुक्त योजना चल रही है। इसमें जरूरत के अनुसार यू टर्न, पार्किंग, हरित क्षेत्र का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गंगा नदी क्षेत्र के असर्वेक्षित भूमि में अनेक स्थान पर अतिक्रमण कर लिया गया है एवं असामाजिक तत्वों के द्वारा निहित स्वार्थ से प्रेरित होकर अवैध ढंग से संरचनाओं का निर्माण भी किया जा रहा है। डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह ने बुधवार को कंगन घाट से तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब एवं आसपास के क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यहां देश-विदेश से हजारों की संख्या में संगत, श्रद्धालु एवं पर्यटक आते हैं। जन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए यहां मल्टी लेवल पार्किंग एवं डेडिकेटेड कॉरिडोर का निर्माण कराया जाना है। यह योजना विचाराधीन है। इसके लिए सभी आवश्यक कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अपर जिला दंडाधिकारी नगर व्यवस्था को निर्देशित किया कि सारे प्रबंधन को सुधार करने के लिए नियमित तौर पर अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया जाए, ताकि आम जनता को यातायात जाम आदि समस्या का सामना नहीं करना पड़े। जिलाधिकारी ने कंगन घाट में सरकारी और असर्वेक्षित जमीन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गंगा नदी पर बने जेपी पथ से कंगन घाट होते हुए अशोक राजपथ की ओर जाने वाले रास्ते का चौड़ीकरण किया जाएगा। साथ ही कंगन घाट में मल्टी लेवल पार्किंग के निर्माण की योजना है। इससे यह होगा कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को अपने वाहनों का पार्किंग करने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही सरकार की योजना यहां कॉरिडोर बनाने की भी है। निरीक्षण के दौरान पटना सिटी एसडीओ सत्यम सहाय, डीसीएलआर अभिलाषा कुमारी, नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष कुमार के साथ ही तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही आदि मौजूद थे।

# लेबर रूम, ओटी, ब्लड बैंक, एसएनसीयू, पैथो लैब, इमरजेंसी आदि का होगा सर्टिफिकेशन



- गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल का किया गया असेस्मेंट

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

स्टेट एनक्यूएएस मेंटर, नेशनल असेसर विजय झा (सदर अस्पताल, सीतामढ़ी के प्रबंधक) द्वारा गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल का असेसमेंट किया गया। लेबर रूम, लेबर ओटी, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड , ब्लड बैंक, एसएनसीयू, पैथोलॉजिकल लैब, ऑक्सीलियरी सर्विस, जेनरल एडमिन, इमरजेंसी और फामेर्सी डिपार्टमेंट का प्रथम चरण में सर्टिफिकेशन कराया जाएगा। उनके द्वारा अस्पताल के सभी कार्यशैली को देखा व समझा गया। इसमें सदर अस्पताल के 20 डिपार्टमेंट के गैप/एरिया ऑफ इम्प्रूवमेंट को चिन्हित किया गया। इसे क्लोज/डेवलप करने के लिए एक्शन प्लान बनाया गया। इसमें लेबर रूम, लेबर ओटी, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड , ब्लड बैंक, एसएनसीयू, पैथोलॉजिकल लैब, ऑक्सीलियरी सर्विस, जेनरल एडमिन, इमरजेंसी और फामेर्सी डिपार्टमेंट का प्रथम फेज में अगले माह फरवरी तक सर्टिफिकेशन कराने का लक्ष्य सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ नरेश कुमार चौधरी, डॉ गौरी शंकर, डॉ उमा शंकर, डॉ निशा, डॉ अमित कुमार, अस्पताल प्रबंधक शब्बीर खान, नर्सिंग ऑफिसर विभा कुमारी, सविता कुमारी, सुप्रिया कुमारी, तनवीर अहमद, लैब टेक्नीशियन निशी एनल, पुष्पा कुमारी और पीरामल स्वास्थ्य से दीपिका राणा, अनामिका भारद्वाज, वीणा कुमारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# रंजीत उर्फ दही गोप की हत्या वर्चस्व को लेकर की गई थी

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत छावनी परिषद के पूर्व पार्षद रंजीत कुमार उर्फ दही गोप की हत्या वर्चस्व को लेकर की गई थी।मुख्य आरोपी राहुल कुमार गुप्ता उर्फ राहुल जनरेटर ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया। सिटी एसपी पश्चिम आरएस सरथ ने बुधवार को दानापुर थाना में संवाददाताओं को बताया कि रंजीत व गोरख हत्याकांड का वैज्ञानिकअनुसंधान एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पेठिया बाजार निवासी राहुल जनरेटर और शुभम कुमार उर्फ चड्डा को नागपुर से गिरफ्तार किया गया। इससे पहले घटना में शामिल दो लाईनर अंकित कुमार गुप्ता और अंकित राजपूत को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।एसपी सारथ ने बताया कि दिए बयान में राहुल ने बताया कि पिता स्व बबलू गुप्ता के हत्या कराने में रंजीत आशंका बनी हुई थी। छानबीन में वर्चस्व समेत अन्य बातें सामने आई है। जिसको लेकर अनुसंधान जारी है। दोनों के पास से एक देशी पिस्टल,तीन कारतूस, एक डोंगल बरामद किया गया है। राहुल के खिलाफ दानापुर थाना में आठ, दीघा थाना में एक और फुलवारी शरीफ थाना में एक मामले दर्ज हैं। तीन मामले में फरार चल रहा था। बताया कि घटना के अन्य बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है। शामिल हर एक को गिरफ्तार किया जाएगा।जबकि चड्ढा के खिलाफ दानापुर में दो,दीघा में एक, फुलवारी शरीफ में एक और शाहपुर थाना में एक मामला दर्ज है। सूत्रों की मानें तो पिता के हत्या का बदला लेने से ज्यादा बाजार में वर्चस्व स्थापित करना था।कारण कि जब से रंजीत कुमार छावनी परिषद के वार्ड एक यानि दानापुर बाजार तब से चुनाव लड़ने लगा।दुकानदारों के सुख-दुख में आगे रहने लगा।जो बातें अन्य अपराधकर्मी को खल रही थी।बता दें कि 21 दिसंबर को देर शाम को अपराधियों ने पेठिया बाजार में घर के पास छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रंजीत कुमार उर्फ दही गोप पर जानलेवा हमला किया गया था।रंजीत को मदद करने आए पड़ोसी गोरखनाथ को भी अपराधियों ने गोली मार दिया था।जिससे गोरख की मौके पर ही मौत हो गई थी।जबकि रंजीत गंभीर रूप से जख्मी हो गया था।तीन दिन बाद चार के दौरान हो गई थी।

# भाजपा बिक्रम मंडल कार्यसमिति की हुई बैठक



प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम : भाजपा बिक्रम मंडल कार्य समिति की बैठक बुधवार को हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में मजबूती के साथ चुनाव लड़ने तथा बिक्रम विधानसभा को जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में शामिल हुए संगठन मंत्री विनोद तावडे के सहयोगी अभिषेक कुमार व अखिलेश ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को विधानसभा चुनाव तक हर घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। बैठक में बूथ स्तर पर अध्यक्षों के चुनाव व संगठन की मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया गया` कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अभिषेक रंजन ह्यमोंटीह्व व संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कियां मौके पर नौबतपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शंकर शर्मा. बिहटा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नागेंद्र कुशवाहा समेत कई अन्य मौजूद रहे।

# मोबाइल छीनने के आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी !फोन पर बात कर रहे एक युवक का मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए थे।मोबाइल फोन छीनने के आरोप में मसौढ़ी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपी धनरूआ थाना क्षेत्र के श्यामदेव बिंद के पुत्र सूरज कुमार व मसौढ़ी थाना क्षेत्र के सोनकुकरा गांव निवासी गजाधर बिंद के पुत्र नीतीश कुमार है।पुलिस ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति द्वारा थाना में शिकायत दी थी। जिसमें उसने बताया था कि अज्ञात युवकों ने मोबाइल फोन छीन लिया है।आरोपियों ने घटना को उस समय अंजाम दिया जब वह फोन पर अपने परिचित से बात कर रहा था। फोन छीनने के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था।इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपी को मंगलवार की शाम को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया,कोर्ट ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

# शराब के साथ तीन स्कूटी व बाइक जब्त, एक गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना की पुलिस ने दिवा गश्ती के दौरान अवैध शराब के विरुद्ध विशेष छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान तीन स्कूटी पर देसी महुआ शराब लदा हुआ पकड़ा गया। वहीं दूसरी ओर एक मोटरसाइकिल सवार को विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया की दिवा गश्ती के दौरान तीन स्कूटी, जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 22एई 4985, बीआर 01डीसी 1569 और बीआर 01सीई 1389 पर लदा 210 लीटर देसी महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है। इस संबंध में पुलिस के द्वारा मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। वहीं एक अन्य घटना में वाहन जांच के दौरान मालसलामी थाना क्षेत्र के रिकाबगंज के रहने वाले मनीष कुमार को विदेशी शराब के साथ पकड़ा गया है। साथ ही मोटरसाइकिल, जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01डीएस 2325 को जब्त किया गया है। तलाशी के दौरान पकड़े गए व्यक्ति के पास से 180 एमएल के टेट्रा पैक का तीन पैकेट विदेशी शराब बरामद किया गया।

# राष्ट्रीय जागृति संस्थान ने युवा पीढ़ी को "राष्ट्रपुत्र" नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की गौरवशाली विरासत से परिचित कराने का संकल्प लिया



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। देश के राष्ट्रपुत्र नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती, जो देश में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाती है, के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय जागृति संस्थान एवं इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर ने संयुक्त रूप से इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर के सभागार में 19 जनवरी 2025, रविवार को एक भव्य नाटक का मंचन किया। यह नाटक ह्वराष्ट्रपुत्रह्व नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन पर आधारित था। उक्त आयोजन के मुख्य अतिथि सलमान खुर्शीद थे, जो एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, अधिवक्ता, लेखक तथा इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर के अध्यक्ष हैं। मुख्य अतिथि एवं उपस्थित जनसमूह, जिनमें अधिकतर युवा थे, ने नाटक की बहुत सराहना की। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में युवा कलाकारों की सराहना करते हुए राष्ट्रीय जागृति संस्थान के महासचिव अभय कश्यप, जो इस नाटक के लेखक भी हैं, को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह मंचन अत्यंत प्रभावशाली है और इससे देश की युवा पीढ़ी को अपने जननायकों को समझने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि इस नाटक को देशभर में प्रदर्शित किया जाना चाहिए ताकि युवाओं को अपने राष्ट्र के नायकों के जीवन और उनके योगदान को गहराई से समझने का अवसर मिल सके। राष्ट्रीय जागृति संस्थान ने युवा पीढ़ी को राष्ट्रपुत्र नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की गौरवशाली विरासत से परिचित कराने का संकल्प लिया है। संस्थान ने देश के अन्य महान नायकों, जैसे आचार्य नरेंद्र देव और पुष्यमित्र शुंग, के जीवन पर आधारित नाटकों की एक श्रृंखला तैयार करने का भी निर्णय लिया है। इस पहल के माध्यम से संस्थान देश के युवाओं को उनके प्रेरणादायक इतिहास से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।

## मत्स्य विभाग ने मुंगेर में संचालित केन्द्र एवं राज्य योजनाओं की प्रगति पर की समीक्षात्मक बैठक

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। निदेशक मत्स्य की अध्यक्षता में राज्य एवं केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। सर्वप्रथम ठत्त्रद्ध पर निबंधन सबंधित समीक्षा की गई। निदेशक मत्स्य ने प्रत्येक प्रखंडवार लक्ष्य निर्धारित कर निबंधन करने का निदेश दिया। वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के राज्य एवं केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला मत्स्य पदाधिकारी, मुंगेर ने जिला को निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध अद्यतन प्रगति एवं उपलब्धि से निदेशक मत्स्य को अवगत कराया गया। प्राप्त उपलब्धि पर निदेशक मत्स्य ने संतोष प्रकट किया गया तथा जिला मत्स्य पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत सभी अवयवों को जनवरी माह के अंत तक पूरा करे। निदेशक महोदय के द्वारा निदेश दिया गया कि सभी क्षेत्रीय प्रभारी (मत्स्य प्रसार पदाधिकारी एवं मत्स्य विकास पदाधिकारी) को शेष रह गये लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत आवेदन सृजित कर कायादेश निर्गत करने का निदेश दिया गया। साथ हीं कृत कार्यों को टक्र ढङ्ग१३' पर लाभुकों की विवरणी एवं उपलब्धि को सभी संबंधित प्रक्षेत्र प्रभारियों को अद्यतन अपलोड करने का निदेश दिया गया। बैठक में नोडल पदाधिकारी, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, उपस्थित थे।

## हाथीदह थाना की पुलिस ने 4 हजार 1 सौ बोतल कोडिन युक्त सिरप किया बरामद

एंकर : नशे के विरुद्ध पटना पुलिस द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई में एक फिर बड़ी सफलता मिली है। बाढ़ अनुमंडल के हाथीदह थाना क्षेत्र में 4 हजार 1 सौ बोतल प्रतिबंधित कोडिन युक्त सिरप पुलिस ने बरामद की है। हाथीदह थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गश्ती के दौरान सब इंस्पेक्टर सुरेश प्रसाद चौधरी ने हाथीदह बाईपास में एक टायर दुकान के पास झाडी में दर्जनों कार्टून देखा जिसे खोलकर देखा गया तो उसमें कोडिन युक्त सिरप बरामद हुआ। जो लावारिश हालत में पड़ा हुआ था। पुलिस ने आसपास के दुकानदारों से पूछताछ कि परंतु किसने और कब रखा इसकी सही जानकारी नहीं मिली। लिहाजा पुलिस द्वारा सभी 35 कार्टून को जब्त कर लिया गया और अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर तस्कर की तलाश की जा रही है। वहीं जब्त कोडिन युक्त सिरप का सैंपल जाँच के लिए सम्बंधित लैब को भेज दिया गया है।

## जिंदगी की दूसरी पारी के लिए करें नेत्रदान : गंगा प्रसाद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौकशिकारपुर निवासी श्री गटरूमल कानोडिया के देहांत के बाद दधीचि देहदान समिति की पहल से परिवार ने नेत्रदान कराया। बुधवार को उनके आवास पर दधीचि देहदान समिति के अध्यक्ष सह पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, पूर्व महासचिव पद्मश्री बिमल कुमार जैन एवं समिति के सदस्यों द्वारा धार्मिक, परोपकारी परिवार को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। उनके तीन पुत्र गोविंद कानोडिया, गिरधर कानोडिया, राजेश कानोडिया तथा परिवारजनों के सहयोग से नेत्रदान की पहल की गई थी। स्मृतिशेष गटरूमल कानोडिया की आखों से कम से कम दो नेत्रहीनों को दृष्टि मिल सकेगी। गोविंद कानोडिया समिति के सचिव भी हैं। महासचिव पद्मश्री बिमल जैन ने उपस्थित परिजनों को कहा कि मृत्यु सुनिश्चित है, परन्तु इसके बाद भी अमर होने का श्रेष्ठ तरीका है नेत्रदान। समिति के अध्यक्ष गंगा प्रसाद ने शोकसभा में आए लोगों का आह्वान किया कि महर्षि दधीचि कि इस अंगदान की परम्परा को पुनर्जीवित करें तथा पीड़ित मानवता की सेवा में अपना योगदान दें। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव, कोषाध्यक्ष प्रदीप चौरसिया, अरुण सत्यमूर्ति, मुकेश हिसारिया, सुषमा साहू, विनीता मिश्रा, आनंद प्रधान, पवन केजरीवाल, शैलेश महाजन, नंदकिशोर यादव, विवेक माथुर, प्रदीप जैन आदि ने पुष्पांजलि अर्पित कर विनयांजलि अर्पित की।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरुवार, 23 जनवरी, 2025



शीघ्र पूरा होगा पटना जंक्शन से जीपीओ गोलम्बर के बीच सबवे का निर्माण

# डबल इंजन की सरकार से साकार हो रहा स्मार्ट सिटी का सपनाः विजय

## सबवे के निर्माण से महावीर मंदिर के श्रद्धालुओं को होगी सहुलियत, मीठापुर-महुली ऐलिवेटेड कोरिडोर निर्माण से यात्रा होगी सुगम

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। पथ निर्माण मंत्री ने बुधवार को स्मार्ट सिटी योजना के तहत पटना जंक्शन के पास मल्टी मॉडल हब के अंतर्गत निमाणार्धीन भूमिगत सबवे का स्थलीय निरीक्षण किया। इस सबवे का निर्माण बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, पथ निर्माण विभाग के द्वारा किया जा रहा है। यह सबवे पटना जंक्शन के समीप महावीर मंदिर से जीपीओ गोलम्बर के बीच भूतल एवं भूमिगत पैदल यात्रियों की यात्रा के लिए वरदान साबित होगा। यह परियोजना न केवल यातायात की समस्या का समाधान करेगी, बल्कि यह लोगों के जीवन को भी आसान बनायेगी। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने विकसित बिहार के निर्माण में सहयोग हेतु प्रधानमंत्री का आभार जताया और कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में विभाग प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि इस परियोजना के पूर्ण होने से आस-पास की इलाको में वायु प्रदुषण में भी कमी आयेगी, जिससे लोगो का स्वास्थ्य बेहतर होगा। विभागीय पदाधिकारियों को यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करने का निदेश भी दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि पटना जंक्शन क्षेत्र में यात्रियों एवं महावीर मंदिर में श्रद्धालुओं के आवागमन से हमेशा जाम की समस्या रहती है। सबवे के निर्माण से इस क्षेत्र की आवागमन सुचारू होगी एवं जाम की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही भीड़ वाली यह स्थान सुंदर एवं सुव्यवस्थित होगी। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि सबवे की कुल लम्बाई 440 मीटर एवं चौड़ाई 7.00 मीटर है। सबवे में चार ट्रेबलेटर है जिसकी लम्बाई 18.00 मीटर, 30.00 मीटर, 45.00 मीटर एवं 55.00 मीटर है। कुल 148.00 मीटर की दूरी बिना पैदल चले पुरी की जा सकेगी। इसके निर्माण से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं निशक्त व्यक्तियों को काफी सुविधा होगी। सबवे के प्रवेश एवं निकास द्वार पर यात्रियों की सुविधा हेतु 2 स्केलेटर एवं 2 लिफ्ट का प्रावधान किया गया है। साथ ही इसमें तीन प्रवेश / निकास की सुविधा उपलब्ध होगी। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि सबवे में सभी सुरक्षात्मक प्रावधान किये गये हैं। यह सबवे विद्युत आपूर्त्ति, ऑक्सीजन, आपाताकाल में फायर सेफ्टी, सीसीटीवी कैमरा, जल निकासी आदि सभी सुरक्षात्मक व्यवस्था से सुसज्जित होगी। किसी भी मौसम अथवा परिस्थिति में इस सबवे से आवागमन सुगम एवं सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इस टनल में 24.7 सुरक्षा प्रहरी की भी व्यवस्था रहेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निमाणार्धीन इस सबवे को शीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया गया है कि ससमय गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित किया जाय, ताकि आमजनों को यह सुविधा शीघ्र उपलब्ध हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आमजनों के लिए सुगम एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है और इसमें यह सबवे मील का पत्थर साबित होगी। उप मुख्यमंत्री द्वारा आज मीठापुर-महुली-पुनपुन ऐलिभेटेड कोरिडोर के निर्माण कार्य का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस कोरिडोर की लम्बाई 10 किमी से अधिक होगी जिसमें ऐलिभेटेड कोरिडोर लगभग 07 किमी से अधिक होगा। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि मीठापुर-महुली-पुनपुन ऐलिभेटेड कोरिडोर के निर्माण से मीठापुर एवं उसके आस-पास स्थित महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों को जाम से मुक्ति मिलेगी। दक्षिण बिहार से पटना आने वाले यात्रियों के लिए भी यह कोरिडोर सुगम यातयात का माध्यम बनेगा।



# 243 सीटों को फतह करने के लिए एनडीए कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार : दिलीप

## महागठबंधन के पास न नीति है, न नियत, उनकी खुद की कोई गारंटी नहीं

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने बुधवार को कहा कि हम देश की एकता और संस्कृति के लिए काम करते हैं। भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम, दूसरे नंबर पर पार्टी, व्यक्ति तीसरे नंबर पर है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज एनडीए घटक दलों के जोश से भरे कार्यकताओं में जो उत्साह दिख रहा है, उससे साफ है कि हमारी तैयारी 243 सीटों को फतह करने की है। यह जोश इस तैयारी को परिणाम में बदलने के लिए भी सक्षम है। दरअसल, एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का कारवां आज प्रथम चरण के अंत में गोपालगंज के भीएम.मैदान पहुंचा, इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे और एकजुटता का संदेश दिया। इस मौके पर घटक दलों के सभी प्रदेश अध्यक्षों ने कार्यकताओं को सभी सीटों पर जीत दर्ज कराने का संकल्प दिलाया।

इस दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित कार्यकताओं ने 2025 में फिर से नीतीश का संकल्प दोहराया। अध्यक्षों ने अपने कार्यकताओं में जोश भरा और विधानसभा चुनाव की तैयारी करने का आह्वान किया। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि हम व्यक्ति के लिए नहीं, विचार और राष्ट्र के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन में शामिल घटक दलों के पास न नीति है और न ही उनकी नियत ठीक है। उन्होंने कांग्रेस और राजद पर तंज कसते हुए कहा कि वे कभी अपने कार्यकताओं के साथ भी न्याय कर दें। लेकिन वे ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि उनकी खुद की गारंटी नहीं है, वे उसकी गारंटी क्या देंगे? उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने विकास और सुशासन को चुना है, और यह सिलसिला अगले विधानसभा चुनाव में भी जारी रहेगा। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के अंदर हुए विकास की चर्चा आज देश में हो रही है। लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि नालंदा से ही मगध साम्राज्य के रूप में अखंड भारत का निर्माण हुआ था। नालंदा के लाल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए गए कार्य अतुलनीय हैं। हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता चुनावी मोड में आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि हाल में ही हुए उपचुनाव को विपक्ष ने सेमी फाइनल कहा था, सेमी फाइनल का परिणाम ने फाइनल के परिणाम के भी स्पष्ट संकेत दे दिए हैं। रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने बूथ जीतो चुनाव जीतो की तर्ज पर विधानसभा चुनाव की तैयारी करने की अपील की।

जयंती पर स्मृति-शेष कवि विजय अमरेश भी किए गए याद

# बिहार में हिन्दी के सबसे बड़े ध्वज-वाहक थे डा. लक्ष्मी नारायण सुधांशु

## साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ कवि-सम्मेलन

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। बिहार में हिन्दी भाषा के सबसे बड़े ध्वज-वाहक थे डा लक्ष्मी नारायण सुधांशु। उनके ही प्रयास से बिहार की यह राजकीय भाषा बनी। राष्ट्र भाषा परिषद और हिन्दी प्रगति समिति की स्थापना के भी वे ही मुख्य सूत्र-धार थे। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर को राज्यसभा में भेजने और प्रो सिद्धेश्वर प्रसाद जैसे नेता को राजनीति में लाने वाले स्तुत्य राजनेता भी थे सुधांशु जी। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र और राष्ट्रभाषा के लिए समर्पित कर दिया था। वे बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन और बिहार विधान सभा के भी अध्यक्ष रहे। राजनीति में उनका आदर्श महात्मा गांधी और हिन्दी-सेवा में उनका आदर्श राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन थे। राजनीति और हिन्दी, उनके लिए देश-सेवाकी तरह थी।

यह बातें, शनिवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती-समारोह और कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि हिन्दी के लिए वे किसी भी तरह का त्याग करने के लिए तत्पर रहा करते थे। स्मृति-शेष कवि विजय अमरेश को स्मरण करते हुए डा सुलभ ने कहा कि अमरेश जी मृदुभावों के एक अत्यंत प्रतिभावान कवि और पटकथा लेखक थे। आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए उन्होंने अनेकों धारावाहिक लिखे। वे मंचों के भी लोकप्रिय संचालक और उद्घोषक थे। उनकी वाणी में सम्मोहन था। सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा ने कहा कि सुधांशु जी साहित्य और राजनीति के सेतु और आदर्श थे। वे राजनीति में शुचिता के प्रबल पक्षधर थे। वरिष्ठ कवि डा रत्नेश्वर सिंह, भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी और कवि बच्चा ठाकुर, गीतिधारा के प्रसिद्ध कवि प्रणव पराग, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, सुनीता रंजन, नीता सहाय, आनन्द किशोर मिश्र, ई अशोक कुमार, सदानन्द प्रसाद, बाँके बिहारी साव, अरविन्द कुमार वर्मा, शंकर शरण आर्य, सूर्य प्रकाश उपाध्याय आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी सुमधुर रचनाओं से आयोजन को रसमय बना दिया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन प्रबंधमंत्री कृष्ण रंजन सिंह ने किया। सम्मेलन के प्रशासी अधिकारी नन्दन कुमार मीत, हरि कृष्ण सिंह मुन्ना, राम प्रसाद ठाकुर, तारकेश्वर पाण्डेय, सरोज कुमार, डा चंद्रशेखर आजाद आदि प्रबुद्धजन समारोह में उपस्थित थे।

# नीतीश सरकार में बिहारी कहलाना स्वाभिमान का विषयः श्रवण

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच और विजन को दिल्ली के जन-जन तक पहुंचाएंगे। जिसका फायदा जदयू सहित समस्त एनडीए गठबंधन को दिल्ली विधानसभा चुनाव में होगा। मंत्री उक्त बातें जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में कही। आगे उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि गांव-गांव में सर्वे के जरीए आवास विहीन परिवारों की पहचान होगी और उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। केंद्र और राज्य सरकार जनहित के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील और ईमानदार है। मंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है और ना ही उन्हें आम जनता की कोई चिंता है। राजद के जंगलराज में अन्य प्रदेशों में स्वयं को बिहारी कहना अपमान का विषय होता था लेकिन अब देश-दुनिया में हमारे राज्य की छवि पूरी तरह से बदल चुकी है, आज बिहारी कहलाना स्वाभिमान का विषय है और यह हमारे नेता की देन है। इससे पहले श्रवण कुमार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उक्त मौके पर विधायक ललित नारायण मंडल, वरीय नेता प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी एवं प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह मौजूद रहें।

# एबी इनबेव ने की 250 मिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा : चिराग



प्रात: किरण संवाददाता

पटना। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने स्विट्जरलैंड के दावोस मे पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के माध्यम से हमलोगों ने पेय पदार्थों के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर कुछ और सहयोग किया है। पेय पदार्थों के क्षेत्र में एबी इनबेव द्वारा लगभग 250 मिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा हुई है। आने वाले दो से तीन वर्षों में वे हमारे देश के विभिन्न राज्यों में पेय पदार्थों के क्षेत्र में लगभग 250 मिलियन डॉलर का निवेश करेंगे। ये वही निवेश हैं जिनकी हमें विश्व आर्थिक मंच से उम्मीद है। विभिन्न राज्यों में वे समय के साथ अपने एमओयू पर हस्ताक्षर करेंगे। पेय पदार्थों के क्षेत्र में ये निवेश भारत के लिए मिल के पत्थर साबित होगें। इससे रोजगार का सृजन भी होगा और देश के आर्थिक विकास को गति भी मिलेगी।


बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना।

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–18 वर्ष–2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–1 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि: 04.02.2025 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 05.02.2025 3:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 05.02.2025 (3:30 बजे अपराहन)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1. विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना। 2. विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल दक्षिण बिहार, पटना। 3. सहायक विद्युत अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अवर–प्रमंडल सं0–2, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि 2% | परिणाम विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Replacement of LT cable from main panel to sub panel in South side at vikash bhawan patna | 1150000.00 | 23000.00 | 2500.00 | 10 Days |
| 2 | S/R to E/I in sale Tax office in joint commissioner chamber and corridor at ground floor patna | 315000.00 | 6300.00 | 750.00 | 10 Days |
| 3 | Replacement of Damage fitting and patch work in sale Tax office in joint commissioner chamber and corridor,different room at fourth floor floor patna | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | 10 Days |
| 4 | S/R to E/W and E/I along with patch work in campus and garden light in 4M strand road patna | 800000.00 | 16000.00 | 1250.00 | 10 Days |
| 5 | Additional electrical work in qtr.No.26M strand road, patna | 325000.00 | 6500.00 | 750.00 | 10 Days |
| 6 | Renovation to E/I along with campus light In 4 No. south Bailey Road | 470000.00 | 9400.00 | 750.00 | 10 Days |
| 7 | S/R To E/I in Newely constructed shed in RJD office at 2 no bcp marg patna | 406000.00 | 8200.00 | 750.00 | 10 Days |
| 8 | Estimate for E/I in garden light at 14 no. BCP marg patna | 349800.00 | 7000.00 | 750.00 | 10 Days |
| 9 | S/R To E/I in office and hall ,bathroom situated at 1st floor north side of JDU Office at BCP marg | 410000.00 | 8200.00 | 750.00 | 10 Days |
| 10 | S/R to E/I in Room no.-17 at vikash bhawan patna | 643000.00 | 13000.00 | 1250.00 | 10 Days |
| 11 | Estimate for E/W to E/I in 4 Nos Pota Cabin in the Campus of Civil Court, Patna Sadar, Patna | 63500.00 | 1300.00 | 500.00 | 10 Days |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना

PR- 017828 ( BCD ) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–61 वर्ष–2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–3 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 04.02.2025 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 05.02.2025 3:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 05.02.2025 (3:30 बजे अपराहन)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–3, भ0 नि0 वि0, पटना / सहायक विद्युत, अभियंता, विद्युत कार्य अवर प्रमंडल गर्दनीबाग / विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल, दक्षिण बिहार, भ0 नि0 वि0, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लाख में | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | SITC of Split AC, etc in Room No.-293 of Kara Vibhag at 1st Floor of Old Sectt., Patna. | 7,49,487.00 | 15,000.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 2. | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Split A.C. in Different Room of Home Deptt., South Wing Ground Floor at Old Sectt., Patna. | 14,75,650.00 | 29,600.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 3. | S/R with addition & alteration in Room No. 181, 183 (IG Chamber) and Corridor of Home Deptt., South Wing Ground Floor at Old Sectt., Patna. | 10,10,313.00 | 20,300.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 4. | S/R with addition & alteration in Room No. 184, 185, 186, 1A & Ladies Waiting Room of Home Deptt. South Wing Ground Floor Old Sectt., Patna. | 11,74,429.00 | 23,500.00 | 2500.00 | 15 Days |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना

PR. No.17580 (BCD) 2024-25

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन प्रमंडल उच्च न्यायालय,
भवन निर्माण विभाग, पटना

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–08 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 07.02.2025 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 08.02.2025 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 08.02.2025 को 3:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (ग) सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (केवल (ओ–ग्रास) के माध्यम से) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing & painting of marble hall (F.F) of main building of Patna High Court, Patna | 570100.00 | 11500.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 2 | Repair, painting and marble cutting, polishing in 2nd floor of Centenary Building in the campus of Patna High Court, Patna (Part-1) | 1076900.00 | 21600.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 3 | Repair of PCC work near portico in Centenary building of Hon'ble High Court, Patna | 161149.00 | 3300.00 | 500.00 | 02 माह |
| 4 | Necessary repairing works in bathrooms of three servent quarters in Hon'ble Judges Residence no. 3 Anney Marg, Patna | 1283753.00 | 25700.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 5 | S/R to ornamental fitting of doors and windows in main building of residence no. 02 at Anne marg, Patna (Change of Occupancy) | 708000.00 | 14200.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 6 | S/R to bathroom tiles, cupboard and fitting etc at 13M Strand Road, Patna | 984567.00 | 19700.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 7 | S/R to UPVC door and window 13M Strand Road, Patna | 733311.00 | 14700.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 8 | S/R to cowshed covered with durashine sheet and outer side drain in the campus of residence no. 02 at Anney marg, Patna (Change of occupancy) | 848830.00 | 17000.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 9 | S/R to shed (for sitting purpose) in back side of garden in the campus of Residence no. 14M at Strand Road, Patna (Occupied by Hon'ble Judges Residence) | 1246065.00 | 25000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 10 | S/R to renovation of staff quarter in residence no. 3 at Birchand Patel Path, Patna (Occupied by Hon'ble Judges Residence) (Change of Occupancy) | 1499726.00 | 30000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 11 | S/R to bathroom for staff, visitors shed and heavy duty tiles in approach road in Residence no. 03 at Birchand Patel Path, Patna (Occupied by Hon'ble Judges Residence) (Change of Occupancy) | 997556.00 | 20000.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 12 | S/R to footpath west side of main building around compound wall and PCC work in Residence no. 02 at Taylor Road, Patna (Occupied by Hon'ble Judges Residence) | 1261200.00 | 25300.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 13 | S/R to footpath east side of main building around compound wall and tree gavian in Residence no. 02 at Taylor Road, Patna (Occupied by Hon'ble Judges Residence) | 1128900.00 | 22600.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 14 | S/R to main building (inner portion) of Residence no. 01 at Circular Road, Patna (Occupied by Hon'ble Judges Residence) (Change of Occupancy) | 1459300.00 | 29200.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 15 | S/R to wardrobe work in main building of Residence no. 01 at Circular Road, Patna (Occupied by Hon'ble Judges Residence) (Change of Occupancy) | 1443600.00 | 28900.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 16 | S/R to wardrobe in dinning hall and other room in main building of Residence no. 9 at Circular Road, Patna (Change of occupancy) | 1261783.00 | 25300.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 17 | S/R to main building, out house and compound wall in Residence no. B3/62 at Bailey Road, Patna (Change of Registrar Residence) (Change of Occupancy) | 625000.00 | 12600.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 18 | S/R to main building Residence no. 05 south bailey Road, Patna (Change of occupancy) (Occupied by Registrar Establishment, Sri Ram Lal Sharma) | 406500.00 | 8200.00 | 750.00 | 02 माह |
| 19 | S/R to staff quarter no. 12 to 16 (5 Units) in Residence no. 09 at Circular Road, Patna (Occupied by Hon'ble Judges Residence) | 1043900.00 | 20900.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 20 | S/R to footpath, APP work, Drain cover, staff quarter and garrage in Residence no. 30 at Harding Road, Patna (Change of Occupancy) | 1048908.00 | 21000.00 | 2500.00 | 02 माह |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना

PR- 017635 ( BCD ) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## संक्षिप्त खबरें

### विवेकानंद लाइफ टाइम एचीवमेंट अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किये गए डॉ महेश चंद्र चौरसिया

हवेली खड़गपुर(कोर्ट)। शिक्षाविद एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. महेशचंद्र चौरसिया को ह्यस्वामी विवेकानंद लाइफ टाइम एचीवमेंट अंतरराष्ट्रीय सम्मानह्व विश्व साहित्यकार महासभा, इंदौर, हिन्दी सेवा समिति, उड़ीसा, विश्व हिन्दी साहित्य, संगीत, कला, संस्कृति अकादमी, इंदौर एवं विश्व हिन्दी प्रचारिणी सभा इंदौर ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया है। यह सम्मान हिन्दी साहित्य सेवा, शिक्षा, कला संस्कृति तथा समाज के अन्य क्षेत्रों में योगदान के लिए दिया गया है। डॉ चौरसिया विश्वविद्यालय सेवा काल में लगातार 12 वर्ष तक राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समस्तीपुर जिला में पांच दलित एवं पिछड़े गांवों में अनेक जागरुकता कार्यक्रम कराये। हवेली खड़गपुर के नरेन्द्र सिंह कालेज में भी 11 साल हिन्दी प्राध्यापक के रूप में इन्होंने ने सेवा दी। खड़गपुर में पहली बार संतरण पत्रिका निकाल कर इन्होंने इस क्षेत्र में साहित्य को नई उर्जा प्रदान की। यह सम्मान मिलने पर अनेक बुद्धिजीवियों एवं साहित्यकारों ने उन्हें बधाई दी हैं।

### पीडीएस डीलर का लाइसेंस रद्द

बेनीपुर(दरभंगा)। एसडीएम शंभूनाथ झा ने पत्र जारी कर अलीनगर प्रखंड के हरियठ गांव के पीडीएस डीलर मो अयाज अहमद का लाइसेंस रद्द कर दिया है। जारी पत्र में कहा गया है कि पीडीएस डीलर एक स्थानीय विक्रेता से साठ-गांठ कर पीडीएस दुकान का खाद्यान्न बेच रहा था, जिसे स्थानीय पुलिस ने पकड़ कर मामले में जांच शुरू की है। जांच में पाया गया कि 55 बोड़ा सरकारी अनाज गायब किया जा रहा था। इस मामले में पूरी जांच के बाद सत्य होने पर पीडीएस डीलर का लाइसेंस रद्द किया गया तथा उच्चाधिकारी को इसकी सूचना दी गई।

### जननायक कर्पूरी ठाकुर के पैतृक गांव में चिकित्सा शिविर का आयोजन

भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की 101वीं जयंती के अवसर पर उनके पैतृक गांव कपूर्रीग्राम में श्री रामचंद्र सेवा ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने शिरकत हुए और डॉ. मनोज कुमार सिंह तथा उनकी टीम की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. मनोज सिंह और उनकी टीम द्वारा जिला के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किए जा रहे निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का योगदान अत्यंत सराहनीय है, जो ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद कर रहे हैं। श्री रामचंद्र सेवा ट्रस्ट के संस्थापक एवं जिला के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने कहा, मुझे गर्व है कि जिस जिला में जननायक कपूर्री ठाकुर का जन्म हुआ, उसी जिला में मेरा भी जन्म हुआ। आज मुझे यह अवसर मिला कि मैं ठाकुर जी की 101वीं जयंती के अवसर पर उनके पैतृक गांव में यह शिविर आयोजित कर रहा हूं। डॉ. सिंह ने केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर का आभार भी व्यक्त किया, जिनकी व्यस्तता के बावजूद इस शिविर में उपस्थिति रही। इस शिविर में मोरवा के पूर्व विधायक विद्यासागर निषाद, समस्तीपुर जिला के नगर जदयू अध्यक्ष शकुंतला वर्मा, अनिल सिंह, उमेश कुशवाहा, कौशल सिंह, मठाधीश अमित गोस्वामी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ सैकड़ों ग्राम पंचायत वासियों को मिला, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण जानकारी और उपचार मिला। इस शिविर ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई।

# शैक्षणिक संबद्धता समिति की बैठक संपन्न कई महाविद्यालयों को मिली स्थायी संबद्धता

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। लनामिवि के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में नई शैक्षणिक संबद्धता समिति की बैठक बुधवार को कुलपति आवासीय कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। तेरह सदस्यों की कमिटी ने समिति के सचिव प्रो अरुण कुमार सिंह द्वारा पटल पर रखे गए एजेंडा पर विचार किया। समिति द्वारा कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचारार्थ संस्थानों की स्थायी और अस्थायी संबद्धता को अनुसंशित किया गया। समिति ने दरभंगा स्थित एमआरएम कॉलेज में स्नातक स्तर तक वानिज्य संकाय की पढाई आगामी शैक्षणिक सत्र से शुरू करने की सहमति प्रदान की, वहीं समस्तीपुर जिला में छात्राओं की समस्या को दूर करते हुए कुलपति ने समिति की अनुशंसा से समस्तीपुर स्थित महिला कॉलेज में स्नातकोत्तर स्तर पर अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, गृह- विज्ञान, संगीत, मनोविज्ञान और समाज शास्त्र की पढाई प्रारंभ करने की स्वीकृति दी। समस्तीपुर के मथुरापुर में स्थितएमएमएचटीटी कॉलेज में बीसीए और बीबीए कोर्स के संचालन को स्वीकृति देते हुए एमए(शिक्षाशास्त्र) विषय में पहले दो वर्ष के लिए अस्थायी स्वीकृति प्रदान की। समिति सदस्यों ने एजेंडा में उल्लिखित बसुदेव राम किशोर चौधरी कॉलेज, लुटन झा कॉलेज, भारद्वाज कॉलेज, आर के मिश्रा कॉलेज, चंदौना , एस के कॉलेज रोसडा को कुछ संकायों में स्थायी संबद्धता प्रदान किया गया। आरएलएसआरएमडी कॉलेज समस्तीपुर के स्नातक स्तर पर विज्ञान संबद्धता को निरस्त किया गया। इसी क्रम में शशि बीएड कॉलेज बेगूसराय, श्याम स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंसेस, एम आर जनता कॉलेज, उजियारपुर की संबद्धता पर विचार करते हुए समिति ने इनके प्रस्ताव को निरस्त कर दिया। भैरवस्थान, मधुबनी स्थित एसएएम कॉलेज में गृह- विज्ञान, संत कबीर कॉलेज समस्तीपुर में संगीत विषय में डिग्री पाठ्यक्रम चालू करने पर सहमति बनी। आखिर में समस्तीपुर जिला के हसनपुर में अवस्थित राजमाता डॉ संगीता राय डिग्री कॉलेज को मानविकी और सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान व वानिज्य संकाय में स्नातक स्तर तक सत्रारंभ करने की अस्थायी संबद्धता प्रदान की गई। विश्वविद्यालय के नई शैक्षणिक संबद्धता समिति की बैठक में विज्ञान, मानविकी, सामाजिक विज्ञान, ललित कला, वानिज्य के संकायाध्यक्ष प्रो प्रेम मोहन मिश्र, प्रो मंजु राय, प्रो प्रभाष चंद्र मिश्र, प्रो लक्ष्मण प्रसाद जयसवाल, प्रो पुष्पम नारायण के अलावा अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो अंबरीश कुमार झा, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो उमेश कुमार ह्य उत्पलह्व, विश्वविद्यालय सीसीडीसी प्रो गजेंद्र प्रसाद और आर्ट एंड कॉमर्स के इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेजस प्रो अशोक कुमार मेहता और साइंस के इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेजस प्रो अरुण कुमार सिंह एवं अभिषद सदस्य डॉ अमर कुमार उपस्थित थे।

## पुलिस की वर्दी पहने बदमाशों ने पिस्तौल का भय दिखाकर महिला को किया था अगवा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

● शंका के आधार पर दो लोगों को आरोपित करते हुए थाने में दिया आवेदन

पुलिस की वर्दी में पिस्तौल का भय दिखाकर महिला को अगवा करने और उसके साथ ढाई लाख रुपए लूटपाट करने के मामले में प्राथमिकी की दर्ज करने को लेकर पीड़िता अंजना कुमारी के द्वारा नगर थाने में आवेदन दिया गया है। अपने दिए आवेदन में पीड़िता ने कहा है कि जब बैंक में पहुंचकर वह फॉर्म भरने की स्थान पर थी, उसी दौरान एक लड़का बैंक के अंदर आया और कहा कि उन्हें पुलिस वाला बाहर बुला रहा है। जब वह बाहर गई तो देखा कि एक चार चक्का गाड़ी में चार लोग पुलिस की वर्दी में बैठे थे। उसे उनलोगों ने पिस्तौल सटाकर जोर-जबरदस्ती से गाड़ी में बिठा लिया। सभी की उम्र लगभग 40-45 वर्ष लगभग रही होगी। उसके बाद वह लोग उसे मुजफ्फरपुर, डुमरी रोड हाईवे पर ले गए। वहां पैसा छिनकर बैग और मोबाईल नीचे फेंककर मुझे मुजफ्फरपुर से करीब 15 किलोमीटर आगे उतार दिया। वहाँ से फिर उन्होंने मोबाइल से अपने बहनोई नीरज कुमार को सूचना दी तो वह मुझे अपने डेरा पर भगवानपुर, मुजफ्फरपुर ले गए। उन्होंने इस घटना के लिए शंका के आधार पर चकमेहसी थाना क्षेत्र के गोराई के स्व नन्द कुमार ठाकुर के पुत्र चंदन कुमार और विक्रम भारद्वाज के ऊपर साजिश रचकर घटना करवाने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की एक छापेमारी टीम को घटनास्थल के पास जांच के लिए भेजा गया है।

## मामले में कार्रवाई के बजाय पीड़ित को ही धमका रही नगर थाना पुलिस

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

नगर थाना पुलिस का पीड़ित के साथ ही बदतमीजी से बात कर उसे धमकाने का मामला सामने आया है। मामला शहर के काशीपुर कचहरी रोड वार्ड नंबर 12 का है। जहां के ज्योति कुमार सिंह के साथ तीन वर्ष पूर्व एक लाख 61 हजार 758 रुपए का साइबर फ्रॉड हो गया था। इस संबंध में उनके आवेदन पर नगर थाना में मामला दर्ज किया गया था। इन बीते तीन वर्षों में उस केस के कई अनुसंधान करता बदले, लेकिन आज तक न ही पीड़ित के खाते में फ्रॉड की राशि वापस हुई और न ही इस मामले में पुलिस ने अनुसंधान कर किसी आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं उल्टे अब पुलिस पीड़ित को ही फोन कर धमका रही है व बदतमीजी से बात कर रही है। ऐसा आरोप पुलिस के ऊपर पीड़ित के द्वारा ही लगाया गया है। पीड़ित ज्योति कुमार सिंह ने बताया कि उनके साथ साइबर फ्रॉड की घटना हुई थी। इसको लेकर उन्होंने उस समय नगर थाना में मामला दर्ज करवाया था, लेकिन आज तक पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर सकी है। वहीं इस मामले में अब तक कई आईओ बदल चुके हैं। इस केस के नए आईओ के द्वारा बीते दिनों उन्हें फोन कर बदतमीजी से बात की गई और भाषा टोन से उन्हें धमकाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि वह इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारियों को करेंगे। वहीं इस संबंध में एएसपी सह सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि पीड़ित ही नहीं सभी नागरिकों के साथ पुलिस को अच्छा व्यवहार करना है। इस तरह की शिकायतें मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने को ले देवधा में आम जनों के बीच विशेष शिविर आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर जिला पदाधिकारी मधुबनी के निर्देश के आलोक में बुधवार को जयनगर प्रखण्ड क्षेत्र के देवधा उत्तरी पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन कुमार की अध्यक्षता में सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओ का क्रियान्वयन पर्यवेक्षण लाभ लेने और जनसमस्याओ के निदान हेतु आम जनो के बीच विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अंचल अधिकारी कुमारी सुजाता कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगाप्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी समेत अन्य कई विभाग के सभी पदाधिकारी व कर्मियो व पंचायत के मुखिया सरपंच पंचायत के सभी वार्ड सदस्य गण और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आम जनों ने भाग लिया। शिविर विभन्न विभाग वार टेबल लगाकर संबंधित पंचायत से उपस्थित सभी आम जन को बारी बारी से सभी विभागीय अधिकारी एवं कर्मीगण अपने अपने विभाग से संबंधित कार्यो को समझाया जिसमे अधिकांश राशन कार्ड निर्गत करने एवं राशन कार्ड में के वाई सी की समस्या के साथ ही अंचल से संबंधित संबंधित राजस्व कर्मियो द्वारा दाखिल खारिज कराने में कार्यालय का चक्कर लगाना जैसे समस्या आई है। जिसे ऑन स्पोर्ट समाधान करने हेतु निर्देश दिया गया है। पुनः आम जनो को जो भी समस्याएं हो रही उन सभी समस्याएं को संबंधित विभाग के कर्मचारी ऑन स्पोर्ट समस्या का समाधान किया गया कुछ समस्याए ऐसी थी जिन्हे ऑन स्पोर्ट समाधान नही हो पाया जिसे एक सप्ताह के समय देते हुए सभी समस्याओं का समाधान करने हेतु समय दिया गया। साथ ही कैंप में उपस्थित सभी आम जनो को यह भी जानकारी दिया गया है कि सरकार द्वारा जो भी योजना चलाई जा रही है उन सभी योजनाओं का लाभ अब आप अपने पंचायत के पंचायत भवन पर ही सभी विभागीय पंचायत स्तरीय सभी कर्मचारीगण पंचायत भवन पर बैठ कर सभी कार्यों का ससमय निष्पादित करेंगे साथ ही यह भी बताया गया कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत छुटे हुए परिवार को व्यक्तिगत शौचालय निमार्नोपरांत 12000 की प्रोत्साहित राशि प्रखंड स्वच्छता कार्यालय में आवेदन देकर लाभ ले सकते है साथ घर घर से कचड़ा का उठाव किया जाता है जिसमे आप सभी जनप्रतिनिधि एवं आम जनो की सहयोग की आवश्यकता है। साथ ही पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक को यह भी निर्देश दिया गया कि प्रत्येक माह आखिरी तारीख तक तीस रुपैया की राशि लेने व अपने पंचायत के एस एल डब्लू एम खाते में जमा कराने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही श्रम विभाग के अंतर्गत कैंप लगाकर लेबर कार्ड बनाने हेतु श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। साथ ही आवास सहायक को यह भी निर्देश दिया गया कि पंचायत के सभी वंचित लाभुको को आवास योजना में नाम जोड़ने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## केवटी विधायक ने अपने क्षेत्र में पांच सड़कों का किया शिलान्यास



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।केवटी के लोकप्रिय विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने मुख्यमंत्री पथ अनुरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्मित कुल 348.72036 लाख से निर्मित कुल पांच सड़कों का शिलान्यास किया जिसमें पीडब्लूडी कपूर्री चौक से दुसाध टोला जिसकी लंबाई 1.80 किमी लागत 96.16887 लाख,ळ 02 से शरद समैला जिसकी लंबाई 1.506 किमी लागत 52.82231 लाख, चक्का से धोबगामा जिसकी लंबाई 1.665 किमी लागत 59.72208, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना क्यामचक से धोबगामा जिसकी लंबाई 0.825 लागत 50.61479 लाख एवं टी 03 एनएच से जेठियाही जिसकी लंबाई 1.589 किमी लागत 65.74954 लाख हैं,का शिलान्यास किया एवं वहा उपस्थित कार्यकर्ताओ एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की मैं अपने क्षेत्र के विकास के प्रति कृत्संकल्पित हूं क्षेत्र के विकास योजना में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं कर सकता हूं खास करके सड़क के निर्माण में किसी भी तरह की अनियमितता बिल्कुल ही बर्दास्त नही करेंगे ।एनडीए व नीतीश के नेतृत्व वाली सरकार में बिहार का सर्वांगीण विकास हो रहा हैं । आधारभूत संरचनाओं के तहत सड़क पूल पुलिया शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पीने का पानी शौचालय की सुविधा लोगो को उपलब्ध कराई जा रही हैं ।समाज हितेषी योजना चलाकर गरीबों का उत्थान किया जा रहा हैं । उद्यमी अब उद्योग धंधे लगा रहे हैं लूट हत्या और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा हैं और आगे विधायक डॉ झा ने कार्यकर्ता से आग्रह किया की एनडीए सरकार द्वारा किए जा रहे अतिमहत्वपूर्ण योजनाओं को जन - जन तक पहुंचाए और उसका लाभ हर एक तबके के लोगों को दिलाए । इस दौरान केवटी पूर्वी,पश्चिमी के मंडल अध्यक्ष स्वप्न कुमार मिश्रा ,निर्भय कुमार,पिंटू यादव,श्रवण मिश्र,विक्की,पवन निराला,उमेश पासवान,ज्ञानरंजन चौधरी,रौशन झा,मो नदीम,अंकित झा,राजेश यादव एवं सुभम कुमार आदि लोग उपस्थित रहें ।

## चोरों ने एक लाख 90 हजार रुपये की चोरी कर उसकी जगह रख दिया नकली नोटों का बंडल

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना अंतर्गत रामापुर महेशपुर पंचायत के वार्ड संख्या-10 आषाढ़ी गांव में सोमवार रात चोरों ने अनोखे अंदाज में चोरी की। गांव के अर्जुन ठाकुर के घर में घुसकर एक लाख नब्बे हजार रुपये चुराने के बाद नकली नोट (बच्चों के खेलने वाला) रख दिया। घर के लोगों को चोरी की इस घटना की जानकारी मंगलवार सुबह हुई। घटना की मिलने पर स्थानीय मुखिया राजीव कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि घर में प्लास्टर कराने के लिए रुपये रखे थे। चोर ने अनूठे अंदाज में चोरी की घटना को अंजाम दिया। निमार्णाधीन मकान के पिछवाड़े से खिड़की के रास्ते घर में घुसने के बाद उसमें रखे सामान को इधर उधर बिखेर दिया। इसके बाद एक कमरे में छज्जी पर रखे बक्से का ताला तोड़ उसमें रखे जरुरी कागजात के साथ रुपये को समेट लिया। उन्होंने बताया कि जाते जाते घर में रखे चौकी पर भारी मात्रा में बच्चों के खेलने वाला नकली नोट छोड़ दिया। उसमें बारह हजार एक सौ रुपये असली नोट भी थे। सूचना पुलिस को दी गई है।

## दरभंगा दिल्ली मोड़ बस स्टैंड में लगी आग से शिवगंगा कंपनी की पांच बसें जली



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।सदर थाना क्षेत्र के दिल्ली मोड़ बस स्टैंड परिसर में मंगलवार की रात करीब 2.30 बजे भीषण आग लग गई। इससे बस स्टैंड परिसर में करीब तीन घंटे तक चालकों और अन्य लोगों में अफरातफरी मची रही। सूचना पर पहुंची मब्बी और सदर थाने की पुलिस एवं अग्निशमन दस्ता की टीम ने काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। तबतक एक लाइन में खड़ी शिवगंगा कंपनी की तीन चालू और दो खराब बसें जलकर राख हो गई। आग पर काबू पाने में अग्निशमन की छोटी बड़ी आठ गाड़ियों को लगाया गया था। जानकारी के अनुसार, शार्ट सर्किट से पहले एक बस के इंजन में आग लगी। देखते ही देखते ही पांच बसों को अपनी चपेट में ले लिया। इसमें तीन बस मुजफ्फरपुर और पटना रूट पर चलती थी। जबकि दो बस खराब होने के कारण स्टैंड परिसर में ही पार्क कर दी गई थी। सदर थानाध्यक्ष अमृत कुमार साह ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। बस मालिक की प्रतीक्षा की जा रही है। उनके आने पर ही क्षति का आकलन हो सकेगा।

## पूरा जमुई हुआ राममयः श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर निकली भव्य शोभायात्रा

प्रात : किरण संवाददाता



जमुईः भगवान पुरुषोत्तम श्रीरामलला के श्री अयोध्याधाम में प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जमुई में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा पूरे जिले में श्रद्धा, जोश और उत्साह का प्रतीक बनी। इसमें हजारों रामभक्त शामिल हुए, जिन्होंने ह्लजय श्रीरामह्व के नारों से पूरे शहर को गुंजायमान कर दिया। नेताओं और समाज के प्रमुख लोगों की भागीदारीः इस शोभायात्रा में जमुई के प्रमुख नेताओं और समाजसेवियों की बड़ी भागीदारी रही। भाजपा नेता विकास प्रसाद सिंह और नगर परिषद उपाध्यक्ष नितीश शाह ने इस कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। उनके साथ हजारों रामभक्त और सनातनी भाई-बहन शामिल हुए। शोभायात्रा का रूट और विशेष आकर्षणः शोभायात्रा की शुरूआत श्री रामकृष्ण गौशाला से हुई और यह पुरानी बाजार, महाराजगंज, बजरंगवली चौक, माहिसौड़ी बाईपास, महिसौड़ी चौक, आजाद चौक, और बोधवन तालाब होते हुए गौशाला में समाप्त हुई। यात्रा के दौरान भक्तों ने ढोल-नगाड़ों, डीजे और भक्तिपूर्ण गीतों के साथ श्रद्धा और उत्साह का प्रदर्शन किया। पूरा शहर भगवामय और राममय नजर आया। शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाएं और लड़कियां भी शामिल हुईं, जिन्होंने ह्लजय श्रीरामह्व के नारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। खास कार्यक्रमः शोभायात्रा के समापन पर गौशाला में श्रद्धालुओं को खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन ने समर्पण, सेवा और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया। प्रमुख व्यक्तियों की भागीदारीः इस शोभायात्रा में हिंदू महासभा के श्रद्धालुओं के अलावा कई अन्य संगठनों के लोग भी शामिल हुए। प्रमुख नामों में नरेंद्र सिंह, छोटू उर्फ संजय भगत, अनूप गोस्वामी, ठाकुर डुगडुग सिंह, अखिलेश कुमार, रौनक भगत, निराला, प्रदीप केसरी, रोहित सिंह, रामविलास पासवान, दीपक गोस्वामी, ऋषभ राणा, सोनू रावत, शिवेश पांडेय, और रामानंद गोस्वामी शामिल थे। उत्सव का माहौलः शहरभर में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। हर गली और चौक पर भगवा झंडे लहरा रहे थे। श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों और गीतों के माध्यम से भगवान श्रीराम के प्रति अपनी आस्था और समर्पण व्यक्त किया। महिलाएं और बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा में भाग लिया और इसे और अधिक भव्य बनाया। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्वः इस भव्य आयोजन ने यह दशार्या कि भगवान श्रीराम भारत के सनातनी समाज के लिए केवल आराध्य नहीं, बल्कि प्रेरणा और एकता का स्रोत भी हैं। शोभायात्रा ने यह भी संदेश दिया कि हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं का पालन हमें समाज और देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है।

## बेटी कोई अभिशाप नहीं है, बेटी हर क्षेत्र में बढ़ रही आगे : श्रवण

प्रात : किरण संवाददाता



बिरौल( दरभंगा)।भारत मे भाजपा द्वारा बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ स्थापना के दस वर्ष पूरे होने पर भाजपा कार्यकताओं ने हर्ष जताया है। इस अवसर पर भाजपा बेटी, बचाओ, बेटी पढ़ाओ के प्रदेश प्रवक्ता श्रवण कुमार चौधरी ने गौड़ा बौराम विधानसभा क्षेत्र के आसी एवं कन्हैई गांव में दर्जनों से अधिक बच्चो के बीच कॉपी,कलम, स्लेट,पेंसिल वितरण किया। प्रवक्ता श्रवण चौधरी ने कहा कि आज के दिन 22 जनवरी बुधवार को हमारे प्रधानमंत्री आज ही के दिन हरियाणा के पानीपत में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की योजना का शुभारंभ किये थे। श्री चौधरी ने कहा कि माता-पिता का ही सोच ऐसा हो गया है कि बेटा यदि पैदा होता है, तो पूरे गांव में खुशी में मिठाई वितरण करते है।वही उसी संतान में बेटी जन्म लेती है,तो शोक में डूब जाते है। बेटी,बेटा में कोई अंतर नहीं। लोगो को इससे जागरूक को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ का नारा बुलंद करते हुए, इसकी स्थापना की। जिसका आज दस बर्ष पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि पुराना कहावत है, यदि एक बेटा का शिक्षित होना, सिर्फ एक बेटा का शिक्षित होना होता है। वहीं पर एक बेटी का शिक्षित होने पर,पूरे परिवार को शिक्षित होना। यदि बेटी शिक्षित नहीं हुई तो समाज शिक्षित नहीं होगा। एक तरफ हमारे समाज में बेटी अंतरिक्ष पर जा रही है। दूसरी तरफ सोच ऐसा है की बेटी जन्म होने पर अफसोस होता है।बेटी को अभिशाप नहीं, अब बेटी हर क्षेत्र में बेटा से आगे है। श्री चौधरी ने लोगो को इस सोच को बदलने की जागरूक किया।मौके पर गौड़ा बौराम भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर, शुभम झा, काली चरण, राजेश सहनी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रत्येक शुक्रवार को कार्य प्रगति की जिलाधिकारी द्वारा की जाएगी समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिला अंतर्गत भारत माला प्रोजेक्ट के तहत उमगाव से भेजा मधुबनी बायपास रोड का निर्माण कार्य का आज शुभारंभ किया गया। परियोजना के प्रारम्भ कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवं परियोजना निदेशक सुपौल द्वारा मिथिला चित्रकला संस्थान में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके पूर्व जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने कार्यस्थल का जायजा भी लिया एवं एनएचआई के उपस्थित अधिकारियों को कई निर्देश भी दिए। उन्होने तीव्र गति से पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि प्रत्येक शुक्रवार को कार्य प्रगति की समीक्षा की जाएगी जिसमें कार्य में आने वाली समस्याओ का त्वरित हल किया जाएगा। परियोजना निदेशक सुपौल।मुकेश कुमार के द्वारा पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से परियोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई। गौरतलब हो कि उमगाँव-सहरसा पैकेज1 संयुक्त का निर्माण कार्य प्रारम्भभारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना कार्यान्वयन ईकाई-सुपौल के कॉन्सेसिनेयर कॉन्ट्रैक्टर मेसर्स माई राम प्यारी देवी हाईवेज प्रा लि द्वारा दिनांक 02.01.2025 से उमगाव-सहरसा पैकेज1 संयुक्त का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया है ।उमगाव सहरसा पैकेज 1 संयुक्त परियोजना के खण्ड1 उमगाव से कलुआही ठल्.227छखण्ड 2 साहरघाट रहिका ठल्227ख नेपाल बार्डर से मधुबनी शहर को उच्चैठ धाम से जोड़गी खण्ड-3 मधुबनी बाईपास ठल् 527अ रहिका से रामपट्टी बाईपास निर्माण करेगी जो मधुबनी शहर के लिए बाईपास के रुप में भी काम करेगी एवं खण्ड 4 विदेश्वर स्थान-भेजा ठल् 527अ) एन एच 27 विदेशवर स्थान धाम से भेजा में बन रहे नयेकोशी महासेतु को जोड़गी नये कोशी महासेतु भेजा से बकौर ठल् 527अ मधुबनी दरभंगा जिले को जिला सुपौल एवं सहरसा (महिषी धाम) से जुड़ेगी जिससे यह मार्ग अन्तराष्ट्रीय व्यापार और पर्य टन के साथ-साथ सामरिक महत्व प्रदान करेगा।उक्त अवसर पर परियोजना निदेशक सुपौल मुकेश कुमार उप-प्रबंधक उप निर्देशक जनसंपर्क परिमल कुमार उप प्रबंधक सौरभ कुमार कार्य स्थल अभियंता अभिलेख राज एवं मुरारी कुमार झा सहित अन्य कर्म चारीगण एवं संवेदक की ओर से परियोजना प्रबंधक बद्री नारायण जिन्हा एवं परियोजना प्रभारी प्रवीण कुमार आदि उपस्थित थे।

## जेनरल स्टोर की दुकान में लूट के दौरान बाइक सवार बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिले में ठंड के साथ-साथ अपराधियों के भी हौसले बुलंद हैं। अपराधी-बदमाश कभी डीएम आवास के पास से पिस्तौल के बल पर महिला को अगवा कर लूटपाट की घटना की को अंजाम देते हैं, तो कभी रोसड़ा में पुलिस की डीआईयू टीम पर ही गोलीबारी कर देते हैं। एक नयी घटना में बाइक सवार बदमाशों ने बुधवार की शाम मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर वार्ड 16 में एक जेनरल स्टोर की दुकान पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैला दिया। इस दौरान बदमाशों ने दुकान में लूटपाट और तोड़फोड़ की भी घटना की और फायरिंग करते हुए आराम से फरार हो गए। हालांकि इस घटना में दुकानदार बाल-बाल बच गए। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मुफ्फसिल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर चार खोखा और एक जिंदा गोली बरामद किया है। पुलिस दुकानदार से घटना के बारे में जानकारी लेकर मामले की छानबीन में जुटी हुई थी। घटना के संबंध में पीड़ित दुकानदार जितवारपुर निजामत पंचायत के बुल्लेचक वार्ड 18 निवासी शंकर प्रसाद यादव के पुत्र कुंदन कुमार ने बताया कि वह पिछले कई साल से जितवारपुर रेलवे कालोनी स्थित हनुमान मंदिर के समीप जेनरल स्टोर के साथ कॉस्मेटिक की दुकान चलाते हैं। घटना की शाम में गांव का ही एक युवक दुकान पर आया और उनके साथ गाली-गलौज करने लगा। उसने उन्हें दुकान बंद करने की धमकी दी। उसके कुछ देर के बाद वह अपने पांच अन्य साथियों के साथ आया और और हथियार के बल पर दुकान में तोड़फोड़ करते हुए लूटपाट करने लगा।

## विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर जारी किए गए दिशा निर्देशः जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा जारी निर्देश के अनुसार जिले के सभी निजी सरकारी विद्यालयों प्री स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र सहित वर्ग 8 तक शैक्षणिक गतिविधियो को दिनांक 25.01.2025 तक स्थगित किया गया है । वर्ग 8 के ऊपर सभी कक्षाओं का शैक्षिक कार्य पूर्वाहन 09:30 बजे से अपराह्न 3:30 बजे तक सावधानीके साथ संचालित किए जाने का निर्देश दिया गया है। अपने आदेश में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि सभी विद्यालय प्रबंधन उपरोक्त आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों को पुनर्निर्धारित करेंगे। परीक्षा हेतु संचालित किए जाने वाली विशेष कक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रहेगा। सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मी विद्यालय में विद्यालय अवधि तक अपने विद्यालय में उपस्थित रहेगे तथा विद्यालयी विभागीय कार्यो का निष्पादन करेंगे।उन्होने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि उपरोक्त आदेश 23 जनवरी 2025 से 25 जनवरी 2025 तक प्रभावी रहेगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 23 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### तीन फरार वारंटी गिरफ्तार

जमुई [ झाझा ] पुराने मामले में लंबे समय से न्यायालय में आत्मसमर्पण नही करने वाले तीन फरार वारंटी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष संजय कुमार यादव ने बताया कि थानाक्षेत्र के मछिन्द्रा गांव के रहने वाले महादेव यादव, महेंद्र झा, प्रकाश साह है। गिरफ्तार सभी लोगों के खिलाफ न्यायलय के द्वारा वारंट जारी किया गया था।

### बरियारपुर थाना क्षेत्र से दो वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानो से व्यवहार न्यायालय से लंबे अबधी से फरार अपराधी मोहम्मद गौश पिता मो मुमताज को घ घोरघट से गिरफ्तार किया गया है। वही राम बिलास बर्णवाल पिता कमली बर्णवाल को सग्रामपुर बनवर्षा से गिरफ्तार कर व्यवहार न्यायालय भेज दिया गया। इस आशय की जानकारी थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक बीरभद्र कुमार सिह ने दिया है।

### प्रकाशनार्थ तैयारी पूरी जैन कॉलेज का स्थापना दिवस 23 जनवरी को

हरप्रसाद दास जैन महाविद्यालय, आरा का 84वां स्थापना दिवस 23 जनवरी 2025 को मनाया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए जैन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र कुमार ने बताया कि जैन कॉलेज अपने गौरव और परंपरा को आगे बढ़ते हुए अपना 84वां स्थापना दिवस 23 जनवरी 2025 को आयोजित कर रहा है। स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी कुलपति वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय होंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह पूर्व मंत्री, बिहार सरकार एवं सदस्य बिहार विधान सभा एवं प्रोफेसर डॉक्टर रास बिहारी सिंह पूर्व कुलपति, पटना विश्वविद्यालय पटना शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री जीवन कुमार सदस्य, बिहार विधान परिषद, प्रोफेसर डॉ रणविजय कुमार कुलसचिव, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय एवं डॉ नीरज कुमार पूर्व सीसीडीसी,वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा शामिल होंगे। स्थापना दिवस के अवसर पर दो सत्रों में स्नातक 2021-24 और स्नातकोत्तर 2022-24 के टॉपर छात्रों को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने राजस्व संग्रहण एवं राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

प्रात : किरण, संवाददाता




जमुई जिला समाहरणालय परिसर स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण एवं राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों को लेकर जिले के सभी अंचलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व संग्रहण, दाखिल खारिज, भूमि सीमांकन, ई-रेवेन्यू कोर्ट, सक्सेसन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन, सर्टिफिकेट, परिमार्जन प्लस, ई-मापी, अभियान बसेरा-टू, आरसीएमएस, एग्री सेन्सस फेज-टू, भू-समाधान, न्यायालय वाद समेत विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई ' तथा आवश्यक निदेश दिये गये बैठक के प्रारंभ में अपर समाहर्ता सुभाषचंद्र मंडल ने विभिन्न अंचलों से प्राप्त अद्यतन प्रतिवेदन रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिलाधिकारी महोदया ने बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दरमियान उन्होंने दाखिल खारिज मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने पर बल दिया। दस्तावेजों की गहन जांच के बाद निर्णय लेने का निर्देश दिया गया। नियमित रूप से ई-रेवेन्यू कोर्ट करने और ऑनलाइन रिपोर्ट अपडेट करने का निर्देश दिया गया। विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अंचल में भूमि चिन्हित करने को लेकर भी सभी अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिक से अधिक सर्वेक्षक वास विहीन परिवारों को लैंड अलाउट करने का निर्देश दिया गया ' वहीं आधार सीडिंग एवं ई-मापी से सम्बंधित लंबित मामलों को लेकर देरी करने पर संबंधित पदाधिकारी को कड़ी फटकार लगायी ' तथा जल्द से जल्द निपटाने/ त्वरित निष्पादन करने के लिए निर्देश दिया ' आगे उन्होंने सभी राजस्व कर्मचारियों को अपने लॉग-इन में लंबित आवेदनों का ससमय निर्वहन करने के लिए निर्देश दिया गया । जिलाधिकारी महोदया ने विभागीय लक्ष्य के अनुरूप भू लगान वसूली करने का निर्देश दिया गया । बैठक में अपर समाहर्ता सुभाषचंद्र मंडल,डीसीएलआर मो० तारिक रजा, अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी, जिला खनन पदाधिकारी मो० अखलाक हुसैन, कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन जमुई एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन से राज्य स्तरीय रैंकिंग में जमुई जिला के दिसम्बर 2025 के ह्लराजस्व रैंकिंगह्व में अप्रत्याशित सुधार हुआ है एवं जिले की रैंकिंग 38 जिलों में 31 से 19 हो गयी है। राज्य स्तर पर जमुई जिला द्वारा ही तीव्रतम गति से रैंकिंग में सुधार किया गया है।

विदित हो की विधिझव्यवस्था के मामलों में ह्लभूमि विवादह्व मुख्य कारण रहा है जिले में राजस्व संबंधी कार्यों के कार्य प्रणाली में सुदृढ़ीकरण से आम जनमानस प्रसन्न है।

## जनता की शिकायतों को गंभीरता से ले बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मी : सांसद



प्रात : किरण, संवाददाता

दरभंगा।बिजली आपूर्ति के मामले में केंद्र और राज्य सरकार की पहल तथा प्रयासों का नतीजा है कि आज शहर से गांव के सुदूर देहाती क्षेत्रों तक चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। झुके और क्षतिग्रस्त पोल तथा, लुंज पुंज तार को बदलने के लिए देहाती क्षेत्रों से आ रहे आमजनों की शिकायत पर बिजली विभाग के अभियंता तथा कर्मी संवेदनशीलता से पहल करें । शहर के नाका नंबर 5 स्थित डीआरसी भवन में बिजली विभाग के जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुये सांसद गोपाल जी ठाकुर ने उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने बैठक शुरू होते ही पिछले वर्ष समीक्षा बैठक में लिए गए प्रस्तावों का ढंग से अनुपालन नहीं किए जाने पर अधीक्षण अभियंता पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा जिला स्तर पर विद्युत समिति की बैठक के प्रस्तावों पर यदि गंभीरता से पहल नहीं की जाएगी तो विभागीय स्तर पर करवाई के लिए लिखा जाएगा। सांसद डा ठाकुर ने आर आर एफ के तहत एक ही अभिकर्ता को दो हजार से अधिक उपभोक्ताओं से बिल वसूली करने तथा विभाग के एक अधिकारी से छह सात साल से लगातार दरभंगा जिला मुख्यालय में नौकरी करने की शिकायत मिलने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अविलंब इनके स्थानांतरण के लिए लिखा जाएगा। कृषि कार्यों के लिए जिला में किसानों से आए 22 हजार नौ सौ पांच आवेदन में मात्र ग्यारह हजार किसानों को बिजली कनेक्शन दिए जाने पर असंतोष प्रकट करते हुए कहा कि लक्ष्य की शीघ्र पूरा किया जाए। पीएम कुसुम योजना सहित प्रधानमंत्री के द्वारा शुरू किए गए अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि किरतपुर प्रखंड जैसे पिछड़े क्षेत्र में नए फीडर बनाने की शीघ्र पहल शुरू करे।

सांसद डा ठाकुर में दरभंगा एम्स के लिए नया फिडर तैयार करने, बिरौल में नया गेस्ट हाउस के लिए प्रस्ताव भेजने सरकारी कार्यालय तथा सरकारी अधिकारियों के आवास पर बाकी बिजली बिल की वसूली किया जाने का निर्देश दिया।

इस मौके पर नगर विधायक संजय सरावगी, केवटी विधायक डा मुरारी मोहन झा सहित विभाग के अधीक्षण अभियंता, सभी कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता तथा कनीय अभियंता मौजूद थे

## प्लेटफार्म पर चला अभियान, दो लोगों से वसूला जुमार्ना




प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बुधवार को झाझा के अप एवं डाउन प्लेटफार्म पर रेलवे के द्वारा ट्रेन, प्लेटफार्म पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ चलाये जा रहे धड़पकड़ अभियान चलाया गया।रेलयात्रियों को यह भी बताया कि गंदगी से बीमारी फैलती है लोग बीमार हो जाते है इसलिए घर की तरह ट्रेन, प्लेटफार्म पर भी स्वच्छता बनाये रखने में सहयोग प्रदान करे।सीएचआई ने बताया कि साफ सफाई को लेकर चलाये गए अभियान में प्लेटफार्म पर दो लोगों को पकड़ने के बाद जुमार्ना के तौर पर कुल 500 रुपये वसूला। रेलवे स्वास्थ्य निरीक्षक कार्यालय की ओर से चलाए गए अभियान की अगुवाई कर रहे सीएचआई गिरीश कुमार सिंह ने आरपीएफ और टीटी के साथ अभियान चलाते हुए रेलयात्रियों के बीच स्वच्छता कितना महत्वपूर्ण है उसके बारे में जानकारी दी। सीएचआई ने रेलयात्रियों से अपील भी किया कि ट्रेन या प्लेटफार्म, स्टेशन परिसर में अगर आप है तो खान पान की जो सामग्री बच जाती है उसे डस्टबिन में डाले इधर उधर गंदगी फैलाने पकड़े जाते है तो कार्रवाई की जाएगी। आगे उन्होंने बताया कि वरीय पदाधिकारी के आदेश पर यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## नरगंजो छठ पूजा घाट पर अभाविप की पहल से बिजली के पोल गाड़ने का कार्य सफल

प्रात : किरण, संवाददाता




जमुई [ झाझा ] अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की सक्रिय पहल से नरगंजो छठ पूजा घाट पर बिजली के पोल गाड़ने का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्य में स्थानीय छात्र नेता कार्तिक कुसुम यादव और सूरज बरनवाल ने अहम भूमिका निभाई। उनके साथ चिंटू कुमार, बसदेव कुमार, बिपिन सहित अन्य कार्यकताओं ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का इस कार्य को पूरा करने में विशेष सहयोग रहा। कार्तिक कुसुम यादव ने बताया कि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता दी गई। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर घाट पर जल्द ही स्थायी रूप से लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कार्य के दौरान स्थानीय समाजसेवी नुनेश्वर पंडित, अधिवक्ता मनोज कुमार, दिनेश कुमार, प्रकाश पंडित, सीतराम पंडित और अजय पंडित भी उपस्थित रहे। सभी ने अभाविप के इस प्रयास की सराहना की और इसे समाजसेवा का प्रेरणादायक उदाहरण बताया। अभाविप कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने बिजली विभाग का आभार व्यक्त करते हुए आग्रह किया कि बिजली के खंभों को प्लास्टिक कोटेड किया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की दुर्घटना को टाला जा सके। विकास में रुकावट डालने वालों की कड़ी निंदा सूत्रों के अनुसार, नरगंजो गांव में एक विशेष व्यक्ति द्वारा गैर मजरूआ जमीन को अपना बताकर पोल लगाने का विरोध किया गया। इस पर अभाविप कार्यकताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और स्पष्ट किया कि यदि क्षेत्र के विकास में कोई बाधा उत्पन्न की गई, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आभार ज्ञापन इस सफल पहल के लिए पी. चंद्रा रेड्डी एजेंसी के आदित्य सिंह और उनके वर्कर्स को भी विशेष रूप से धन्यवाद दिया गया, जिनकी मदद से यह कार्य संभव हो सका।

## बहु ने सास, देवर पर मारपीट करने की दर्ज कराई प्राथमिकी

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] एक बहु ने अपनी सास और देवर के खिलाफ थाना में आवेदन देकर मारपीट कर घायल कर देने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाक्षेत्र के डुमरमोह गांव की रहने वाली चांदनी देवी दर्ज आवेदन में बताई की मैं अपने घर मे बच्चों को कपड़ा पहना रही थी और सास इंद्री देवी चापाकल पर बर्तन धो रही थी तभी सास की धूप में सुख रही साड़ी हवा के झोंका से नीचे गिर गया जिसपर सास गाली गलौज करने लगा जिसका विरोध किया तो सास और देवर रूपेश कुमार ने मारपीट कर टांगी से वार कर दिया जिससे मैं घायल हो गई और उसके बाद मेरे कान से सोने का जेवर छीन लिया।

## जिला जदयू की अहम बैठक संगठनात्मक ढांचा को मजबूत बनाने पर जोर

प्रात : किरण, संवाददाता




जमुई : जमुई जिला अतिथिगृह में बुधवार जदयू के माननीय विधान परिषद सदस्य सह प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद सिंह एवं प्रदेश महासचिव अंजनी कुमार सिंह का भव्य स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र महतो और अन्य वरिष्ठ कार्यकताओं ने उन्हें बुके एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जदयू के प्रधान कार्यालय में जिला कमिटी और सभी प्रखंड अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र महतो ने की। बैठक के मुख्य बिंदुः इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पंचायत और बूथ स्तर तक पहुँचाने और संगठन को इकाई स्तर तक मजबूत बनाना था। बिहार सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री सुमित कुमार सिंह, बैठक के मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। उन्होंने पंचायत और प्रखंड अध्यक्षों से अपील की कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। रविन्द्र प्रसाद सिंह ने इस अवसर पर जनकल्याणकारी योजनाओं का फोल्डर जारी किया। उन्होंने कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे इस फोल्डर का गहन अध्ययन करें और पंचायत स्तर पर योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें। बैठक में कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता रहे मौजूदः उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में जमुई जिला विधानसभा प्रभारी अवधेश कुशवाहा, सिकंदरा विधानसभा प्रभारी विनोद पासवान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य इंजीनियर शंभूशरण, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सुनील वर्णवाल, कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार मेहता, दलित प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव अरुण भारती, शिक्षा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नीतीश कुमार, नगर अध्यक्ष पवन साह, प्रखंड अध्यक्ष जमील अहमद, रामानंद सिंह, संजय सिंह, शीतल मेहता प्रमुख थे। बैठक में नेताओं ने संगठन की मजबूती और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया। सभी कार्यकताओं से आह्वान किया गया कि वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुँचाने में अपनी पूरी ऊर्जा लगाएँ।

## उर्दू सभ्यता की भाषा है इसे सभी को सीखना चाहिए : एडीम

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। उर्दू निदेशालय पटना के निर्देश पर उर्दू भाषा विद्यार्थी प्रोत्साहन राज्य योजना 2024 25 के तहत जिला उर्दू भाषा कोषांग मुंगेर द्वारा बुधवार को वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन संग्रहालय मुंगेर के सभागार में किया गया । इसका उद्घाटन एडीएम मनोज कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया इस दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालयों के उर्दू भाषी मैट्रिक इंटर को स्नातक स्तर के 80 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए एडीएम ने सबसे पहले सभी आने वाले लोगों का अभिवादन किया इसके बाद उन्होंने उर्दू जुवान की अहमियत पर जोर डालते हुए कहा कि उर्दू सभ्यता की भाषा है इसे सभी को सीखना चाहिए वह इस कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे और बच्चियों को देखकर काफी खुश हुए और उन्होंने कहा कि बच्चियों भी खुलकर इस प्रकार के कार्यक्रम में भाग ले रही है बड़ी खुशी की बात है उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसी तरह से आगे भी कार्यक्रम में भाग लेते रहेंगे कार्यक्रम में जिला उर्दू नाम मुंगेर का विमोचन अपर समाहता द्वारा किया गया जिसमें सभी सम्मानित अतिथि गण सम्मिलित हुए अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुंगेर विश्वविद्यालय स्नाकोत्तर उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर शाहिद राजमी की गरिमाई उपस्थित थे उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि उर्दू भाषा ही नहीं अपितु तहजीब है इसे संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेवारी है प्रतियोगिता का विषय मैट्रिक या समकक्ष स्टार के लिए तालीम की अहमियत नजम और रुबाई जबीब इंटर स्तर के लिए उर्दू जुबान की अहमियत फन अफसाना निगरी एवं स्नातक स्तर के लिए उर्दू गजल की मकबूलियत नावेल निगारी था इसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया साथ ही इनाम की नगद राशि आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान की जा रही है निर्णायक मंडली में प्रोफेसर जैन शम्शी डॉ आसिफ अली एवं रईसुर्रजा थे मंच का संचालन मोहम्मद मिराज ने किया।

## भाकपा माले ने बीड़ी मजदूर को न्यूनतम मजदूरी नहीं देने पर किया विरोध प्रदर्शन

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई : भाकपा (माले) के जन संगठन बिहार राज्य जनवादी बीड़ी मजदूर यूनियन के नेतृत्व में सैकड़ों बीड़ी मजदूरों ने जमुई में जोरदार प्रदर्शन किया। मजदूरों ने सरकार और बीड़ी कंपनियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नीतीश सरकार न्यूनतम मजदूरी लागू करो, सभी बीड़ी श्रमिकों को परिचय पत्र की गारंटी करो, और न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 लागू करोह्व जैसे नारों के साथ मार्च निकाला। यह प्रदर्शन बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष एक जनसभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता एक्टू के जिला संयोजक बासुदेव रॉय ने की। सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के महासचिव मधुसूदन शर्मा ने कहा, नीतीश और मोदी की डबल इंजन सरकार अपने ही बनाए हुए कानूनों को लागू करने में विफल है। जिले के लाखों बीड़ी मजदूर गरीबी रेखा से नीचे जीवन जी रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। माले नेता बाबू साहब सिंह ने कहा, सितंबर 2024 के गजट में सरकार ने बीड़ी मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी प्रति हजार बीड़ी 397 रुपये तय की थी। लेकिन जिले की बीड़ी कंपनियाँ केवल 100 रुपये का भुगतान कर रही हैं। सरकार की अधिसूचना को उसके ही कर्मचारी और कंपनियों के मालिकों के गठजोड़ ने विफल कर दिया है, जिससे मजदूरों का शोषण हो रहा है। प्रखण्ड सचिव कंचन रजक और मनोज कुमार पांडेय ने चेतावनी देते हुए कहा, यदि सरकार बीड़ी मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी, पहचान पत्र, और स्वास्थ्य सुविधाएँ सुनिश्चित नहीं करती, तो फरवरी माह में एक उग्र आंदोलन होगा। यह मुद्दा विधानसभा और लोकसभा में भी उठाया जाएगा। सभा में अन्य वक्ताओं ने सरकार की आलोचना कीः मोहम्मद हैदर और किरण गुप्ता ने सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की। सभा में गुलटन पुजहर, नितेश्वर आजाद, ब्रमदेव ठाकुर, शिवेंद्र यादव, राहुल यादव, और बासुदेव हासदा समेत कई मजदूरों और महिला प्रतिनिधियों ने भी अपनी आवाज बुलंद की। महिला श्रमिकों की भागीदारीः प्रदर्शन में महिला मजदूरों की भी महत्वपूर्ण भागीदारी रही। बबली देवी, अन्नू देवी, कंचन देवी, प्रतिमा देवी, मालो देवी, खुशबू देवी, और अन्य महिलाओं ने सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। माले की माँगेंः बीड़ी मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के तहत तय 397 रुपये प्रति हजार बीड़ी का भुगतान हो, सभी मजदूरों को परिचय पत्र दिया जाए, मजदूरों की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए। आगामी कदमः फरवरी में भाकपा (माले) द्वारा जिला स्तर पर उग्र आंदोलन और विधानमंडल में यह मुद्दा उठाने का संकल्प लिया गया है।

## शहर वासियों को नए वर्ष का मिला उपहार मुंगेर शहर से श्रीकृष्ण सेतु का सीधा सम्पर्क

### प्रमंडलीय आयुक्त डीएम मेयर प्रभारी नगर आयुक्त ने नई सड़क का किया उदघाटन



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । मुंगेर से बेगूसराय एवं खगड़िया जाने हेतु गीता बाबू रोड में बन रहे संपर्क पथ को मंगलवार को आमजन के लिए प्रारंभ कर दिया गया। इस नव निर्मित पथ का उदघाटन प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह, नगर आयुक्त कुमार अभिषेक, महापौर कुमकुम देवी सहित अन्य उपस्थित थे। उदघाटन संबोधन में आयुक्त ने कहा कि यह हर्ष की बात है कि इस पथ से गीता बाबू रोड होते हुए अब सीधे श्री कृष्ण सेतु पर जाया जा सकेगा। इससे निश्चित रूप से आमजन को काफी सहूलियत होगी तथा पूर्व में जो 3 किलोमीटर अतिरिक्त घूम कर जाने की परेशानी से भी निजात मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए निश्चित रूप से जिलाधिकारी, मुंगेर बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने आमजन के सुविधार्थ इस पथ को नगर निगम के माध्यम से बनवाया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की जो गुणवत्ता दिख रही है, वह प्रथम दृष्टया अत्यंत ही सराहनीय है, जिससे स्पष्ट होता है कि संवेदक द्वारा बेहतर तथा गुणवत्ता पूर्ण कार्य को अंजाम दिया है। 800 मीटर के इस पूरे पथ का आयुक्त तथा जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने कहा कि अब श्री कृष्ण सेतु पर आने जाने वाले यात्रियों को अब सुगमता पूर्वक यात्रा का लाभ मिलेगा तथा आवागमन की सुविधा मिलेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि मुंगेर से श्री कृष्ण सेतु होते हुए बेगूसराय एवं खगड़िया जाने हेतु एकमात्र लिंक पथ गीता बाबू रोड की ओर से प्रारंभ किया गया था, जो काफी जर्जर था और इस हो कर आने जाने वाले सभी यात्रियों तथा वाहनों को काफी परेशानी का भी सामना करना पड़ता था। आम यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए इस पथ के निर्माण कराए जाने हेतु नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया था। आदेशानुसार कार्य प्रारंभ किया गया, जिसका आज प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा उद्घाटन किया गया है। पूरी गुणवत्ता के साथ इस पथ को आज से आमजन के सुविधार्थ सुलभ आवागमन हेतु खोल दिया गया। इस पथ के निर्माण से आम यात्रियों को श्री कृष्ण सेतु पर चढ़ने उतरने में काफी सुविधा होगी।

## 18 प्रतिशत होने के बावजूद विधानसभा और लोकसभा में भागीदारी शून्य : शाहब मलिक मालिक




प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। बुधवार को सदर प्रखंड अंतर्गत मुबारकचक में जन सुराज द्वारा बेदारी कारवां की बैठक आयोजित किया। वही मुख्य अतिथि साहब मल्लिक ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता मनोज कुमार चंडी ने की। प्रदेश कार्य समिति सदस्य मोहम्मद शहाब मलिक ने कहा कि प्रशांत किशोर की निगरानी में समाज के हर तबके के लोगों के बीच जनसुराज बेदारी कारवां का संदेश पहुंचाने के लिए कार्यक्रमों की शुरूआत हो रही है।उन्होंने कहा कि बिहार में मुसलमानों की राजनीतिक भागीदारी में कमी है, जहां उनकी आबादी 18 प्रतिशत होने के बावजूद विधानसभा और लोकसभा में उनकी भागीदारी शून्य है। इस बैठक में जन सुराज बेदारी कारवां अभियान की शुरूआत की गई, जिसका मकसद पूरे बिहार में एक बेहतर निजाम बनाना है।इसके लिए बुद्धिजीवी लोगों को साथ जोड़कर काम किया जाएगा, ताकि बिहार के हर तबके के लोगों को उनका वाजिब हक दिलाया जा सके और बच्चों को बेहतर भविष्य और रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकें। इस बैठक में फेसबुक लाइव के माध्यम से भी भरपूर समर्थन मिला।इस बेदारी करवा में मोहम्मद शाहिद सरदार मोहम्मद ताहिर उप सरदार मोहम्मद गालिब मोहम्मद जाकिर हुसैन मोहम्मद मोहम्मद शमीम।

## किसान वैज्ञानिक विधियों को अपनाकर मखाना की अप्रत्याशित वृद्धि कर सकतें है : डॉ मनोज कुमार

प्रात : किरण, संवाददाता




दरभंगा। राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र दरभंगा में जिला उद्यान कार्यालय द्वारा मखाना विकास योजना के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। दरभंगा के सहायक निदेशक, उद्यान डॉ. नीरज कुमार झा, राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान के केंद्र प्रभारी सह प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आई.एस सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार, वैज्ञानिक डॉ. एस.बी तराटे एवं भोला पासवान शास्त्री कृषि महाविद्यालय पूर्णिया के वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार ने इस कार्यक्रम में महती भूमिका निभाई। डॉ नीरज झा ने दरभंगा के सभी 18 प्रखंडों के 200 से अधिक योजना लाभार्थी किसानों का स्वागत करते हुए कहा कि उद्यान निदेशालय, बिहार सरकार के वित्तीय सहयोग एवं राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र के तकनीकी सहयोग से दरभंगा को मखाना उत्पादन एवं प्रसंस्करण में अग्रणी जिला के रूप में स्थापित करने का उनका लक्ष्य है। प्रधान वैज्ञानिक डॉआई.एस. सिंह ने विगत 5 वर्षों में मखाना के क्षेत्र में हुए अनुसंधानों एवं कृषकों के लिए उनके संभावित लाभों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तर बिहार में मखाना के साथ-साथ सिंघाड़ा एवं कमल जैसी जलीय फसलों के विस्तार की भी प्रचुर संभावना है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार ने मखाने में पाई जाने वाली पौष्टिकता एवं औषधीय गुणों की बहुलता के कारण इसकी तेजी से बढ़ती वैश्विक मांग का हवाला देते हुए कहा कि मखाना उत्पादन, प्रसंस्करण एवं मूल्य-वर्धन की वैज्ञानिक विधियों को अपनाकर उत्तर बिहार में किसानों की आमदनी में अप्रत्याशित वृद्धि की जा सकती है। इससे मिथिला सहित समूचे उत्तर बिहार की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। डॉ. कुमार ने मखाना उत्पादन, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन की विस्तृत जानकारी प्रशिक्षुओं को दी। वैज्ञानिक डॉ. एस.बी तराटे ने जलीय खेती में भूमि एवं जल प्रबंधन की भूमिका पर प्रकाश डाला। वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार ने मिथिला मखाना नाम से प्राप्त जी.आई. टैग का लाभ किसानों को कैसे मिले इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए मखाना विकास योजना की गतिविधियों पर चर्चा की। मखाना प्रसंस्करण में प्रयुक्त मशीनों की प्रदर्शनी के साथ साथ संस्थान के प्रायोगिक क्षेत्र में किसानों का परिभ्रमण भी कराया गया।

सम्पादकीय

# सुभाष चंद्र बोसः पीढ़ियों को प्रेरित करने वाली विरासत

पराक्रम दिवस के अवसर पर, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती को रेखांकित करता है, हम भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अपार योगदान और उनकी अदम्य भावना का सम्मान करते हैं, जो आज भी युवाओं को प्रेरित करती है। इस दूरदर्शी नेता के जीवन और आदर्शों का उत्सव मनाने के लिए स्थापित, पराक्रम दिवस इस बात पर विचार करने का एक अवसर है कि हम उनके सिद्धांतों को अपनी व्यक्तिगत और राष्ट्रीय आकांक्षाओं के साथ कैसे एकीकृत कर सकते हैं। यह दिन, न केवल उनके बलिदान की याद दिलाता है, बल्कि कार्रवाई का आह्वान भी करता है तथा हमें साहस, निष्ठा और नेतृत्व के उनके सिद्धांतों को अपनाने का आग्रह करता है, ताकि एक समृद्ध, आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, नेताजी के योगदान को संस्थागत रूप दिया गया है तथा इसे पहले से कहीं ज्यादा बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है। 2021 में, सरकार ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में नामित किया, जिससे नेताजी की विरासत का सम्मान करने के लिए वार्षिक राष्ट्रव्यापी समारोह सुनिश्चित हुआ। कर्त्तव्य पथ पुनर्विकास परियोजना के तहत इंडिया गेट पर नेताजी की प्रतिमा का अनावरण, उनके विजन के प्रति एक ऐतिहासिक श्रद्धांजलि थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे ह्वभारतीय गौरव और संस्कृति के पुनरुत्थानह्व का प्रतीक घोषित किया, जो बोस के राष्ट्रवाद के आदर्शों के अनुरूप है। इसके अलावा, नेताजी से जुड़ी 304 फाइलों को सार्वजनिक करना एक ऐतिहासिक कदम था, जिसने दशकों से चल रही अटकलों को खत्म कर दिया और जनता को उनके जीवन और कार्य से जुड़े महत्वपूर्ण रिकॉर्ड तक पहुंच प्रदान की। इसके अतिरिक्त, मणिपुर के मोइरंग में आईएनए मेमोरियल का पुनरुद्धार, जहां इंडियन नेशनल आर्मी ने पहली बार तिरंगा फहराया था, नेताजी की विरासत को संरक्षित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने बोस के वैश्विक प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ह्वनेताजी का जीवन स्वतंत्रता के लिए समर्पित था और उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी, जो आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरा हो। सुभाष बोस का जन्म कटक में एक सम्मानित परिवार में हुआ था। वे एक प्रतिभाशाली छात्र थे। कटक के रेवेनशॉ कॉलेजिएट स्कूल, कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज और भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) परीक्षा में उन्होंने अपने अध्ययन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। देशभक्ति की गहरी भावना और अपने देश की सेवा करने की इच्छा से प्रेरित होकर, उन्होंने एक सम्मानजनक करियर की सुख-सुविधाओं को ठुकराते हुए आईसीएस से इस्तीफा देने का फैसला किया। बाद में, उन्होंने देशभक्ति की भावना जगाने और देशवासियों के बीच स्वतंत्रता का संदेश फैलाने के लिए 1921 में स्वराज नामक एक समाचार पत्र शुरू किया। नेताजी का स्वतंत्र भारत का सपना सिर्फ.एक सपना नहीं था, बल्कि कार्रवाई का आह्वान था। जब वे 1941 में नजरबंदी से भाग निकले और अंतरराष्ट्रीय समर्थन मांगा, तो यह सिर्फ.एक रणनीतिक कदम नहीं था - यह दृढ़ संकल्प, सहनशीलता और जरूरत पड़ने पर अपरंपरागत रास्ते अपनाने की इच्छाशक्ति का एक साहसिक दावा था। उन्होंने घोषणा की, मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा, यह उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि सच्ची आजादी के लिए सिर्फ.शब्दों की नहीं, बल्कि कार्यों की भी जरूरत होती है। चाहे वह इंडियन नेशनल आर्मी (आईएनए) के निर्माण के जरिए हो या आजाद हिंद रेडियो पर उनके भाषणों के जरिए, बोस ने दिखाया कि आजादी हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास, बलिदान और प्रगति के व्यापक दृष्टिकोण में योगदान देने की इच्छा की जरूरत होती है। पूर्व ब्रिटिश पीएम क्लेमेंट एटली ने एक बयान में अंग्रेजों के भारत छोड़ने के कई कारण बताए, उनमें से सबसे प्रमुख कारण था - नेताजी की सैन्य गतिविधियों के परिणामस्वरूप भारतीय सेना और नौसेना कर्मियों के बीच ब्रिटिश राज के प्रति वफादारी का कम होना। यद्यपि महात्मा गांधी के साथ उनके वैचारिक मतभेद जगजाहिर थे, लेकिन गांधी के सिद्धांतों के प्रति बोस का सम्मान अटल रहा और उनके विपरीत रास्ते उनके पृथक दृष्टिकोणों को उजागर करते थे। नेताजी ने 1939 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया, लेकिन भारत की स्वतंत्रता की उनकी प्रतिबद्धता कभी कम नहीं हुई। आज के युवाओं के लिए, यह हमें अपने आदर्शों के प्रति सच्चे रहने का महत्व सिखाता है, भले ही आगे का रास्ता चुनौतियों से भरा हो।

# ट्रंप के आपातकाल फैसले

राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप ने अमरीका की दक्षिणी सीमा, मैक्सिको बॉर्डर, पर आपातकाल घोषित कर दिया। वहां सेना भेजने की भी घोषणा की गई है। राष्ट्रपति ट्रंप के लिए अवैध घुसपैठियों का मुद्दा सबसे संवेदनशील है। अवैध प्रवासियों को उनके मूल देश तक अमरीका छोड़ कर ही दम लेगा। इनमें करीब 18, 000 भारतीयों पर भी तलवार लटकी है, जो अवैध प्रवासी हैं। मैक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाने का काम तेज किया जाएगा। राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान भी यह दीवार उनकी पहली प्राथमिकताओं में थी। मैक्सिको खाड़ी का नाम जल्द ही बदल कर अमरीका की खाड़ी किया जाएगा। अमरीका में जो ड्रग तस्कर, माफिया किस्म के लोग सक्रिय हैं, उन्हें राष्ट्रपति ने आतंकवादी घोषित कर दिया है। अमरीका पनामा नहर पर कब्जा करेगा। ट्रंप ने घोषणा की है कि हमने पनामा नहर तोहफे के तौर पनामा को दी थी, लेकिन चीन इसका संचालन कर रहा है। हमने चीन को यह नहर नहीं दी थी, लिहाजा हम इसे वापस ले रहे हैं। क्या कब्जे की नीयत अमरीका-चीन में नए टकराव का सबब नहीं बनेगी? राष्ट्रपति ट्रंप ने एनर्जी इमरजेंसी भी घोषित कर अपना मकसद साफ कर दिया है। अमरीका ऊर्जा-उत्पादन को बढ़ावा देगा और दुनिया के देशों को इसका निर्यात करेगा। अमरीका ग्रीन न्यू डील को समाप्त करेगा। विद्युत-वाहनों की अनिवार्यता रद्द की जाएगी। इन वाहनों पर सबसिडी भी खत्म की जाएगी। पेट्रोल-डीजल की गाडिों को प्रोत्साहन देकर ह्यऑटो उद्योगह्ण को दोबारा जिंदा करेंगे। दूसरे देशों को समृद्ध बनाने के लिए अपने नागरिकों पर टैक्स लगाने के बजाय विदेशों पर अधिक टैरिफ और कर लगाएंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने सबसे महत्वपूर्ण घोषणा यह की है कि अमरीकी सेना स्वतंत्र रूप से अपने मिशन पूरे करेगी, लेकिन दूसरे देशों के युद्धों, टकरावों में अब सेना शामिल नहीं होगी। ट्रंप का संकेत स्पष्ट है, क्योंकि अमरीकी सेना विदेशी जमीन पर हस्तक्षेप करती रही है, लेकिन पराजित होकर, खाली हाथ उसे लौटना पड़ा है। ट्रंप के मुताबिक, हमारे लिए देश की सीमाओं की सुरक्षा करना पहली प्राथमिकता है। अमरीका दुनिया भर में अमन-चैन और स्थिरता का पक्षधर है। नए राष्ट्रपति अब शांति-पुरुष की छवि बनाकर नोबेल पुरस्कार हासिल करना चाहते हैं? बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के आगाज पर कई संकेत दिए हैं कि वह आपातकाल, आक्रामक, परिवर्तनकारी, भिन्न, सौ फीसदी अमरीका फर्स्ट और युद्ध-विरोधी नीतियों के साथ आगे बढ़ेंगे। वह अमरीका को दोबारा मैन्युफैक्चरिंग का गढ़ बनाना चाहते हैं। अमरीका में महंगाई, मुद्रास्फीति, बेरोजगारी को कम करना चाहते हैं, ताकि अमरीका फिर से महान देश बन सके। पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन उनकी बगल में, दूसरी कतार में ही, बैठे थे और राष्ट्रपति ट्रंप उनकी सरकार की छीछालेदर कर रहे थे। ऐसा देश महान लोकतंत्र नहीं बन सकता। ट्रंप ने 20 जनवरी को अमरीका का मुक्ति दिवस घोषित किया। आखिर अमरीका किनसे मुक्ति पा रहा है? राष्ट्रपति ट्रंप बहुत जल्दी में लगते हैं। बताया जा रहा है कि वह करीब 200 आदेशों पर हस्ताक्षर करने वाले हैं। क्या उनमें भी अधिकतर फैसले ह्यआपातकालह्ण किस्म के होंगे? बहरहाल हमारा बुनियादी सरोकार अमरीका, भारत, चीन के अंतसंर्बंधों और समीकरणों पर है। राष्ट्रपति ट्रंप निकट भविष्य में भारत या चीन की यात्रा कर सकते हैं। भारत-प्रवास का कार्यक्रम अप्रैल में संभावित बताया जा रहा है। बहरहाल, ट्रंप के कदमों से सभी पक्षों के लोग घबराहट और चिंता की स्थिति में हैं।

# आत्मनिर्भरता को मजबूत करते हुए चीन के साथ भारत के सम्बंध

**भारत-चीन सम्बंध अभिसरण और घर्षण दोनों से चिह्नित हैं, जिसके लिए एक सूक्ष्म दृष्टिकोण की आवश्यकता है। जबकि व्यापार, जलवायु कार्यवाही और बहुपक्षीय सहयोग जैसे क्षेत्र अवसर प्रदान करते हैं, सीमा विवाद, व्यापार असंतुलन और भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता जैसी चुनौतियाँ बनी रहती हैं। भारत को आत्मनिर्भरता और आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए रणनीतिक सावधानी के साथ जुड़ाव को संतुलित करना चाहिए। गठबंधनों को मजबूत करना, घरेलू नवाचार को बढ़ावा देना और आर्थिक लचीलेपन को बढ़ावा देना महत्त्वपूर्ण है। एक व्यावहारिक और बहुआयामी रणनीति अपनाकर, भारत क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देते हुए अपने हितों की रक्षा कर सकता है। भारत क्वाड नौसैनिक अभ्यास के माध्यम से नौसैनिक गठबंधनों को मजबूत कर सकता है, जबकि हिंद महासागर में तनाव को रोकने के लिए कूटनीतिक रूप से चीन से जुड़ सकता है। उदाहरण के लिए, भारत ने अंतर-संचालन को बढ़ाने के लिए अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मालाबार 2023 अभ्यास किया।**





प्रियंका सौरभ
लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत गैर-प्रतिस्थापनीय आयातों के लिए चुनिंदा व्यापार सम्बंधों को बनाए रखते हुए महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में घरेलू उत्पादन को बढ़ावा दे सकता है। उदाहरण के लिए, सेमीकंडक्टर के लिए पीएलआई योजना माइक्रोन टेक्नोलॉजी जैसी वैश्विक कंपनियों को आकर्षित कर रही है, जबकि भारत घरेलू क्षमता बढ़ने तक चीन से उन्नत सिलिकॉन वेफर्स का आयात जारी रखता है। इसी तरह, टैरिफ वृद्धि और स्थानीय विनिर्माण द्वारा समर्थित भारत के खिलौना उद्योग ने चीन से आयात कम कर दिया। हरित ऊर्जा में सहयोग, विविध भागीदारः भारत साझा चिंताओं को दूर करने के लिए ब्रिक्स जैसे बहुपक्षीय जलवायु मंचों पर चीन के साथ जुड़ सकता है, जबकि विविध देशों से नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त कर सकता है। भारत ने इंडो-जर्मन ग्रीन हाइड्रोजन टास्क फोर्स के माध्यम से हरित हाइड्रोजन विकास में जर्मनी के साथ भागीदारी की, जबकि जापान के साथ सौर बैटरी प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर भी बातचीत की। इस बीच, भारत घरेलू नवीकरणीय उद्योगों में क्षमता निर्माण के लिए पवन टर्बाइनों में चीन की विशेषज्ञता का लाभ उठा सकता है। महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के लिए स्वदेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए ईवी विनिर्माण जैसे गैर-संवेदनशील क्षेत्रों में चीनी फर्मों के साथ साझेदारी को प्रोत्साहित करें। उदाहरण के लिए, चीन की इलेक्ट्रिक वाहन प्रमुख कंपनी बीवाईडी भारत में विनिर्माण कार्य शुरू करने के लिए उत्सुक है, जैसे ही ह्यसभी कारकह्ण ह्यआगे बढ़नेह्ण का संकेत देते हैं और योजना निरंतर मूल्यांकन के अधीन है। भारत कूटनीतिक जुड़ाव जारी रखते हुए चीन की मुखर उपस्थिति का मुकाबला करने के लिए सीमा पर बुनियादी ढाँचा विकसित कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत के (सीमा सड़क संगठन) ने लद्दाख तक पहुँच को बेहतर बनाने के लिए अटल सुरंग को पूरा किया, जबकि दिसम्बर 2024 में भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों की 23वीं बैठक के माध्यम से कूटनीतिक प्रयासों ने कुछ क्षेत्रों में तनाव कम किया। भारत साझा विकास लक्ष्यों के लिए एआईआईबी और एससीओ जैसे प्लेटफॉर्म का लाभ उठा सकता है जबकि क्वाड जैसी साझेदारी के माध्यम से चीन के प्रभाव को संतुलित कर सकता है। उदाहरण के लिए, एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी ढांचे में भारत की सक्रिय भागीदारी आतंकवाद-रोधी सहयोग सुनिश्चित करती है, जबकि साथ ही सेमीकंडक्टर और दुर्लभ पृथ्वी के स्रोत में विविधता लाने के लिए क्वाड की आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन पहल का उपयोग करती है। प्रौद्योगिकी सहयोग, स्वदेशी नवाचारः भारत कृषि के लिए एआई जैसे कम संवेदनशील क्षेत्रों में चीन के साथ सहयोग कर सकता है, जबकि महत्त्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत भारतनेट और चंद्रयान मिशन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से 5जी और उपग्रह तकनीक में घरेलू प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, सटीक खेती एआई में चीन की विशेषज्ञता का लाभ उठा सकता है। भारत चीन के साथ आर्थिक जुड़ाव बनाए रखते हुए आसियान, दक्षिण कोरिया और अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार साझेदारी को गहरा करके चीनी आयात पर अपनी निर्भरता कम कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी ने वियतनाम के साथ मजबूत व्यापार सम्बंधों को बढ़ावा दिया, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और रसायनों में, जिससे चीनी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भरता कम हुई। भारत क्वाड नौसैनिक अभ्यास के माध्यम से नौसैनिक गठबंधनों को मजबूत कर सकता है, जबकि हिंद महासागर में तनाव को रोकने के लिए कूटनीतिक रूप से चीन से जुड़ सकता है। उदाहरण के लिए, भारत ने अंतर-संचालन को बढ़ाने के लिए अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मालाबार 2023 अभ्यास किया। जबकि, भारत की सागरमाला परियोजना हंबनटोटा जैसे समुद्र में चीनी प्रभाव को संतुलित करने के लिए रणनीतिक भारतीय बंदरगाहों के विकास को सुनिश्चित करती है। भारत चीन के आपूर्ति श्रृंखला प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए बांग्लादेश, नेपाल और अफ्रीकी देशों जैसे पड़ोसी देशों में क्षेत्रीय विनिर्माण केंद्र विकसित करने में रणनीतिक रूप से निवेश कर सकता है। औद्योगिक पार्कों का निर्माण करके और इन क्षेत्रों में परिचालन का विस्तार करने के लिए भारतीय फर्मों को प्रोत्साहित करके, भारत वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएँ बना सकता है। उदाहरण के लिए, भारत कपड़ा विनिर्माण के लिए इथियोपिया के साथ साझेदारी कर सकता है, जिससे निर्भरता में विविधता आएगी और भू-राजनीतिक सद्भावना बनेगी। भारत क्षेत्रीय स्थिरता का प्रबंधन करने के लिए चीन के साथ कूटनीतिक चर्चा करते हुए नागरिक और सैन्य दोनों जरूरतों को पूरा करने के लिए पूर्वोत्तर और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचा विकसित कर सकता है। उदाहरण के लिए, रसद के लिए पोर्ट ब्लेयर की क्षमता का विस्तार संघर्ष को बढ़ाए बिना भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को दर्शाता है। यह चीन की स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स रणनीति का मुकाबला करते हुए इंडो-पैसिफिक में आपूर्ति श्रृंखला कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित करता है। भारत चीन पर अत्यधिक निर्भरता के कारण होने वाले अल्पकालिक व्यवधानों को कम करने के लिए दुर्लभ पृथ्वी खनिजों, एपीआई और अर्धचालकों जैसे महत्त्वपूर्ण आयातों के रणनीतिक भंडार बना सकता है। उदाहरण के लिए, भारत लिथियम के लिए ऑस्ट्रेलिया और चिली के साथ साझेदारी स्थापित कर सकता है, ईवी विनिर्माण जैसे उद्योगों का समर्थन करने के लिए भंडार बना सकता है। यह भू-राजनीतिक तनावों के दौरान घबराहट से प्रेरित निर्भरता को कम करते हुए आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन सुनिश्चित करता है। कपड़ा और खिलौने जैसे क्षेत्रों में सस्ते चीनी आयात का मुकाबला करने के लिए, भारत ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडिंग के साथ उन्हें एकीकृत करके पारंपरिक उद्योगों को पुनर्जीवित कर सकता है। उदाहरण के लिए, ह्लएक जिला, एक उत्पाद जैसी योजनाओं के तहत उत्पादों का निर्यात करते हुए अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी करके पोचमपल्ली रेशम, बनारसी साड़ियों और भारतीय लकड़ी के खिलौनों की वैश्विक स्तर पर पहुँच बढ़ाई जा सकती है। यह भारत के एमएसमीई पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देते हुए कम तकनीक वाले क्षेत्रों में चीनी आयात पर निर्भरता को कम करता है।

# भारत में अर्ध कुंभ, पूर्ण कुंभ और महाकुंभ का होता है आयोजन

**लगातार बजते घड़ी-घंटाल, शंखों की गूंजती ध्वनि, मंत्रोच्चार, 24 घंटे पवित्र गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम में स्नान करते असंख्य लोग, यज्ञशालाओं से निकलती हवन कुंड की अग्नि, भजन-कीर्तन के साथ प्रवचनों और हेलीकॉप्टरों द्वारा पुष्प वर्षो से वातावरण भक्तिमय दिखता है। कुंभ स्नान की डुबकी लगाते ही यह महसूस होता है कि शरीर हल्का हो गया है और लगता है शरीर का सैकड़ों मन का बोझ डुबकी लगाते ही पानी में बह गया। स्नानोपरांत मन और शरीर एक आलौकिक किस्म की दिव्य ऊर्जा से लगता है की भर गया। महाकुंभ मेला के संबंध में मान्यता है कि ज्योतिषिय और खगोलीय घटनाओं के अनुसार महाकुंभ मेला आयोजित होता है और इस बार 144 वर्ष के बाद यह मेला आयोजित हुआ है। यह भी मान्यता है कि महाकुंभ में स्नान करने से मनुष्य को कई गुना अधिक पुण्य की प्राप्ति होता है और मोक्ष प्राप्ति का का भी अवसर मिलता है।**





जितेन्द्र कुमार सिन्हा
लेखक

45 दिनों तक चलती है महाकुंभ मेला, जिसमें करोड़ों श्रद्धालु गंगा, यमुना और रहस्यमयी सरस्वती के पवित्र संगम पर स्नान करते हैं। महाकुम्भ में 13 जनवरी को मुख्य स्नान और 14 जनवरी को मकर संक्रान्ति स्नान हो चुका है। अब 29 जनवरी को मौनी अमावस्या स्नान, 03 फरवरी को बसंत पंचमी स्नान, 12 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान और अंतिम स्नान के 26 फरवरी को माघी पूर्णिमा स्नान होगी। कुंभ नगर 4000 हेक्टेयर में बनाया गया है और इसे 25 सेक्टरों में बांटा गया है, डेढ़ लाख से अधिक टेंट बनाया गया है, 44 घाटों पर श्रद्धालुओं के स्नान की व्यवस्था है, जो 12 किलोमीटर लंबाई में फैली हुई है। गाड़ी पार्किंग की व्यवस्था 102 स्थानों पर किया गया हैं, जिनमें लगभग साढ़े पांच लाख गाड़ियां खड़ी हो सकती हैं।मुख्य रूप से कुंभ समागन में तपस्वी, संत, साधु, साध्वियां, कल्पवासी और सभी क्षेत्रों के तीर्थयात्री शामिल होते हैं। इस मेला में सभी धर्मों के लोग बिना जात पात, ऊंच नीच की भावना से विरक्त होकर शामिल होते हैं। महाकुंभ का दृश्य विहंगम दिखता है। मीलों तक भगवा वस्त्रों में लिपटे साधु-संतों की कतारें, उनके द्वारा मंत्रोच्चार करते, जहां तक नजरें देख घुमती हैं, वहां तक फैला जन सैलाब, यह एक ऐसा दृश्य होता है, जो कुंभ के अलावा कहीं नहीं देखने को मिलता है। संगम स्नान करने के बाद वापस आ रहे लोगों के हुजूम (महाकुंभ के दृश्य) पूरे देश को आह्लादित कर रहा हैं। सूत्रों के माने तो बुधादित्य महायोग के दिन 13 जनवरी को श्रद्धालुओं के संगम स्नान करने का आंकड़ा एक करोड़, पचहत्तर लाख रहा था, तो वहीं 14 जनवरी का लगभग साढ़े तीन करोड़ बताया जा रहा है। मोटा-मोटी आकलन किया गया है कि लगभग 40 करोड़ लोग देश-विदेश से प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचेंगे। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुम्भ मेला 13 जनवरी से शुरू है और 26 फरवरी तक चलेगा। यह मेला गंगा नदी, यमुना नदी और अदृश्य सरस्वती नदी के संगम पर लगता है। हिन्दू धर्म में कुम्भ मेला एक धार्मिक आस्था का तीर्थ यात्रा है, जो 12 वर्ष के दौरान चार बार और चार पवित्र स्थलों पर लगती है। पहला हरिद्वार, उतराखंड में गंगा नदी के तट पर, दूसरा उज्जैन, मध्यप्रदेश में शिप्रा नदी के तट पर, तीसरा नासिक, महाराष्ट्र में गोदावरी नदी के तट पर और चौथा प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में, गंगा, यमुना और पौराणिक अदृश्य सरस्वती नदियों के संगम पर। कुम्भ का शाब्दिक अर्थ घड़ा-कलश- सुराही या वर्तन से होता है और मेला से एक साथ मिलने या चलने का बोध होता है। कुम्भ की उत्पत्ति के संबंध में मान्यता है कि जब समुद्र मंथन के दौरान अमरता को प्रदान करने वाला अमृत कलश समुद्र से निकला था और कलश के लिए देवताओं और असुरों के बीच भयंकर युद्ध हुआ था। अमृत कलश को अधिक शक्तिशाली असुरों से बचाने के लिए इसकी सुरक्षा की जबाबदेही चार देवताओं यथा बृहस्पति, शनि, सूर्य और चन्द्र को सौंपी गई थी। चारों देवता असुरों से अमृत कलश को बचाकर भागे और असुरों ने देवताओं का पीछा 12 दिन और रात तक किया। पीछा करने के दौरान देवताओं ने अमृत कलश को चार जगह हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक में रखा था, जहाँ कलश से अमृत की कुछ बूंदें गिरी थी। इसलिए इन चारो स्थान पर हर 12 वर्ष पर कुंभ मेला लगता है। भारत में अर्ध कुंभ, पूर्ण कुंभ और महाकुंभ का आयोजन होता है। अर्ध कुंभ छह साल में, पूर्ण कुंभ बारह साल में तथा महाकुंभ बारह पूर्ण कुंभ मेलों के बाद, अर्थात हर 144 साल वर्षों में एक बार आयोजित होता है। यह महाकुंभ का संयोग तब बनता है, जब वृहस्पति और सूर्य कुंभ राशि में होते हैं और इसके साथ चंद्रमा भी उसी राशि में अवस्थित होते हैं। कुंभ मेला कई शताब्दियों से मनाया जा रहा है। प्रयागराज कुंभ मेले का सबसे पहला उल्लेख वर्ष 1600 ई. में मिलता है और अन्य स्थानों पर, कुंभ मेला 14वीं शताब्दी की शुरूआत में आयोजित किया गया था। कुंभ मेला में साधुओं के शाही स्नान के बाद ही नदी में कोई अन्य लोग स्नान करते हैं। हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार कुंभ मेला एक धार्मिक महाआयोजन है। कुंभ मेले के दौरान हाथी, घोड़े और रथों पर अखाड़ों का पारंपरिक जुलूस निकलती है। सनातन धर्म में 13 तरह के अखाड़े होते हैं (1) निरंजनी अखाड़ा, (2) जूना अखाड़ा, (3) महानिर्माण अखाड़ा, (4) अटल अखाड़ा, (5) आह्वान अखाड़ा, (6) आनंद अखाड़ा, (7) पंचाग्नि अखाड़ा, (8) नागपंथी गोरखनाथ अखाड़ा, (9) वैष्णव अखाड़ा, (10) उदासीन पंचायती बड़ा अखाड़ा, (11) उदासीन नया अखाड़ा, (12) निर्मल पंचायती अखाड़ा, (13) निमोर्ही अखाड़ा। सूत्रों के अनुसार, यह सभी अखाड़े उदासीन, शैव और वैष्णव पंथ के संन्यासियों के लिए हैं। इनमें से 7 अखाड़ों का संबंध शैव सन्यासी संप्रदाय से है और 3 अखाड़े बैरागी वैष्णव संप्रदाय से जुड़े हुए हैं। इसके साथ ही उदासीन संप्रदाय के 3 अखाड़े हैं। त्रिवेणी मार्ग पर पीपा पुल पार करते ही अखाड़ा क्षेत्र शुरू हो जाता है। महाकुंभ के साधु-संतों को अखाड़े के नाम से जाना जाता है। साधु संतों के इन अखाड़ों को हिन्दू धर्म में धार्मिकता और साधना का प्रतीक माना जाता है। सनातन धर्म के अनुसार, आदि शंकराचार्य ने हिन्दू धर्म की रक्षा करने के लिए साधुओं के लिए कई संगठन बनाए थे। इन संगठनों को अखाड़े के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि कुंभ मेला के दौरान इन स्थलों पर स्नान करने से, मनुष्य के सभी पाप कर्मों और किए गए बुराईयों का नाश हो जाता है और मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह भी मान्यता है कि इस समय (कुंभ के समय) गंगा का पानी सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहता है।

राकेश अचल

# कुम्भ में डुबकी लगाती सरकार और जनता के मुद्दे

शायद मै ही पापी हूँ जो 144 साल बाद आये महत्वपूर्ण नक्षत्रों और तिथियों वाले महाकुम्भ में डुबकी लगाने नहीं जा रहा, अन्यथा उत्तर प्रदेश की सरकार और देश के तमाम ज्वलंत मुद्दे महाकुम्भ में डुबकी लगाकर तरते दिखाई दे रहे हैं, और तो और अमेरिका में रिश्वत देने के आरोपी भी इस महाकुम्भ में डुबकी के लिए पहुँच चुके हैं। लेकिन मुझे महाकुम्भ में डुबकी न लगाने का कोई अफसोस नहीं है, क्योंकि मैंने अभी तक जान-बूझकर कोई पाप नहीं किया और अनजाने पापों के लिए मुझे कोई आत्मग्लानि नहीं है। आपको हैरानी होगी कि इस महाकुम्भ की वजह से दिल्ली का विधानसभा चुनाव नीरस हो गया, और तो और अमेरिका के महाबली राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के सीधे प्रसारण को उतनी टीआरपी नहीं मिली जितनी महाकुम्भ में मालाएं बेचने वाली कथित मोनालिसा के विवाह को मिल चुकी है। ये महाकुम्भ का ही प्रभाव है शायद कि जीतनराम माझी के एनडीए छोड़ने की खबरों को कोई तवज्जो नहीं दे रहा। किसी को इस बात में कोई दिलचस्पी नहीं है कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का रामचरित को लेकर ज्ञान कितना सतही है? केजरीवाल कहते हैं कि सीताहरण के लिए रावण ने स्वर्णमृग का रूप धरा था। महाकुम्भ में पुण्य लाभ की लालसा गरीब से गरीब और अमीर से अमीर आदमी में ही नहीं बल्कि सरकारों में भी है। खबर है कि उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक कुम्भ में ही हो रही है। बैठक के बाद उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सभी मंत्रियों के साथ महाकुम्भ में डुबकी लगाकर पाप विमोचित होने की कोशिश करेंगे। मै इस टोटके को कोशिश इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार के पापों की संख्या कम नहीं है। उत्तर प्रदेश की सरकार ने बुलडोजरों और फर्जी मुठभेड़ों के जरिये कितने पाप किये हैं, ये गिनाने की जरूरत नहीं है। हमारे मध्यप्रदेश की सरकार भी उज्जयनी में जब सिंहस्थ होता है तब ऐसा ही टोटका करती है। ऐसा करने में सरकार के बाप का क्या जाता है? पानी में तो जाती है जनता की गाढ़ी कमाई से मिला पैसा। महाकुम्भ में पुलिस पिछले दिनों हुए अग्निकांड के पीछे साजिश की तलाश कर रही है तो अमेरिका की पुलिस के लिए वांछित भारत के नंबर दो के धनकुबेर माननीय गौतम अडानी साहब हाथ में कड़छी लिए महाकुम्भ में प्रकट हो चुके हैं। वे महाप्रसाद बनाने में सहयोग कर रहे हैं। महापाप के बाद महाप्रसाद बनाना कितना कौतूहल पैदा करता है? अडानी साहब सपरिवार महाकुम्भ में गए हैं। उन्हें वहां मीलों पैदल थोड़े ही चलना पड़ा है। वे उसी इस्कॉन के शिविर में हैं जिसके खारघर मुंबई में बने मंदिर का लोकार्पण हाल ही में माननीय प्रधानमंत्री जी ने किया है।अडानी का इस्कॉन से जितना गहरा रिश्ता है उतना ही उत्तर प्रदेश की सरकार से भी है। अगले महीने उनके बेटे की शादी है इसलिए वे महाकुम्भ में इस्कॉन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। महाकुम्भ में भारत के ए-1 मुकेश अम्बानी भी आते लेकिन उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प साहब ने अपने शपथ ग्रहण समारोह में बुला लिया। मुकेश भाई महाकुम्भ से जायदा महत्वपूर्ण महाशपथ को मानते थे, इसलिए वे पहले अमेरिका गए, मुमकिन है कि बाद में प्रयागराज भी जाएँ, क्योंकि पाप विमोचित होने की इच्छा तो उनकी भी होगी ही। हो सकता है कि वे मोच्छ की कामना लेकर कुम्भ में जाएँ भी या न भी जाए। क्योंकि यदि वे सगुणोपासक हुए तो मोच्छ लेकर क्या करेंगे, उन्हें तो हरि भक्ति की लालसा होगी। ये तो गनीमत है कि इस महाकुम्भ में भक्तों को उस तरह मुफ्त में भर-भरकर देश भर से प्रयागराज नहीं ले जाया जा रहा, जैसे कि अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने के लिए ले जाया गया था। तब डबल इंजिन की सरकारों ने अपने खजाने खोल दिए थे। भाजपा और संघ के कार्यकर्ता इस काम के लिए खासतौर पर तैनात किये गए थे। सरकार को पता है कि महाकुम्भ में तो जनता अपने -आप पहुँच जाती है। अयोध्या में घेरकर ले जाना पड़ती है। और मुफ्त में दर्शन करने के बाद अयोध्या में जीत मिली थी समाजवादी पार्टी को। बहरहाल कुम्भ में अभी केंद्र सरकार का और पापी कांग्रेस के नेताओं का डुबकी लगना बाकी है। महाकुम्भ में डुबकी लगाए बिना न भाजपा के पाप धुलने वाले हैं और न कांग्रेस के। बाकी राजनीतिक दलों के बारे में, मै कुछ कहना नहीं चाहता। अभी महाकुम्भ में तीन सप्ताह और बाकी हैं। जिसके मन में ग्लानि हो, पाप विमोचन का सपना हो, वो प्रयागराज जा सकता है। जो नहीं जा पा रहा वो अपने स्नानागार में ही गंगाजल मिले जल से स्नान कर पाप विमोचित हो सकता है, (ऐसा जगद्गुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानद ने कहा है) मैंने तय किया है कि मै सपत्नीक प्रयागराज महाकुम्भ के बाद जाऊंगा तब तक गंगा मैया भी साफ-सुथरी हो चुकी होंगीं।

## संक्षिप्त खबरें

### देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

बनियापुर । सहाजीतपुर थाना क्षेत्र के सिसई गाव मे पुलिस ने विशेष छापामारी मे एक व्यक्ति के गुमटी नुमा दुकान से सात लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध मे पुअ नि मधुरीमा मनीषा के ब्यान पर दर्ज प्राथमिकी मे बताया गया है कि पुलिस गस्ती मे निकले थे कि गुप्त सूचना मिली थी कि सिसई मे सोना लाल महतो के गुमटी मे शराब बिक्री के लिए रखा है ,जहा सत्यापन के लिए छापामारी की गयी तो तलाशी के क्रम मे पॉलीथिन मे रखे पांच लीटर तथा अन्य पॉलीथिन मे दो लीटर कुल सात लीटर शराब बरामद किया गया है।जिसके जप्ति के बाद धंधरबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### अष्टयाम के लिए जलभरी का हुआ आयोजन

खैरा। प्रखंड क्षेत्र के खैरा में ग्रामीणों के द्वारा अष्टायाम के लिए जलभरी का आयोजन किया गया जलभरी खैरा राम जानकी मठिया के प्रांगण में वैदिक मंत्रोचार के साथ शुरू हुआ तथा ढ़ोलनगारे के साथ खैरा भट्ठी होते हुए कृष्ण चौक होते हुए नागेंद्र सिंह के दरवाजे के सामने आकर के कार्यक्रम का समापन हुआ और उसके बाद अष्टायम का विधिवत शुरूआत वैदिक मंत्रोचार के साथ आचार्य मनोज उपाध्याय के टीम के द्वारा शुरू किया गया। अष्टयाम में यजमान के रूप में वीरेंद्र सिंह ,राजू सिंह, नागेंद्र सिंह एवं सत्येंद्र सिंह थे तथा इस कार्यक्रम में सैकड़ो ग्रामीणों ने भाग लिया।

### पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफतार कर भेजा जेल

एकमा। स्थानीय थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के छित्रवलिया गांव निवासी अंजित सिंह के पुत्र अनुराग कुमार सिंह के पास से दस लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया वहीं एकमा भन्टोली गांव निवासी वारंटी विश्व मोहन शर्मा के पुत्र भुषण शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने दोनो आरोपियों पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

### विशेष अभियान में 34 अभियुक्त हुए गिरफ्तार

छपरा कार्यालय। सारण पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों / अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन / बिक्री/भण्डारण / निर्माण / परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल-34 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में-09, शराब सेवन-07, वारंट में-11, हत्या के प्रयास में-02, अपहरण में-01 एवं रउ/रळ एक्ट में 04 अभियुक्त शामिल हैं।जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 66 वाहन से 94,500 रू० जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब- 67 ली०, विदेशी शराब- 68.22 ली०, स्प्रीट 1.80 ली०, अपहृता-01, मोबाइल-02 एवं मोटरसाइकिल-01 बरामद किया गया है।

### आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को ले हुई बैठक

छपरा कोर्ट। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभागार में आगामी 8 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर सारन जिला के सभी प्रखंडों के प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सरपंच न्याय सचिव की बैठक रखी गई है। आज की बैठक सदर प्रखंड एवं जलालपुर प्रखंड मढ़ौरा पानापुर मसरख तरैया का रखा गया था। जिसमें सदर प्रखंड एवं जलालपुर प्रखंड से पंचायती राज पदाधिकारी सरपंच एवं न्याय सचिव कोई उपस्थित नहीं हुआ था। केवल उन प्रखंडों के न्याय मित्र उपस्थित हुए थे। जिनको इस मीटिंग में बुलाया ही नहीं गया था। जिसके कारण प्राधिकार के सचिव धर्मेंद्र कुमार पांडे ने कड़ा रुख अपनाते हुए। शो कॉज करने का आदेश दिया है।शेष आए हुए प्रखंडों के पंचायती राज पदाधिकारी सरपंच एवं न्याय सचिव को बैठक में कहा गया है कि जो भी मामले ग्राम कचहरी में सुलह के आधार पर समाप्त किया जा सकते हैं। उन सभी मामलों को अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत में भेजने की कार्रवाई की जाए। बैठक में प्राधिकार के धर्मेंद्र कुमार पांडे एवं न्याय रक्षक पूर्णेन्दु रंजन उपस्थित थे।

### दुर्गा मंदिर में भण्डारे का हुआ आयोजन

बगहा। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के पहली वर्षगांठ पर श्रद्धालुओं के द्वारा बृहत भण्डारे का आयोजन किया गया।बतादें 22 जनवरी 2024 का ऐतिहासिक दिन जब अयोध्या में भगवान श्रीराम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा किया गया था।जिसके एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में वाल्मीकिनगर स्थित टंकी बाजार दुर्गा मंदिर हनुमानगढ़ी पूजा समिति के द्वारा मंदिर परिसर में बुधवार को अखंड कीर्तन के साथ भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें साधु-संत, फकीर,श्रद्धालुओ समेत हजारों भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

## नगर निगम बेतिया के पार्षद संघ के कार्यकारिणी सदस्य के पद से पांच पार्षदों ने दिया इस्तीफा, गलत आचरण का लगाया आरोप



प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया।निगम पार्षद शैलेश कुमार के प्रतिष्ठान हरदिया चौक पर साक्षी हैंडलूम के परिसर मे बुधवार को पार्षदों की एक बैठक हुई। उक्त बैठक में वार्ड नंबर 37 के पार्षद शैलेश कुमार , वार्ड नंबर 31 की पार्षद प्रेमा देवी , वार्ड नंबर 5 की पार्षद गुड़िया देवी, वार्ड 43 की पार्षद सबीहा खातून वार्ड ,नंबर 45 के पार्षद मदन प्रसाद गुप्ता सहित अन्य माननीय इत्यादि उपस्थित रहे सभी पार्षदों ने नगर निगम पार्षद संघ के कार्यकलाप पर असंतोष जाहिर करते हुए पार्षद संघ का बाहरी राजनीति से प्रेरित होकर कार्य करने का आरोप लगाया,जिससे नगर निगम बेतिया की विकास बाधित हो रही है एवं पार्षद संघ की आड़ में पार्षद संघ के अध्यक्ष ,सचिव एवं अन्य दोझचार पार्षद की अपना निजी लाभ साधने के लिए पूरे पार्षद संघ का दुरुपयोग कर रहे हैं। संघ के नाम पर पदाधिकारी पर बना रहे हैं दबाव

पार्षद संघ के लोग बिना संघ के अन्य सदस्यों की सहमति के ही मनमाने ढंग से पत्रचार कर रहे हैं ।महापौर महोदया पर निराधार आरोप लगा रहे हैं ।

उपस्थित पार्षदों ने बताया कि नगर निगम बेतिया के पार्षद संघ का गठन कुछ दिनों पूर्व हुआ था जिसका उद्देश्य नगर निगम बेतिया का चौमुखी विकास करना ही था।

जिसमें हम सभी माननीय पार्षद गण कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किए गए थे । परंतु अब इस संघ का उद्देश्य नगर निगम बेतिया के विनाश से है । पार्षद संघ के गठन के बाद से ही हम लोगों ने ऐसा देखा है कि पार्षद संघ के अध्यक्ष सचिव एवं दो चार लोग ही मनमाने ढंग से अपने निजी लाभ के लिए इस संघ को बनाए हैं ।जिससे वे लोग सिर्फ अपने स्वार्थ को साधना चाहते हैं । जबकि हमें ऐसा ज्ञात हुआ है कि बिहार नगर पालिका अधिनियम में पार्षद संघ का कोई प्रावधान ही नहीं है ऐसे में इस संघ द्वारा माननीय महापौर महोदया के विरोध में बाहरी राजनीति से प्रेरित होकर हमेशा ही गलत एवं उल्टा सीधा पत्राचार किया जा रहा है । हमें ऐसा प्रतीत हो रहा है की महापौर गरिमा देवी शिकारिया को बदनाम करने एवं नगर निगम बेतिया का विकास रोकने के लिए ही इस संघ को बनाया गया है ।जिससे हम लोग काफी आहत है । अब इस संघ के में रहना हमारे लिए संभव नहीं है हम सभी पार्षद गण नगर निगम बेतिया के पार्षद संघ से आज के बाद कोई संबंध नहीं रहेगा । हम लोग लिखित रूप से पार्षद संघ के कार्यकारिणी के सदस्यों के पद से इस्तीफा दे रहे हैं । आज के बाद हमारे नाम का उपयोग पार्षद संघ के द्वारा किसी कार्य नहीं होना चाहिए। हमारा उद्देश्य नगर निगम बेतिया एवं अपने वार्ड के विकास से है ।हमारा पूर्ण समर्थन माननीय महापौर गरिमा देवी सिकारिया के साथ है।

मौके पर उपस्थितवार्ड नंबर 37 के पार्षद शैलेश कुमार , वार्ड नंबर 31 की पार्षद प्रेमा देवी , वार्ड नंबर 5 की पार्षद गुड़िया देवी, वार्ड 43 की पार्षद सबीहा खातून , वार्ड 15 के पार्षद पति ओबैद अहमद ,वार्ड नंबर 28 के पार्षद पति सोनेलाल गुप्ता वार्ड 32 के पार्षद पुत्र आजाद हुसैन, वार्ड 45 के पार्षद मदन प्रसाद, वार्ड नंबर 4 के पार्षद पति सुदामा साह इत्यादि उपस्थित रहे हैं

## प्रखंड उर्वरक निगरानी समिति की बैठक संपन्न

प्रातः किरण, संवाददाता



रिविलगंज । स्थानीय प्रखण्ड उर्वरक निगरानी समिति की बैठक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में उर्वरक निगरानी समिति के अध्यक्ष प्रखण्ड प्रमुख डॉ राहुल राज की अध्यक्षता में हुआ ।

बैठक का प्रारंभ में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी द्वारा बीडीओ रिविलगंज, प्रखण्ड प्रमुख डॉ राहुल राज एवं रिविलगंज भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष को पौधा देकर सम्मानित किया गया। प्रमुख डॉ राहुल राज ने किसानों को समय पर बीज ,खाद उपलब्धता को गंभीरता से बैठक में उठाया, उन्होंने कहा कि प्रखण्ड के सभी किसान को सरकारी मुल्य पर मिले , प्रखण्ड के खाद,बीज दुकानदार के समस्या को सुनते हुए प्रमुख ने बैठक में ही जिला कृषि पदाधिकारी को समाधान करने को कहा एवं जिला कृषि पदाधिकारी सभी पीडीएफ दुकानदार के साथ बैठक कर उनके समस्या को समाधान करे। प्रमुख ने कहा कि नैनो यूरिया जैसे पंजाब में किसान को नही दिया जाता है उसी तर्ज पर यह भी लागू होनी चाहिये। रिविलगंज प्रखण्ड भाजपा अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने पंचायत कृषि सलाहकार से कहा कि आप पंचायत के सभी किसानों को हर योजना की जानकारी दे किसी के खास नही बल्कि आम बने।केंद्र एवं राज्य सरकार जो किसानों के लिये योजना दे रही है उसे लोगो के बीच बताय। बैठक में अन्य कई मुद्दों पर चर्चा हुआ प्रखण्ड बिकास पदाधिकारी ने बैठक में उठाये गये सभी प्रस्ताव को अमल करने के लिये कहा। बैठक में रिविलगंज के सभी पंचायत के कृषि सलाहकार एवं सभी खाद,बीज दुकानदार शामिल हुए।

## मशरक के विभिन्न सीआरसी केंद्र पर टीएलएम मेला शुरू

प्रातः किरण, संवाददाता

मशरक। मशरक ।स्थानीय प्रखंड के विभिन्न सीआरसी केंद्र पर आयोजित टीएलएम मेला आयोजित करने को लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी द्वारा अलग अलग तिथि एवं निर्णायक मंडल की घोषणा की गई।



पहले दिन मंगलवार को संकुल संसाधन केंद्र लोकमान्य उच्च विद्यालय कुदरिया राजापट्टी , नागेश्वर उच्च विद्यालय बहादुरपुर , अवध उच्च विद्यालय चैनपुर जबकि दूसरे दिन बुधवार को राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक में टीएलएम मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। टीएलएम मेला प्रदर्शनी में निर्णायक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी के अलावे बीआरपी दिलीप कुमार सिंह , अभय कुमार दीक्षित एवं सभी सीआरसी संचालक एवं समन्वयक के साथ एक एक अवकाश प्राप्त शिक्षक शामिल थे। टीएलएम मेला में शामिल शिक्षक शिक्षिकाओं को बताया गया कि इसका मुख्य उद्देश्य प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग को लेकर शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए विषय को समझने एवं सीखने के लिए प्रेरित करना है। सभी सीआरसी केंद्र पर विभिन्न विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्व निर्मित बेहतर टीएलएम का प्रदर्शन किया । जिसके अवलोकन के पश्चात निर्णायक मंडल द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

## युवक पर लगा हनुमान की मूर्ति तोड़ने का आरोप

प्रातः किरण, संवाददाता

परसा ।नगर पंचायत परसा बाजार के वार्ड 22 दरियापुर थाना क्षेत्र के एम कुआरी पोखरा पर स्थापित हनुमान जी की पत्थर की मूर्ति को एक युवक द्वारा मंगलवार की रात्रि में तोड़ देने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है। इस घटना का ग्रामीणों ने विरोध किया और पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है ।घटना को लेकर ग्रामीण गोपाल राय ने बताया कि गांव के ही युवक गोलू कुमार मंगलवार की रात्रि में हनुमान जी की मंदिर में प्रवेश कर आग जलाया ।और पत्थर की मूर्ति को तोड़ दिया ।और अलग अलग स्थानों पर फेंक दिया ।घटना की खुलासा तब हुआ जब सुबह लोग टहलने के लिए पोखरा पर पहुँचे ।तो देखा कि ब्रह्म स्थान पर रखी एक प्रतिमा छत



बिछत स्थिति में पड़ा है ।उसके बाद ग्रामीण मंदिर के अंदर प्रवेश कर देखा तो हनुमान जी की प्रतिमा को तोड़ कर हाथ,पैड़, अलग अलग स्थानों पर फेंका है ।जिसकी सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई ।और दरियापुर पुलिस को सूचना दिया गया।

खबर मिलते ही पुलिस पहुँची और पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की पहचान करने के लिए ग्रामीणों से जानकारी लिया ।जिसमें ग्रामीणों द्वारा दीपन शर्मा का पुत्र गोलू कुमार का नाम रखा गया ।पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत कराया और आरोपित की गिरफ्तारी कर करवाई करने की आश्वसन दिया ।संजीव कुमार,गोपाल राय,शीलू कुमार,बिपिन कुमार,जय प्रकाश राय, संजय राय,सत्येन्द्र राय,धर्मेंद्र कुमार,विधान कुमार,नंद कुमार,राजू राय,अमर नाथ साह समेत सैकड़ो ग्रामीणों ने बताया कि हनुमान जी की मूर्ति को कई वर्षों से पूजा जाता था और यह घटना उनकी भावनाओं को आहत करती है। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कठोर सजा दी जाए. ।

## राम मंदिर स्थापना के वार्षिकोत्सव में कराया गया सुंदरकांड का पाठ

खैरा। प्रखंड के खैरा थाना क्षेत्र में खैरा पुरानी बाजार में राम मंदिर की स्थापना दिवस के अवसर पर सुंदरकांड का पाठ कराया गया जिसमें ग्रामीणों ने धूमधाम से वैदिक ब्राह्मण के द्वारा पूजा अर्चना के बाद सुंदरकांड का पाठ करवाया। सुंदरकांड के पाठ आचार्य पंडित कुंज बिहारी पांडेय के नेतृत्व में वैदिक भ्रमणों के द्वारा संपन्न कराया गया। सुंदरकांड का पाठ समाप्त होने के बाद हवन एवं आरती का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जितेंद्र पांडे, राघवेंद्र सिंह, डॉ राकेश कुमार, खैरा पंचायत के पूर्व मुखिया शत्रुघन भक्त सहित सैकड़ो भक्तों ने भाग लिया तथा पूरे गांव में लड्डू बटवाया गया।

## पर्यटकों का वीटीआर भ्रमण बदस्तूर जारी,वीटीआर दर्शन के लिए मार्केटिंग की जरूरत : पर्यटक

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। गोरखपुर से वीटीआर पहुंचे पर्यटक जोया खान ने कहा कि वाल्मीकिनगर पर्यटन के क्षेत्र में इसके प्रमोट के लिए यूट्यूबर व शोसल मीडिया या अन्य सोर्सेज के जरिये अभी और प्रोमोट किया जाना चाहिए।क्योंकि हम लोग गोरखपुर में वर्षो से रहते है।इसके बावजूद हमे इस जगह की जानकारी लोगो से मिली। गोरखपुर बक्शीपुर के ही एक अन्य पर्यटक सुहेल ने बताया कि मेरा रेस्टोरेंट का कारोबार है,होटल में आए



किसी ग्राहक से वाल्मीकिनगर के बारे में सुना। यहां का नजारा तो रियल में अद्भुत है, हम लोगों ने परिवार के साथ नारायणी में बोटिंग किया,झूला पूल,इको पार्क और त्रिवेणी संगम तट का तो क्या कहना,हर लोकेशन गजब का है गजब का व्यू है। तारीफ करते हुए पर्यटकों ने आगे कहा कि हमलोग इतना कुछ वीटीआर में दर्शन को मिलेंगे कभी सोचा नहीं था। जोया खान ने बंदरो के द्वारा परेशानी को लेकर वन विभाग से आग्रह किया कि इससे बहुत परेशानी हुई है इसलिए इसके द्वारा कोई परेशानी पर्यटकों को ना हो,काम किया जाना चाहिए। रेंजर शिवकुमार राम ने कहा की इस बात की जानकारी मिली है इसके लिए इस ओर सकारात्मक कार्य किए जा रहे हैं ।वहीं आगे जानकारी देते हुए अमेरिका के केलिफोर्निया से आए पर्यटक रिचर्ड के वीटीआर भ्रमण की जानकारी दी ।

## दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

बेतिया ।संध्या 8 बजे श्रीनगर थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि श्रीनगर थाना अंतर्गत बगही बघम्बरपुर वार्ड नं दो में एक 14 वर्षीय बच्ची के साथ उसके पड़ोस के ही युवक द्वारा बलात्कार किया गया है।

सूचना के तत्काल बाद श्रीनगर थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंच कर बच्ची एवं उसके माता पिता से पूछताछ कर तत्काल श्रीनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर बच्ची का मेडिकल जांच हेतु जीएमसीएच बेतिया भेजा गया तथा अभियुक्त के विरुद्ध लगातार छापेमारी कर देर रात्रि में पुलिस अभिरक्षा में लिया गया ।घटनास्थल का निरीक्षण एसडीपीओ - 2 रजनीकांत प्रियदर्शी एवं एफएसएल टीम के द्वारा भी किया गया तथा साक्ष्य संकलन किया गया।

## कामेश्वर नाथ मंदिर सिरसिया प्रांगण में नंदनी भगवान का हुआ प्राण प्रतिष्ठा

प्रातः किरण, संवाददाता

चनपटिया ।बुधवार को बाबा कामेश्वर नाथ मंदिर सिरसिया में नंदनी भगवान सह वशहा बैल की धुमधाम व विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत स्थापित किया गया ।इस मौके पर हनुमान अराधना व भंडारा के साथ होम्योपैथी चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया गया।

मंदिर के पुजारी झुन्नू पान्डेय ने बताया की वर्षों पुर्व मंदिर में स्थापित नंदनी भगवान व बसहा बैल का सिग पूजा के दौरान खंडीत हो गया था ।उन्होंने बताया की धर्मशास्त्र मे खंडीत मुर्ति का पुजा करना पाप का प्रतीक है। धर्म सास्त्रों के अनुसार



खंडीत नंदनी भगवान सह बसहा बैल का विधिवत पूजा अर्चना के बाद स्थापित कर दिया गया है। दुर दराज से आए भक्तों को लिए महाभन्डारा के साथ महाप्रसाद का वितरण किया गया । मंदिर प्रांगण में आए भक्तों के बीच निशुल्क होमियोपैथ चिकित्सक के के प्रसाद के द्वारा निशुल्क जांच एवं दवा का वितरण किया गया ।मौके पर पुर्व प्रमुख वसंत सिंह, विरेन्द्र मांझी, मुखिया दिनेश्वर तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, पैक्स अध्यक्ष प्रशुन प्रवीण,सरपंच चन्द्र शेखर तिवारी मुखिया प्रतिनिधि सुभाष साह समेत सैकड़ों भक्तगण सामिल थे। मंदिर प्रांगण भक्तिमय हो गया।

## राष्ट्रीय डायमंड जुबली जंबूरी, तमिलनाडु के लिए सारण के स्काउट टीम का हुआ चयन

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा सदर। भारत स्काउट और गाइड के 75 वर्ष पूर्ण होने पे राष्ट्रीय डायमंड जुबली जंबूरी का आयोजन त्रिचि तमिलनाडु में दिनांक 28 जनवरी से 03 फरवरी तक किया जाएगा। जिसमें पूरे देश के प्रत्येक राज्य से स्काउट और गाइड भाग लेगे। शिविर का मुख्य उद्देश्य सशक्त युवा विकसित भारत है ।इस शिविर में भारत स्काउट और गाइड सारण के जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज एवं जिला प्रशिक्षक प्रणव के नेतृत्व में 16 स्काउट और 5 गाइड भाग लेगे। स्काउट के सदस्य के रूप में जिला मुख्यालय दल के स्काउट सत्यजीत, सक्षम,आदित्य,चांदनी, अर्पणा,राधा रानी,अमृता,नंदनी, शौर्य , हार्दिक



मैक्सफोर्ट वर्ल्ड स्कूल साढवारा के स्काउट प्रणव ओझा,निकेश एवम संत जलेश्वर एकेडमी बड़ा लौवा के स्काउट फैजान,जिशान,फैसल,पीयूष,बजरंग,मौसम,साजिद,प्रिंस,फहद शामिल है।

जिला संगठन आयुक्त(स्काउट) अमन राज ने बताया की भारत स्काउट और गाइड सारण की स्काउट और गाइड टीम 25 जनवरी को छपरा जंक्शन से त्रिचि तमिलनाडू के रवाना होगी।23 सदस्यीय टीम का राष्ट्रीय स्तर पे होने वाले कार्यक्रम हेतु दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संत जलेश्वर एकेडमी बड़ा लौवा बनियापुर में रखा गया, जहा राष्ट्रीय शिविर में होने वाले के एक एक गतिविधि का पूर्वाभ्यास भारत स्काउट और गाइड सारण के शिविर हेतु चयनित स्काउट और गाइड से करवाया गया।

## उप मेयर ने किया नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। शहर के प्रभुनाथ नगर बड़ा हनुमान जी कदम चौक पर अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तीचक परसा और दधीचि देहदान समिति छपरा इकाई और उप मेयर रागिनी कुमारी के द्वारा तीसरा मेगा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें वार्ड नंबर 24,25 सहित दलित समाज के लोगों सहित 300 लोगों को मुफ्त नेत्र जांच किया गया इस शिविर का विधिवत्शुरूआत दीप प्रज्वलन और फीता काट कर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि उप मेयर रागिनी कुमारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अजित रॉय,सत्यप्रकाश , साधा पंचायत के पुर्व मुखिया बैद्यनाथ सिंह, दधिचि देहदान समिति छपरा इकाई के अध्यक्ष संजीव चौधरी, ओमप्रकाश वार्ड पार्षद प्रह्लाद राम, सुशील सिंह के द्वारा किया गया, इस शिविर में आंख जांच कर चश्मा और दवा का वितरण किया गया साथ ही जिन लोगों का मोतियाबिंद का जांच किया गया उन्हें 26 तारीख को अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तीचक परसा में मुफ्त ऑपरेशन के लिए भेजा जाएगा।

नगर निगम छपरा की उप मेयर रागिनी कुमारी ने कहा कि समाज कल्याण मे आगे भी ऐसे कैंप का आयोजन शहर के अलग अलग जगहों पर आयोजित किया जाएगा ताकि जरूरमंद इसका फायदा उठाएं । इस आयोजन में शामिल दधीचि देहदान समिति छपरा इकाई के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि जीते जी रक्तदान मृत्यु बाद नेत्रदान अंगदान मुहीम में शामिल हो ताकि आप के द्वारा किए गए नेत्रदान से वैसे लोगों को ज़िंदगी में रोशनी मिलेगी



जिन्होंने अपने जीवन में उजाला नहीं देखा, एक लोग के नेत्रदान से चार अंधे लोगों को ज़िंदगी में नई रोशनी मिलेगी, संस्था के वरीय उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने लोगो से अपने नेत्र दान करने का संकल्प पत्र भरने का अनुरोध किया मिडिया प्रभारी शशि शेखर ने कहा की अब छपरा मेडिकल कॉलेज खुल जाने से नेत्रदान अंगदान मुहीम को व्यापक रूप से जन संवाद कर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ।

इस शिविर के सफल आयोजन में अनिल बैठा, प्रह्लाद राम, राजेश सिंह, ममता मिश्रा, सामाजिक नेत्री खुशबू ठाकुर, यूरो किड्स की प्रिंसिपल शोभा सिंह, संजीव चौधरी ने अहम भूमिका निभाई।

## ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को बचाना तथा यादगार बनाए रखना बहुत जरूरी:गरिमा

- नगर निगम क्षेत्र के यादगार स्मारक और प्रेरणाश्रोत महापुरुषों की प्रतिमाओं का सौंदर्यीकरण संपन्न
- पीढ़ियों को अपने धरोहरों का ज्ञान देने के लिए भी इनका संरक्षण किए जाने को बताया गया बेहद जरूरी

प्रातः किरण, संवाददाता



बेतिया। संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में स्थापित यादगार स्मारक और समाज के लिए प्रेरणाश्रोत महापुरुषों की प्रतिमाओं का संरक्षण और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने इसकी जानकारी देने के साथ बताया कि इस अत्यंत महत्वपूर्ण और जरूरी कार्य को पूरा करने की उनकी पहल पर कार्रवाई अब अंतिम चरण में है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने इस कार्य के महत्व को विस्तार से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमारे धरोहरों का संरक्षण समाज के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को बचाने तथा यादगार बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है।

क्योंकि ऐतिहासिक धरोहर हमें हमारे इतिहास और अतीत का ज्ञान देने के सर और सजग बनाते हैं। इन धरोहरों को संरक्षित करके ही हम अपने बाद की पीढ़ियों को इसका ज्ञान देकर इनका महत्व भी बताना संभव हो सकेगा। मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए लोगों को ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाता है। ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए, संरक्षण तकनीकों का विकास किया जाता है।

## जय श्रीराम के जय घोष से पूरा इलाका गुंजा

### पक्की बावली मंदिर के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण को मिली हरी झंडी

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा में अयोध्या में रामलल्ला की प्राण प्रतिष्ठा के पहली सालगिरह पर शहर में भक्तों नें रैली निकाली और जयश्रीराम के जयघोष से पूरा इलाका गूंज उठा वहीं बनकटवा स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पक्की बवली के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण को सरकार नें हरी झंडी दें दिया है। लिहाजा बीजेपी सदर विधायक राम सिंह के नेतृत्व में विभागीय टीम नें स्थल निरिक्षण किया । उम्मीद जताई जा रही है की शीघ्र हीं बाबा शालीग्राम मंदिर का कायाकल्प किया जायेगा, जिससे वाल्मीकिनगर का पूरा इलाका रामायण सर्किट व बौद्ध सर्किट से भी जोड़ा



जायेगा ताकि बिहार समेत देशभर से भक्त और श्रद्धालु यहां पहुंच कर पूजा अर्चना और दर्शन कर सकें ।दरअसल भारत में अद्वितीय शालीग्राम की स्थापना पड़ोसी देश नेपाल से लाकर बगहा के बनकटवा स्थित पक्की बवली मंदिर में वर्षों पूर्व की गईं । ऐसी मान्यता है की हर वर्ष इस शिव मंदिर के गर्भ में स्थापित शालीग्राम का आकार बढ़ता है लिहाजा यहां भक्तों का ताँता लगा रहता है ।बताया जा रहा है की करीब डेढ़ करोड़ की लागत से पक्की बवली मंदिर का सौंदर्यीकरण का कार्य होगा, जिसमें मंदिर में नव निर्माण,साज सज्जा समेत सुंदरता के साथ पुरी व्यवस्था की जायेगी ताकि अतिक्रमण से बचाव समेत असामाजिक तत्वों का यहां जमावड़ा न हो सकें ।

# जिलाधिकारी ने की जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत हरिगांव क्लस्टर में चल रहे विकासा कार्यों के प्रगति की समीक्षा

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर के जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया (भा.प्र.से.) ने जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत हरिगांव क्लस्टर में चल रहे विकासात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने हरिगांव स्थित तालाब का निरीक्षण किया और इसके सौंदर्यीकरण के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। तालाब के चारों ओर टहलने के लिए पथ निर्माण और उसके पास एक खेल मैदान विकसित करने की योजना तैयार करने का आदेश दिया, जिससे गांववासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। जिलाधिकारी ने सर शिवसागर राम गुलाम +2 हाई स्कूल में चल रहे प्रगति कार्यों का निरीक्षण करते हुए पुस्तकालय में विद्यार्थियों के लिए नए डेस्क लगाने और चारदीवारी पर बाला पेंटिंग जैसे आकर्षक चित्रांकन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नव-निर्मित जीविका भवन के पास डिजिटल बोर्ड लगाने का निर्देश दिया, जिसका उपयोग जीविका दीदियों और जीविका से संबंधित गतिविधियों को प्रसारित करने के लिए किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पंचायत सरकार भवन में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकासात्मक योजनाओं को चित्रांकन के माध्यम से आम जनता के लिए प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने वेस्ट-टू-आर्ट पार्क के निर्माण और आरटीपीएस काउंटर को सुचारू रूप से संचालित करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और तालाब में चल रहे प्रगति कार्यों का निरीक्षण किया और इन्हें बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी (जगदीशपुर), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (जगदीशपुर), जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीआरडीए निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीएम जीविका और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा

आरा । भोजपुर के जिलाधिकारी श्री तनय सुल्तानिया (भा.प्र.से.) ने ककिला क्लस्टर का निरीक्षण कर विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजकीय ककिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के बाहरी क्षेत्र में खेल मैदान के निर्माण का निर्देश दिया। इसके साथ ही, कॉलेज परिसर में बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, फुटबॉल मैदान और विद्यार्थियों के लिए क्रिकेट मैदान विकसित करने की योजना को प्राथमिकता देने का आदेश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने कॉलेज की प्रयोगशालाओं की स्थिति का आकलन किया और प्राचार्य को सभी आवश्यक सामग्री समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नवनिर्मित उच्च विद्यालय का भी निरीक्षण किया और जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने, रंग-रोगन और अन्य सुधार कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को अपने विभागों में कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीआरडीए निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीएम जीविका और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरा के अंचलाधिकारी की देखरेख में हटाया गया अतिक्रमण

## रास्ता संकुचित होने से राहगिरों को हो रही परेशानी

मोहन सिंह



आरा। भोजपुर जिले में अवैध अतिक्रमण करने वालों की अब खैर नहीं है और सड़क पर अतिक्रमण करने वाले सावधान हो जाएं क्योंकि उनके ऊपर प्रशासन कार्रवाई कर सकती है आज आरा सदर अंचल के अनुमंडल पदाधिकारी सदर आरा के आदेश के आलोक में सरकारी अतिक्रमित भूमि को अंचल अधिकारी सदर पल्लवी गुप्ता के द्वारा अपनी देखरेख में हटाया गया रामापुर सनदियां गांव में सरकारी रास्ते को अतिक्रमण करके लोगों ने रास्ते को रोक दिया था जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था जिसकी शिकायत के बाद अनुमंडल पदाधिकारी सदर आरा ने अतिक्रमण को हटाने का निर्देश अंचल अधिकारी पल्लवी गुप्ता को दिया और उनकी देखरेख में अतिक्रमित भूमि को खाली कराया गया अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन की टीम पुलिस बल और जेसीबी ट्रैक्टर लेकर पहुंची थी और सरकारी अतिक्रमित भूमि को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया इसको लेकर अंचल अधिकारी आरा पल्लवी गुप्ता ने बताया कि आज अनुमंडल पदाधिकारी सदर आरा के आदेश के बाद अवैध अतिक्रमण को हटाया गया है और रास्ते को खाली कर दिया गया है अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन किया कार्रवाई आगे भी जारी रहेगीमौके पर अंचल अधिकारी सदर आरा पल्लवी गुप्ता राजस्व अधिकारी अनिल कुमार पंत थाना प्रभारी राहुल कुमार समेत काफी संख्या में पुलिस बल के लोग मौजूद थे लिखा गया है।

# संक्षिप्त खबरें

### अंतर महाविद्यालय वुशू टूर्नामेंट अल हफीज कॉलेज में 24 को




प्रातः किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय वुशू टूनामेंट का का आयोजन दिनांक 24 जनवरी को अल हफीज कॉलेज आरा के सभागार मे होने जा रहा है' इसकी सफल आयोजन कराने के लिए अधिक्रीड़ा परिषद की एक बैठक अल हफीज कॉलेज आ-रा के सभा गार मे संपन्न हुई जिसकी की अध्यक्षता अल हफीज कॉलेज आरा के सचिव शाहिद अलीम ने की' सचिव शाहिद अलीम ने बताया की वुशू टूनामेंट की सारी तैयारी पूरी कर ली गई पुरुष और महिला वर्ग के खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था 23 जनवरी होंगी और खिलाड़ियों के खाने की उत्तम व्यवस्था की जा रही है' अधिक्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ मो सैफ ने बताया की एकदिवसीय वुशू टूनामेंट मे विभिन्न कॉलेज कॉलेज से पुरुष और महिला टीमे भाग ले रही हैं खिलाड़ियों के लिए रिपोटिंग टाइम 9:00 बजे का होगा' प्रभारी प्राचार्य और आयोजन कमिटी के अध्यक्ष डॉ इरशाद हुसैन ने बताया की उद्घाटन समारोह11:00 बजे दिन में होगा जबकि पुरस्कार वितरण 3:00 बजे कॉलेज के सभागार मे संपन्न होगा ' आज की बैठक मे प्रो बी एन ओझा, डॉ मो रेहान आलम, डॉ मो सईद, एन के हफिजी, डॉ मो शामिमुद्दीन, पप्पू ओम प्रकाश, अविनाश सिंह, आदि उपस्थित हुए।

### सौम्या व आर्या लखनऊ ताईक्वांडो नेशनल गेम में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर किया बिहार का नाम रौशन

प्रातः किरण संवाददाता

रसूलपुर। थाना क्षेत्र के लाकठछपरा की दो बेटियों ने लखनऊ में आयोजित ताइक्वांडो नेशनल चैम्पियनशिप गेम में सिल्वर और गोल्ड मेडल जीत कर अपने राज्य बिहार व जिला सारण का नाम रौशन किया है।जीत की सूचना मिलने पर लाकठ छपरा गांव में खुशी की लहर हैं। लोग गांव पर रह रहे सौम्या और आर्या के दादा किसान राजकेश्वर सिंह को बधाई दे रहे हैं।सिल्वर व गोल्ड विजेता बहनें दम्पती विकास सिंह व राधिका सिंह की पुत्रियां है।विकास सिंह लखनउ में ही रह कर एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं और बच्चियों को ताईक्वांडो की तालिम दिलवाते हैं।विकास ने बताया कि यूपी की राजधानी लखनऊ में हुए ताईक्वांडो के चार दिवसीय नेशनल गेम चैम्पियनशिप में बड़ी बहन आर्या कैडेट वर्ग में खेल कर सिल्वर तथा छोटी बहन सौम्या सब जूनियर वर्ग में खेलते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया।दोनों क्रमशः छठी तथा चौथी कक्षा की छात्राएं हैं। बताया कि लखनऊ के राजाजीपुरम स्टेडियम में खेल चल रहा है जहां देश भर के 26 टीमों के 1500 खिलाड़ी भाग लिया था।रसूलपुर माता सती क्लब के फौजी अनिल दूबे ने गौरवान्वित होते हुए अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि क्लब द्वारा दोनों बहनों को सम्मानित व पुरस्कृत किया जायेगा।मुखिया रीता देवी व प्रतिनिधि मुखियापति मिथिलेश प्रसाद ने भी बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आर्या व सौम्या के कारण पंचायत रसूलपुर सहित पुरा बिहार राज्य गौरवान्वित है,उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा।

# जिला पदाधिकारी ने नव नियोजित तकनीकी प्रबंधकों को सौंपा नियुक्ति पत्र




प्रातः किरण संवाददाता

आरा। कृषि विभाग अंतर्गत आत्मा योजना के तहत प्रखंड तकनीकी प्रबंधक और सहायक तकनीकी प्रबंधकों के नियोजन पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय सभागार, आरा में किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी, भोजपुर, श्री तनय सुल्तानिया (भा.प्र.से.) ने इस अवसर पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक के 11 और सहायक तकनीकी प्रबंधक के 21 अभ्यर्थियों के बीच नियोजन पत्र वितरित किए।

जिलाधिकारी ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भोजपुर एक कृषि-प्रधान जिला है, जहां अधिकांश लोग खेती-किसानी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने नव-नियोजित तकनीकी प्रबंधकों को किसानों के साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार करने, उनकी समस्याओं को समझने और उन्हें नई तकनीकों से अवगत कराने की सलाह दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसानों की सेवा करना और क्षेत्र में समर्पण के साथ कार्य करना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। अपर समाहर्ता श्री प्रमोद कुमार ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए आधुनिक कृषि तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने और अपने कार्यों में ईमानदारी बरतने का आग्रह किया। जिला कृषि पदाधिकारी ने भी नव-नियोजित प्रबंधकों को बधाई देते हुए उन्हें पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की सलाह दी।

इस अवसर पर जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी श्री नीतीश कुमार, सहायक कोषागार पदाधिकारी श्री किशोर पटेल, सहायक निदेशक (बाल संरक्षण) श्री आलोक कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी श्रीमती दिव्या, सहायक निदेशक (रसायन) श्री अंशु राधे, सहायक निदेशक (उद्यान)

# गोविंद जयसवाल बने लोजपा रामविलास के बक्सर नगर अध्यक्षःअखिलेश

प्रातः किरण संवाददाता



बक्सर। मुख्यालय मे लोजपा रामविलास की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने की । इस बैठक मे बक्सर शहर के व्यवसायी, समाजिक कार्यकर्ता, महिला बिकास संस्थान के संरक्षक व जयसवाल संघ के अध्यक्ष श्री गोविंद जयसवाल ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री आदरणीय चिराग पासवान जी मे आस्था प्रकट करते हुए लोजपा रामविलास की सदस्यता ग्रहण की।

बक्सर लोजपा रामविलास के सभी पदाधिकारियों की आम सहमति से बक्सर लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने श्री गोविंद जयसवाल जी को लोजपा रामविलास बक्सर नगर का नगरअध्यक्ष मनोनीत किया। साथ ही निर्देश दिया की बक्सर नगर मे आने वाले सभी बुथो पर दस दिन के अंदर बुथ अध्यक्ष नियुक्त कर हमे समर्पित करे ।

बधाई देने पहुंचे पार्टी के प्रदेश सचिव संजय कुमार पासवान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नौशाद आलम, जिला प्रधान महासचिव राहुल चौबे, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पासवान, जिला उपाध्यक्ष हरेराम चौबे, जिला प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह, जिला सचिव राजु पासवान, जिला सचिव सुरेन्द्र राम, प्रखंड अध्यक्ष क्रमशः मनोज पासवान, रविशंकर प्रसाद, संग्राम पासवान, राम प्रवेश राम, बबलु पाठक आदि उपस्थित हुए।

# छात्रा रालोमों द्वारा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में किया गया संगठन का विस्तार



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। छात्र राष्ट्रीय लोक मोर्चा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अध्यक्ष विकास पासवान ने संगठन का विस्तार करते हुए प्रथम सूची जारी किया जिसमें 15 सदस्यि विश्वविद्यालय कमिटी तथा महाविद्यालय अध्यक्षों की प्रथम सूची जारी किया छात्र रालोमो विश्वविद्यालय कमिटी में 1 प्रधान महासचिव, 3 उपाध्यक्ष,5 महासचिव,6 सचिव की जगह मिली है ।इस मौके पर विकास पासवान ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद माननीय उपेंद्र कुशवाहा जी के समाजवाद के विचारधारा के साथ विश्वविद्यालय में छात्रों के हित में सभी लोग काम करेंगे तथा पार्टी को मजबूत करने का काम करें ।

आगे छात्र रालोमो भोजपुर के जिला अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा सभी को बधाई देते हुए कहां की छात्र रालोमो विश्वविद्यालय में छात्रों के समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा खड़ी रहेगी। इस मौके पर रोहित कुशवाहा, जागा कुशवाहा, सुनील पाठक, अमरेंद्र पाठक, सत्यम कुमार, बद्रीनारायण पाठक, सुबोध केसरी ,पंकज कुशवाहा, कृष्ण कुमार ,समेत पार्टी के सैकड़ो नेताओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई दिया।

# बड़हरा विधानसभा को मॉडल बनाना हमारा सपनाः सोनाली सिंह

प्रातः किरण संवाददाता



बड़हरा। पूरे बिहार में बड़हरा विधानसभा क्षेत्र को मॉडल बनाना हमारा सपना है और इसको लेकर लगातार हम प्रयत्नशील हैं पूरा बड़हरा मेरा परिवार है और परिवार के लोगों के बीच रहकर उनके सुख-दुख में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है उक्त बातें बड़हरा विधानसभा क्षेत्र की चर्चित समाजसेवी सोनाली सिंह ने श्रीराम वाटिका धनडीहा में आयोजित प्रेस वार्ता सह सम्मान समारोह के मौके पर कही, अपने निजी आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में सोनाली सिंह ने कहा कि लगातार उनके द्वारा विधानसभा की समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन से लेकर सरकार तक उठाया जा रहा है क्योंकि यहां पर कई ज्वलंत समस्याएं मुंह बाए खड़ी है जिनका समाधान अति आवश्यक है जब वह विधानसभा क्षेत्र के गांव में जाकर लोगों से बातचीत करती है तो इन समस्याओं का जिक्र ग्रामीण अक्सर करते हैं ।सबसे बड़ी समस्या पूरे इलाके में एक भी डिग्री कॉलेज का नहीं होना है जिसके कारण हमारी बहनें शिक्षा ग्रहण करने के लिए जिला मुख्यालय आती है वहीं बाढ़ भी एक बहुत बड़ी समस्या है जिसका समाधान भी जरूरी है इसके अलावे पूरे क्षेत्र में उद्योग धंधों को बढ़ावा देने की जरूरत है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सके क्योंकि हमारे विधानसभा क्षेत्र में प्रतिभावान और मेहनती लोगों की कमी नहीं है बस उनको निखारने की जरूरत है क्योंकि यहां के लोग देश-विदेश में भी अपना नाम रोशन कर रहे हैं बड़हरा के देवतुल्य जनता ने जो स्नेह और आशीर्वाद हमें दिया है वह बहुत बड़ी बात है और हमारा यह प्रयास है कि इस विधानसभा क्षेत्र को एक मॉडल विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाए।

### मछली व्यवसायी की बाइक,मोबाइल व रुपए ले भागे अपराधी

दरियापुर ।बेला रेल पहिया कारखाना नयागांव पथ पर अपराधियों ने एक मछली व्यवसाई की बाइक,मोबाइल व 96 सौ रुपए नकद लेकर फरार हो गए।बताया जाता है कि अमनौर थाना क्षेत्र के अपहर गांव का मछली ब्यासायी राजेंद्र कुमार सुबह में बाइक से नयागांव मछली खरीदने आढ़त में जा रहा था।बेला रेल पहिया कारखाना से करीब तीन सौ मीटर पूरब उसे जोर का शौच लगा।उसने जल्दबाजी में बाइक में ही चाबी छोड़ दी और शौच करने चला गया।बाइक के हैंडल में झोला टंगा था।जिसमें व्यवसायी का मोबाइल व 96 सौ रुपए नकद रखा हुआ था।इसी दौरान पीछे से एक बाइक पर सवार होकर तीन की संख्या में अपराधी आए और सड़क किनारे लगी बाइक को स्टार्ट कर लेकर फरार हो गए।अपराधी बाइक के साथ ब्यासायी का झोला भी लेते गए। व्यवसायी ने शोर मचाया।

# सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए एआई की भूमिका पर किया गय व्याख्यान का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता




आरा । शहर के एसबी कॉलेज में पीजी अर्थशास्त्र विभाग की ओर से सामाजिक और आर्थिक विकास में एआई की भूमिका पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।अध्यक्षता प्राचार्या प्रो पूनम कुमारी ने की। मुख्य अतिथि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कॉलेज इंस्पेक्टर प्रो शंभू शरण शर्मा और मुख्य वक्ता महाराजा कॉलेज अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो चंचल कुमार पांडेय थे। मंच संचालन डॉ पंकज कुमार और विषय प्रवेश अर्थशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ बिंकटेश्वर चौधरी ने किया।मुख्य अतिथि प्रो शंभू शरण शर्मा ने कहा कि आज का समय तकनीकी शिक्षा का समय है। देश के तकनीकी विकास में एआई अभी सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए छात्रों को इस बारे में जानकारी देना जरूरी है। मुख्य वक्ता प्रो चंचल कुमार पांडेय ने कहा कि आज के उद्योगों की जरूरत के हिसाब से छात्रों को तैयार करना है। नई शिक्षा नीति में भी इस पर जोर दिया गया है।मौजूदा समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग शिक्षा, ग्राहक सेवा, मनोरंजन, ऑटोमोबाइल और इसके साथ ही साथ परिवहन व संचार के क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। आने वाले समय में इस तकनीकी का प्रयोग बड़े पैमाने पर दूसरी इंडस्ट्रीज में भी होने की अटूट संभावना है।एआई जीवन को अधिक कुशल बना रहा है, नवाचार को बढ़ावा दे रहा है और शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण समस्याओं को हल कर रहा है। लेकिन इसे प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए, हमें नैतिकता और निष्पक्षता पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। प्रो राम नारायण मिश्रा ने कहा कि इसका भारत का भविष्य आशाजनक है। धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ प्रियंका कुमारी ने किया।मौके पर प्रो कनकलता कुमारी,डॉ नमीता कुमारी, डॉ एसडी सिंह, डॉ आदित्य कुमार आनंद,विपिन कुमार सहित कई शिक्षक,कर्मी छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# रक्सौल के डॉ. नवाज अख्तर ने अपने पहले ही प्रयास में एमसीआई की परीक्षा में मारी बाजी, अब करेंगे देश सेवा

प्रातः किरण संवाददाता



रक्सौल। कहते हैं कि डॉक्टर ईश्वर के दूसरे रूप होते हैं और ऐसे में जब कोई डॉक्टर बनता है तो उसके माता-पिता और परिजनों में एक उत्साह, हर्ष और विश्वास बढ़ जाता है कि उसके घर में भी एक डॉक्टर है जो दिन-दुनिया की सेवा करेगा। परन्तु भारत में एक नियम है कि अगर कोई भी मेडिकल छात्र किसी अन्य देश के मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई कर डॉक्टर बनता है तो उसे मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है, बिना उत्तीर्णता के वह इंडिया में अपना प्रैक्टिस या सरकारी हॉस्पिटल में कार्य नहीं कर सकता, इस परीक्षा को अव्वल दर्जा का माना गया है, कुछ ऐसा ही प्रमाण दिया है रक्सौल के लक्ष्मीपुर निवासी रेयाज अख्तर के पुत्र डॉ. नवाज अख्तर ने, जिन्होंने आर्मेनिया के येरेवान हाइबुसाक यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस करने के बाद अपने पहले ही प्रयास में उक्त मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की परीक्षा में बाजी मारकर, अपने देश सेवा का लक्ष्य प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर डॉ. नवाज अख्तर ने कहा कि अगर कर्म में ईमानदारी और ईमानदारी से किया गया मेहनत बेकार नहीं जाता, इसके कारण ही उन्होंने इस परीक्षा के पहले प्रयास में ही सफलता प्राप्त किया। इस सफलता से उनके परिजनों में हर्ष और खुशी है।

# नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बड़ा और तीखा वार किया है। कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम के तहत भोजपुर आए तेजस्वी यादव ने बुधवार को यहां प्रेसवार्ता में कहा कि बिहार में नीतीश कुमार नही बल्कि साढ़े तीन लोग सरकार चला रहे है। उन्होंने कहा कि सीएम से भी उपर सुपर सीएम है। वह सुपर सीएम डीके बॉस है। हालांकि, उन्होंने डीके बॉस के नाम का खुलासा करने से परहेज किया।

तेजस्वी सीएम पर हमला करने में इतने पर ही नही रूके। आगे उन्होने फिर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हेल्थ कार्ड जारी किए जाने की मांग की। कहा कि उम्र के एक पड़ाव पर शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आ जाती है। ऐसी समस्याएं नीतीश कुमार के साथ भी है। अब वे सरकार चलाने के लिए फिट नही है। सीएम थक चुके है। थके हुए आदमी और रिटायर्ड अधिकारी से बिहार नही चलने वाला है। बिहार के लोगों ने उन्हे 20 साल मुख्यमंत्री के रूप में देख लिया। एक ही जमीन पर 20 साल तक एक ही ब्रांड का बीज डालने पर जमीन खराब हो जाता है। बिहार में नया बीज डालने की जरूरत है। इस जरूरत को जनता भी पहचान रही है क्योकि अब उनके पास कुछ करने का न तो स्टेमिना है, न विजन और न ही कोई ब्लू प्रिंट है। वें खुद ही कहते है कि अब बिहार में करने को कुछ बचा नही है। मतलब उनके पास कुछ करने की क्षमता ही नही बची है। इसी कारण वें ऐसा बोलते है। कहा कि बिहार के लिए करने के लिए तेजस्वी के पास बहुत कुछ ही नही सब कुछ है। इसीलिए जनता अब नीतीश कुमार को दूर करने वाली है और विधानसभा चुनाव में उनका दूर होना भी तय है। उन्होंने सीएम की यात्रा पर भी हमला बोला और कहा कि प्रगति सह दुर्गति यात्रा में रेड कॉर्पेट पर चलकर वर्षों के मुख्यमंत्री दूधिया पर्दों के बीच से अदृश्य प्रगति को ढूंढ रहे हैं।

तेजस्वी ने राहुल गांधी के बिहार के जातीय सर्वे पर दिए गए बयान को सही ठहराया।

कहा कि राहुल गांधी ने गलत क्या कहा है? जब जातीय सर्वे के आंकड़ों का राज्य सरकार कोई उपयोग ही नही कर रही है। सर्वे की रिपोर्ट को सरकार ने गतालखाते में डाल रखा है तो फिर सर्वे कराने के मायने ही क्या रह गए? राहुल गांधी ने इसी वजह से जातीय सर्वे पर सवाल उठाया है।

प्रेस वार्ता के बाद तेजस्वी यादव अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे जहां उन्होंने सबसे पहले नारी शक्ति से संवाद किया जहां महिलाओं ने तेजस्वी यादव के 17 महीने की सरकार में अपने अनुभव और उपलब्धियों को साझा किया। साथ ही तेजस्वी ने कहा कि नारी शक्ति को सशक्त बनाने के प्रयासों को बढ़ावा देना हमारा लक्ष्य है ।उसके बाद तेजस्वी ने अपने दूसरे सत्र के कार्यक्रम कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम में शिरकत किया जहां जिला अध्यक्ष वीरबल यादव के द्वारा उनका स्वागत किया गया और कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। इस सत्र में तेजस्वी यादव विभिन्न प्रखंडों के पंचायत अध्यक्षों से संगठन के कई पहलुओं पर चर्चा की।

# प्रयागराज महाकुंभ में हिंदू जनजागृति समिति की हिंदू एकता पदयात्रा प्रारंभ

पटना प्रयागराज । अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में श्रीरामलल्ला की प्राणप्रतिष्ठा को 22 जनवरी 2025 को एक वर्ष पूरा हो गया। इस शुभ अवसर पर हिंदू जनजागृति समिति द्वारा महाकुंभ क्षेत्र में भव्य हिंदू एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। महाकुंभ क्षेत्र से विश्वकल्याणकारी रामराज्य अर्थात हिंदू राष्ट्र स्थापना का संदेश इस पदयात्रा के माध्यम से दिया गया। इस पदयात्रा में हिंदू राष्ट्र स्थापना के प्रेरणास्त्रोत और सनातन संस्था के संस्थापक सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत बाळाजी आठवले की आध्यात्मिक उत्तराधिकारी श्रीसत्शक्ति बिंदा सिंगबाळ तथा श्रीचित्शक्ति (श्रीमती) अंजली गाडगीळ, हिंदू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय मार्गदर्शक सद्गुरु (डॉ.) चारुदत्त पिंगळे और समिति के उत्तर-पूर्व भारत के मार्गदर्शक सद्गुरु नीलेश सिंगबाळ की वंदनीय उपस्थिति रही। साथ ही आध्यात्मिक संस्थाएं, हिंदू संगठन, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता, हिंदुत्वनिष्ठ और श्रद्धालु बड़ी संख्या में पदयात्रा में सहभागी हुए।यह पदयात्रा प्रयागराज कुंभ क्षेत्र के मुक्ती-मोरी मार्ग चौक, सेक्टर 19 से प्रारंभ हुई। वहां से संगम लोव्हर, काली रस्ता होते हुए पुनः मोरी मुक्ती मार्ग से सेक्टर १९ (कुंभ क्षेत्र) में समाप्त हुई। इस अवसर पर सनातन संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता चेतन राजहंस, हिंदु जनजागृति समिति के समन्वयक सुनील घनवट और समन्वयक विश्वनाथ कुलकर्णी उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय बौद्ध महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण करने जिलाधिकारी गया के कालचक्र मैदान पहुंचे

प्रात: किरण संवाददाता



गया। भगवान बुद्ध की ज्ञान स्थली बोधगया मे तीन दिवसीय इंटरनेशनल बौद्ध महोत्सव का आयोजन होना है, इसको लेकर गया डीएम डॉ त्याजराजन एसएम ने आज कालचक्र मैदान का निरीक्षण किये है ।इंटरनेशनल बौद्ध महोत्सव का आयोजन 31 जनवरी, 01 एवं 02 फरबरी तक चलेगी ।

इस निरीक्षण के दौरान गया डीएम डॉ त्यागराजन एसएम ने बताया कि गया पहली वार फिल्म फेस्टिवल के साथ साथ आर्ट फेस्टिवल का भी कार्यक्रम आयोजित होंगे, कैनवास पेंटिंग का प्रर्दशनी भी लगाए जाएंगे। ये दो प्रोग्राम गया जिले में पहली बार आयोजित किये जायेंगे, जिसके कारण बौद्ध महोत्सव मेला का रूप और आकर्षण का केंद्र बना रहेगा। इसके साथ ही साथ ग्राम श्री मेला से लगभग 70 स्टॉल लगाये जाएगे, विभागीय स्टॉल रहेंगे, महिला महोत्सव का भी आयोजन की जाएगी, बिहार के नामी व्यंजन का फुड स्टॉल लगाया जाऐगा, ख्याति प्राप्त नामी बॉलीवुड कलाकारों की भी बुलाया जा रहा है ।जो मनोरजन के लिये प्रस्तुति की जाऐगी, जिसके लिए अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और बिहार के ख्याति प्राप्त कलाकारों को बुलाया जायेगा, जिसका उद्देश्य महाबोधि संस्कृति को उजागर करना है ।बौद्ध महोत्सव के एक दिन पहले 30 जनवरी को जिस रास्ते से गौतम बुद्ध चल कर बोधगया पहुचे थे उसी रास्ते से उनके ही पदचिन्ह पर चलकर ज्ञान यात्रा निकाली जाएगी। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर हाल में 25 जनवरी तक टेंट, पंडाल, स्टेज, स्टॉल, विभागीय प्रदर्शनी सहित ग्राम श्री मेला एवं पंचायत दर्शन के स्टॉल सहित सभी तैयारियां पूर्ण कर ले। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया कि पेयजल एवं टॉयलेट का प्रॉपर व्यवस्था हर हाल में करवा ले। जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि अच्छे तरीके से ट्रैफिक प्लान तैयार करते हैं उसे इंप्लीमेंट करावे। फायर सेफ्टी की पूरी व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर रखने का निर्देश दिए हैं इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि कालचक्र मैदान में एंबुलेंस सहित मेडिकल फैसिलिटी पूरी तात्पर्यता से उपलब्ध रखना सुनिश्चित करेंगे।

बोधगया मे क्यों निकाली जाती है ज्ञान यात्रा-ठिक बौद्ध महोत्सव से एक दिन पूर्व बोधगया से लगभग 12 किलोमीटर उत्तर पूर्व एक रमणिक ढूगेश्वरी पहाड़ी से बौद्ध भिक्षु और बौद्ध श्रद्धालुओं द्वारा ज्ञान यात्रा का आयोजन किया जाता है ।जिसमे बौद्ध भिक्षु, बौद्ध श्रद्धालु और यहां के स्थानीय लोग भगवान बुद्ध के पदचिन्हो पर चलते है, और भगवान बुद्ध के शांति, अहिंसा मैत्री करुणा का संदेश दुनिया को देने का प्रयास करते हैं। इस निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त, सचिव बीटीएमसी, सदस्य बीटीएमसी, केअर टेकर मोंक महाबोधि मंदिर, सदर एसडीओ, वरीय उप समाहर्ता, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पर्यटन पदाधिकारी, जिला उद्योग, बिजली विभाग के अभियंता, निदेशक डीआरडीए नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक आनंद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे हैं।

# विकास पथ विक्रम ने नीति आयोग एवीए की साझेदारी का किया समर्थन

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। एवीए और विकास पथ विक्रम 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी हैं ।नीति आयोग बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा व सशक्तीकरण के लिए 12 राज्यों के 73 आकांक्षी जिलों में करेगा एवीए का सहयोग ।स्कूल नहीं जा पा रहे बच्चों को शिक्षा और कौशल विकास के अवसरों से और हाशिये केंद्रीय परिवारों को जनकल्याण योजनाओं से जोड़ा जाएगा । बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के इको सिस्टम को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए भारत सरकार के नीति आयोग और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) ने देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण तथा अगले एक साल में देश के 104 प्रखंडों के 15,000 गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए हाथ मिलाया है। इस आशय के मंतव्य पत्र (एसओआई) पर नई दिल्ली में दस्तखत किए गए। नीति आयोग और एवीए की इस साझेदारी का स्वागत और समर्थन करते हुए विकास पथ विक्रम ने कहा कि इस कदम से उनकी कोशिशों को एक नई उर्जा और गति मिली है और वे अरवल को बाल मजदूरी, बाल विवाह, बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल यौन शोषण जैसे बच्चों के खिलाफ सभी तरह के अपराधों से मुक्त कराने के प्रयासों में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। एवीए और विकास पथ विक्रम दोनों ही बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी हैं। इस पहल के साथ एकजुटता जताते हुए विकास पथ विक्रम के सचिव सत्येंद्र कुमार शांडिल्य ने कहा, ह्लहम भारत सरकार के ह्लबाल विवाह मुक्त भारतह्व अभियान पर अमल करते हुए अपने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिये सतत और अनथक प्रयास कर रहे हैं। एवीए और नीति आयोग की इस साझेदारी से हमारे प्रयासों को और बल मिलेगा। एवीए के साथ मिलकर हम जिले को बाल विवाह मुक्त बने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही हम जिले में बाल सुरक्षा के व्यवस्थागत तंत्र को मजबूत बनाने के लिए भी काम करेंगे। साथ मिलकर हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारे बच्चों को एक सुरक्षित वातावरण में पुष्पित-पल्लवित होने के अवसर मिलें। इस अवसर पर एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के कार्यकारी निदेशक धनंजय टिंगल ने कहा, ह्लआज समाज के सबसे कमजोर वर्गों के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हम गर्व और कृतज्ञता महसूस कर रहे हैं। साझा प्रयासों से हमारा लक्ष्य 2025 के अंत तक इन प्रखंडों को बाल विवाह मुक्त बनाना और दूसरों के लिए एक मिसाल कायम करना है। यह साझेदारी प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान के अधिकार की रक्षा करने और बाल विवाह जैसे अपराधों के खात्मे की हमारी साझा प्रतिबद्धता का सबूत है।

# रेलवे संघर्ष समिति का 155 किलोमीटर की पदयात्रा हुई संपन्न

## मुख्य संयोजक मनोज यादव ने हाजीपुर रेलवे महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। बिहटा अरवल औरंगाबाद रेलवे लाइन में कार्य लगाने हेतु दो सूत्री मांगों बजट 2025 में प्राक्कलन के अनुसार 3900 करोड़ रूपया केंद्र सरकार आवंटित करें एवं दूसरा मांग समय सीमा निर्धारित करते हुए बेटा औरंगाबाद रेलवे लाइन में निर्माण कार्य करें को लेकर 16 जनवरी 2025 से औरंगाबाद समाहरणालय रमेश चौक से रेलवे संघर्ष समिति के सैकड़ो लोगों के द्वारा मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव के नेतृत्व में पदयात्रा प्रारंभ किया गया था सात दिवसीय यात्रा का लगातार लंबी पदयात्रा करते हुए जन जागरण करते हुए ओबरा दाउदनगर अरवल पालीगंज दुल्हन बाजार विक्रम पटना हाजीपुर 155 किलोमीटर की लंबी यात्रा के बाद दो सूत्री के मांगों का ज्ञापन महाप्रबंधक कार्यालय में जनरल महाप्रबंधक को रेलवे संघर्ष समिति के मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव ने2 सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया गया ज्ञापन सपना के पहले सात दिवसीय पदयात्रा के बाद क्षेत्र के लोगों ने एवं पद यात्रियों ने महाप्रबंधक कार्यालय हाजीपुर पर प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को रखा प्रदर्शन करने वालों में पदयात्रा मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव धनंजय कुमार सिंह प्रोफेसर शिव कुमार चंद्रवंशी मंटू यादव राजनीति यादव अशोक शर्मा जवाहर प्रसाद गुप्ता चंद्रसेन कुमार वर्मा अर्जुन ठाकुर लकेश्वर सिंह कामेश्वर सिंह रामेश्वर सिंह अवध बिहारी सिंह उपेंद्र कुमार उमेश राजवंशी अखिलेश दास राहुल कुमार नौशाद अली दिलीप कुमार नंदकिशोर दास अजीत चौधरी उदय प्रकाश मोहम्मद कौशल राजा अनीस अख्तर अजीत यादव एवं सैकड़ो लोगों ने जैन प्रदर्शन करते हुए बजट 2025 में राशि देने की मांग किया बिहटा अरवल जिला औरंगाबाद रेलवे लाइन जनहित का मुद्दा को ध्यान में रखकर स्थानीय सांसदों को भी बजट सत्र में उठाने के लिए जनता ने मांग किया है ताकि केंद्र सरकार पूर्ण राशि 3900 करोड़ देने का काम करें आंदोलन जारी रहेगा

# भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा न केवल अयोध्या बल्कि समस्त भारतवर्ष के लिए गौरव का क्षण: डॉ मनीष

प्रात: किरण संवाददाता



गया।भारतीय जनता पार्टी के गया जिला किसान मोर्चा सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित भारतीय जनता पार्टी के नेताओ ने अयोध्या में भगवान रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर राम भक्तों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी 22 जनवरी को आयोजित इस विशेष अवसर पर उन्होंने भगवान विष्णु जी पूजा पाठ कर भगवान रामलला को नमन किया अयोध्या में जो राम मंदिर निर्माण में विशेष रूप से देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी को गया जी के पावन धरती से नमन बंदन कर मोदी जी को बधाई और शुभकामनाएं दी इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि भगवान रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा न केवल अयोध्या बल्कि समस्त भारतवर्ष के लिए गौरव का क्षण था। यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर, आस्था और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण के साथ देशभर के श्रद्धालु भगवान राम के आदर्शों और शिक्षाओं को आत्मसात कर रहे हैं, जो सामाजिक समरसता और धर्म की आधारशिला है ।सभी राम भक्तों से भगवान राम के बताए मार्ग पर चलने और समाज में सद्भावना, एकता और सेवा का संदेश फैलाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भगवान राम हमारे जीवन में मयार्दा, त्याग, और धर्म की शक्ति के प्रतीक हैं।

डॉ. मिश्रा ने भगवान विष्णु और रामलाला से देशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की एबं गरीबों एवं असहाय लोगों को मंदिर परिसर में ही भोजन का पैकेट दिया गया है ।आज के कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर भाजपा के वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक दीपक पांडे नमामि गंगे के सह संयोजक धनंजय पांडे ,सुनील बंबईया, है कमल बारिक बबलू गुप्ता भोला सरकार साहित शामिल हुए हैं।

# जॉब कार्ड बनवाने को लेकर मानिकपुर पंचायत में लगी लोगों की भीड़



प्रात: किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) स्थानीय प्रखंड के मानिकपुर पंचायत में जॉब कार्ड बनाने को लेकर पंचायत कार्यालय में भीड़ लग रही है जानकारी के अनुसार राज्य सरकार के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ वैसे ही लाभुको को दी जाएगी जिनका नाम जॉब कार्ड में शामिल है जिसको लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत कार्यालय में लोगों की भीड़ उमर रही है हालांकि बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के मानिकपुर पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी के कार्यालय में पंचायत के सैकड़ो लोगों की भीड़ देखी गई जहां लोग जॉब कार्ड बनवाने को आतुर देख रहे थे। इस बाबत मुखिया अशोक चौधरी ने बताया कि इस बार राज्य सरकार द्वारा यह निर्देशित की गई है कि वैसे ही लाभकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दी जाएगी जिनका जॉब कार्ड बना हुआ है और मनरेगा योजना के तहत कार्य करते हैं।

# अयोध्या में श्रीराम मंदिर के एक वर्ष पूरा होने पर विशेष पूजा अर्चना हुई

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के श्रीराम प्रज्ञा मंडल के प्रांगण में अयोध्या में श्रीराम मंदिर स्थापना के 1 वर्ष पूरे होने पर विशेष पूजा अर्चना की गई। भगवान श्री राम, मां गायत्री,पूज्य गुरुदेव वंदनीया माता जी एवं अन्य देवी देवताओं की पंचोपचार विधि से पूजा अर्चना की गई एवं भगवान श्री राम मंदिर स्थापना के संदर्भ में बताया गया कि भगवान श्री राम सनातन संस्कृति के प्रतीक हैं हमारी युगीन संस्कृति के वाहक हैं। साथ ही साथ मंदिर स्थापना के बाद से सनातन के प्रति लोगों की मनोदशा परिवर्तित हुई है इससे पता चलता है कि एक बार पुनः रामराज्य स्थापना की ओर हम अग्रसर हो रहे हैं। श्री राम प्रज्ञा मंडल के संस्थापक नवनीत कुमार ने बताया कि भगवान श्री राम हमारे आदर्श हैं और हम उनके मर्यादित स्वरूप को अपनाकर ही भारत का भविष्य एवं अपने देश की गौरव गरिमा को पूरी दुनिया में स्थापित कर सकते हैं। मौके पर संतोष कुमार गुप्ता, सृष्टि कुमारी,सुरभि कुमारी नीतीश कुमार,शुभम कुमार, गोलू कुमार, लक्ष्य कुमार,हर्ष कुमार,अंकित कुमार ,सौरभ राज सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिले की स्थापना दिवस पर मुख्यालय में रेल,हवाई सेवा एवं विश्वविद्यालय स्थापना की मांग हुई



औरंगाबाद। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर 1973 ई0 में इस जिले की स्थापना हुई थी।औरंगाबाद जिले की स्थापना हुए आज 52 साल हो गए। 52 सालों में औरंगाबाद जिले ने कितनी दूरियां तय की इस पर चर्चा करते हुए जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि आज यह जिला बिहार के तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर होने वाले जिलों में से एक है। धार्मिक दृष्टिकोण से त्रेतायुगीन देव सूर्य मंदिर, देवकुंड,उमंगा धाम,कल्पवृक्ष की प्रसिद्धि पूरी दुनिया में है। शक्ति उपासना के लिए गजना माता,सत्यचंडी धाम, सतबहिनी,उमगेश्वरी धाम की महिमा विख्यात है। शिवोपासना के लिए देवकुंड का दुग्धेश्वर महादेव की आभा से पूरी दुनिया आलोकित है ।वैष्णव उपासना के लिए विष्णु धाम, सूर्य राघव मंदिर और सीता थापा की प्रसिद्धि कहीं छिपी नहीं है। सांस्कृतिक दृष्टिकोण से मगध की विरासत इसी जिले में बसती है ।जहां की जीतिया को सारा संसार जानता है ।भृगु ऋषि,बाणभट्ट,च्यवन ऋषि इसी स्थल पर जन्म लेकर कालजई कार्यों को मूर्त रूप दिया था। राजनीतिक दृष्टिकोण से बिहार विभूति अनुग्रह बाबू की जन्मस्थली के साथ-साथ कर्मभूमि भी रही है ।साहित्यिक दृष्टिकोण से सोन के किनारे कई कवि मनीषियों ने अपनी रचनाओं से पूरी दुनिया को नई आवाज दी है ।आधुनिक साहित्य में गंगाधर शास्त्री एवं शंकर दयाल बाबू का नाम पूरा हिंदुस्तान जानता है। वर्तमान परिवेश में इस जिले में एनटीपीसी की स्थापना ने बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ पूरे बिहार ही नहीं भारत के कई राज्यों को प्रकाशित करती है। औद्योगिक क्षेत्र में बियाडा का सीमेंट फैक्ट्री इसके विकास में चार चांद लगाता है। 52 सालों में औरंगाबाद जिले ने कई उतार चढ़ाव देखे ।कभी इसे नौरंगा के नाम से लोग जानते थे तो कभी इसी स्थल पर दाऊद खान जो बिहार के सूबेदार हुआ करते थे ।उनकी विरासत दाउदनगर में दिखती है। सिंचाई के क्षेत्र में कृषि के क्षेत्र में इस जिले में धान गेहूं के पैदावार भरपूर होती है सोन नहर से इस जिले का कायाकल्प हुआ तो उत्तरी कोयल नहर की परियोजना जल्द इस जिले को सिंचित करेगी। वर्तमान परिदृश्य में जिला मुख्यालय में रेल सुविधा हो,जिला मुख्यालय में कहीं पर हवाई अड्डा की स्थापना भी की जाए साथ ही साथ जिस तरह से इस जिले में प्रगति की ओर अग्रसर की है उसमें विश्वविद्यालय की स्थापना अत्यंत आवश्यक है।

## गणतंत्र दिवस पर झंडोतोलन समारोह की तैयारी हुई तेज :सत्येन्द्र रंजन

अरवल। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कर बताया कि आगामी 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला कार्यालय (अरवल) पर झंडातोलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह समारोह सुबह 10:30 बजे जी. ए. उच्च विद्यालय के सामने पुरब (पटना रोड) स्थित पार्टी कार्यालय में होगा । सत्येन्द्र रंजन ने अरवल जिले के सभी पदाधिकारियों, प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों, पंचायत अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों और सभी कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी से अपील की कि वे निर्धारित समय पर उपस्थित होकर झंडातोलन समारोह को सफल बनाएं।

## सीग्राम का रॉयल स्टैग बूमबॉक्स तीसरे संस्करण के लिए वापस लौटा

दुर्गापुर। सीग्राम का रॉयल स्टैग बूमबॉक्स अपने तीसरे संस्करण के लिए वापस लौटा है, जिसमें बॉलीवुड की मशहूर धुनों को समकालीन हिप-हॉप बीट्स के साथ मिलाया गया है। मिर्ची द्वारा निर्मित इस सीजन के साथ, इमर्सिव म्यूज़िक फेस्टिवल ने बीते 14 जनवरी को मुंबई में एक विशेष मीडिया प्रीव्यू में अपनी आगामी लाइनअप को प्रदर्शित किया। यह अनूठा सांस्कृतिक मिश्रण पारंपरिक और आधुनिक भारतीय संगीत के मिलन को फिर से परिभाषित करता है, जो ब्रांड के लिविंग इट लार्ज दर्शन को दशार्ता है। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स ने बॉलीवुड की कालातीत धुनों को हिप-हॉप की कच्ची ऊर्जा के साथ बेधड़क तरीके से पेश किया है, जो आज की पीढ़ी, जनरेशन लार्ज की मूल ध्वनि का निर्माण करता है। फेस्टिवल का अनूठा प्रारूप एक अलग ध्वनि बनाता है जो आज के युवाओं के साथ प्रतिध्वनित होती है - एक ऐसा समुदाय जो रुझानों का अनुसरण करने के बजाय उन्हें बनाता है। यह उत्सव चार प्रमुख युवा केंद्रों- हैदराबाद, मुंबई, गुरुग्राम और गुवाहाटी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रमुख संगीत कार्यक्रमों के साथ-साथ अत्याधुनिक इंटरैक्टिव अनुभव भी शामिल होंगे। पर्नोड रिकार्ड इंडिया के मुख्य विपणन अधिकारी और वैश्विक व्यापार विकास प्रमुख कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा, संगीत की सार्वभौमिक भाषा, विशेष रूप से लाइव अनुभवों में, लोगों को एकजुट करने और शुद्ध जादू के क्षण बनाने की अद्भुत शक्ति है। वहीं वेवमेकर के सीईओ-दक्षिण एशिया अजय गुप्ते ने कहा किए पिछले संस्करणों की जबरदस्त सफलता ने साबित कर दिया है कि हम वास्तव में कुछ खास कर रहे हैं।

## पूर्व सांसद शहीद डॉ. राजेश कुमार की 20 वीं शहादत दिवस पर सांसद ने श्रद्धांजलि दी



गया।नेता संसदीय दल राजद सह औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा ने गया जिले के बोधगया अंतर्गत बोधगया में पहुंचकर पूर्व सांसद शहीद डॉ० राजेश कुमार 20 वीं शहादत दिवस पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये है। उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कुशवाहा ने कहा डॉ राजेश कुमार एक व्यक्ति नहीं एक विचार थे जो सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किए थे। इस शहादत दिवस पर पूर्व मंत्री सह विधायक कुमार सर्वजीत, नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह, कुंडल वर्मा, महेंद्र यादव, श्रीमती गायत्री पासवान श्रीधर यादव समेत सैंकड़ों गणमान्य लोगों ने उपस्थित थे।

# काशी से औरंगाबाद पहुंचने पर सोनी चौरसिया का बीजेपी के पूर्व सांसद ने आगे के लिए हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जर्मनी के पीटर का विश्व कीर्तिमान अपने नाम करने के लिए काशी की बेटी सोनी चौरसिया को आरोग्य भारत रोलर स्केटिंग एवं साहसिक यात्रा पर काशी से रवाना होकर औरंगाबाद पहुँचने पर भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने सर्किट हाउस से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व सांसद ने कहा कि यह यात्रा सोनी चौरसिया के द्वारा 113 दिनों में नौ हजार किलोमीटर की दूरी रोलर स्केट पर पूरी करने का लक्ष्य है। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा चलाया गया। सबसे महत्वपूर्ण स्वच्छता अभियान है और यह स्वच्छ भारत मिशन देश भर में ब्यापक तौर पर राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में शुरू हुआ है और स्वच्छ भारत की परिकल्पना को साकार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।सोनी चौरसिया के द्वारा जब यह रिकॉर्ड को तोड़ा जाएगा और जब यह गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में जब यह दर्ज होगा तो यह हम सभी भारतवासी के लिए गर्व की बात होगा ।इस यात्रा के दौरान सोनी चौरसिया ने बताया कि मुझे पीटर के द्वारा वर्ष 1996 में 8586 किलोमीटर की दूरी 108 दिनों में पूरी की गई थी और मुझे इस रिकॉर्ड को तोड़ना है ।इस कार्यक्रम के तहत सोनी चौरसिया ने आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर आकर पौधा रोपण किया एवं पर्यावरण को बचाने और स्वच्छ रखने का संदेश एवं विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की इस कार्यक्रम में राजेश डोगरा,सचिन रोहिल्ला,साक्षी दाते,कार्तिकेय चौरसिया,रोहतास विभाग क्रीड़ा भारती के संयोजक राकेश कुमार पांडेय,कोषाध्यक्ष रविशंकर कुमार,सह सचिव नागेन्द्र सिंह,विवेक कुमार,कान्हा सिंह,अजय कुमार,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह,युवा भाजपा नेता टनटन सिंह उपस्थित रहे।

## गया-पटना-गया और गया से डीडीयू के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

हाजीपुर । रेलयात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल द्वारा गया और पटना के मध्य 23.01.2025 से 06.03.2025 तक तथा गया से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तक दिनांक 22.01.2025 से 05.03.2025 तक स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा ।

गाड़ी संख्या 03668/03667 गया-पटना-गया स्पेशल का परिचालन दिनांक 23.01.2025 से 06.03.2025 तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को किया जाएगा । इसी तरह गाड़ी संख्या 03699 गया-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन स्पेशल का परिचालन दिनांक 22.01.2025 से 05.03.2025 तक प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को किया जाएगा । इन ट्रेनों का परिचालन पूर्व निर्धारित मार्ग, ठहराव एवं समय पर किया जाएगा ।

# जन सुराज पार्टी के जिलाध्यक्ष बने रिजवान व जिला युवा अध्यक्ष अमित शर्मा बने

प्रात: किरण संवाददाता

गया ( जन सुराज जिला कार्यवाहक समिति के पदाधिकारियों की सूची जारी की गई। जन सुराज जिले के तजम्मुल खान इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए हैं। संगठन जिला गया से कुल 147 लोगों को जिला कार्यवाहक समिति के पदाधिकारी को स्थान मिला। जिला अध्यक्ष रिजवान खान, जिला महासचिव कुंदन कुमार , जिला युवा अध्यक्ष अमित शर्मा,जिला महिला अध्यक्ष कंचन यादव, जिला किसान अध्यक्ष भगवान प्रसाद, जिला अभियान समिति संजय सिंह , जिला मुख्य प्रवक्ता मोहम्मद कलीमुल्ला अंसारी समेत जिले से कुल 147 लोगों को कोर कमेटी में स्थान मिला है ।संगठन जिला गया में जन सुराज के जिला कार्यवाहक समिति की घोषणा की गई है। इस समिति के विभिन्न पदाधिकारियों के नाम निम्नलिखित हैः

जिला अध्यक्षः रिजवान खान संगठन महासचिवः कुंदन कुमार - युवा अध्यक्षः अमित शर्मा मुख्य प्रवक्ता मोहम्मद कलीमुल्ला अंसारी- जिला अभियान समिति अध्यक्ष संजय सिंह जिला किसान अध्यक्षः भगवान प्रसाद - महिला अध्यक्ष कंचन यादव ।इस कार्यक्रम में सदस्यों के साथ जिला कोर कमेटी की घोषणा की गई है।

जन सुराज पार्टी के जिला अध्यक्ष रिजवान खान ने कहा नवादा में संगठन की मजबूती देने के बड़े स्तर पर सदस्यता अभियान चलाएं जाएंगे और पंचायत स्तर पर पंचायत संगठन का गठन किया जाएगा। इसके साथ ही जन-जन को जन सुराज के मूल विचार को प्रसारित कर व्यवस्था परिवर्तन के सपने को साकार किया जाएगा। पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष हरेंद्र यादव ने कहा कि युवाओं की आवाज को मजबूती देने का कार्य किया जाएगा

जन सुराज पार्टी के जिला प्रवक्ता मोहम्मद कलीमुल्ला अंसारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य गया में जन सुराज को सुदृढ़ करना और नई राजनीतिक व्यवस्था को बनाना है।

जन सुराज पार्टी के गया जिला प्रभारी तजम्मुल खान ने पटना में हो रहे सत्याग्रह में आने का किया आह्वान।अभिराम शर्मा ने सभी पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई है। कहा कि पटना में जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर सत्याग्रह कर रहे हैं, इसमें बिहार भर से लोग जुट रहे हैं, ऐसे में यहां से भी लोग उसमें शामिल हो व अपना समर्थन जन सुराज को दें। समाज के किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या है, तो वे वहां पहुंचे ।इस अवसर पर समिति ने जन सुराज पार्टी की आगामी रणनीतियों और संगठन को मजबूत बनाने के लिए नए कार्यक्रमों की योजना पर भी चर्चा की गई है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रभारी तजम्मुल खान, प्रदेश युवा कार्यसमिति के सदस्य डॉ बीडी शर्मा, रामधार सिंह, पूर्व प्रमुख नवल किशोर सिंह, पूर्व प्रत्याशी इमामगंज विधान सभा जितेंद्र पासवान समेत कई लोग शामिल हुए हैं।

## 24 जनवरी को दिव्यांगजनों के लिए आयोजित होगा रोजगार शिविर

गया। जिले के अनेक प्रतिष्ठानों के द्वारा गया जिले में दिव्यांगजन के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी के अवसर प्रदान किए जाएंगे।। गया-बोधगया रोड, केंदुई स्थित अवर प्रादेशिक नियोजनालय सरकारी आईटीआई के बगल में गया में पूर्वाहन 11:00 बजे से एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस रोजगार शिविर मे डिलीवरी प्राइवेट लिमिटेड, पैंटालूंस, विशाल मेगा मार्ट, वी-मार्ट, जुडियो के द्वारा डिलीवरी बॉय, लास्ट माइल एजेंट, सेल्स एसोसिएट एवं विभिन्न पदों के लिए भर्ती की जाएगी। यह भर्ती प्रक्रिया साक्षात्कार के माध्यम से की जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों की योग्यता बारह एवं स्नातक अथवा एम बी ए होनी चाहिए। इस रोजगार शिविर में चयनित अभ्यर्थियों को उनके योग्यता के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में काम करने का मौका मिलेगा। रोजगार शिविर में भाग लेने हेतु अभ्यर्थियों की उम्र 18 वर्ष से 38 वर्ष तक होनी चाहिए।

इस संबंध में नियोजन पदाधिकारी आकृति कुमारी ने बताया कि इस शिविर में गया जिला के अनेक प्रतिष्ठानों के द्वारा विभिन्न पदों के लिए कुल 63 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। अभ्यर्थियों के चयन के पश्चात आकर्षक वेतन, पीएफ, ईएसआईसी, इंसेंटिव इत्यादि प्रदान की जाएगी, रोजगार शिविर में भाग लेने हेतु अभ्यर्थी का निबंधन एनसीएस पोर्टल पर होना अनिवार्य है ।इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ उपरोक्त रोजगार शिविर में भाग ले सकते हैं। इस रोजगार शिविर में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को एन सी एस पर निबंधित होना अनिवार्य है इस रोजगार शिविर की सारी प्रक्रियाएं पूर्णता निशुल्क है।

## क्राइम इन्वेस्टीगेशन एजेंसी सीआईए संचालित वृद्ध आश्रम द्वारा गरीबों को स्वेटर एवं टोपी का वितरण किया गया

गया ।क्राइम इन्वेस्टीगेशन एजेंसी सीआईए द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम कोच गया बिहार में 50 वृद्धि जनों महिला एवं पुरुष को ठंड से बचाव के लिए स्वेटर एवं टोपी 21-01-25 को वितरण किया गया है सभी वृद्ध जनों ने आश्रम का हृदय की गहराइयों से प्रशंसा की है। संस्था के चेयर मैन अजय प्रताप सिंह ने बताया यह वृद्ध आश्रम 15 फरवरी 2021 से कोच ऊपर बाजार में संचालित है लेकिन अब तक सरकार के द्वारा संस्था को कोई फंडिंग नहीं है ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## हजारों के ईनामी बदमाश ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। जिले के मुरलीगंज थाना अंतर्गत बेंगा पुल के समीप वर्ष 2023 में चौकीदार जुबेर आलम को गोलीमार जख्मी कर लूटपाट करने के आरोपी बदमाश भरत कुमार उर्फ भरत राम पुलिस दबिश के कारण न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि चौकीदार जुबेर आलम पर गोली चलाने वाला कुख्यात 25 हजार का ईनामी अपराधी की गिरफ्तारी को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में ीम का गठन किया गया था। टीम में मुरलीगंज थाने की पुलिस पदाधिकारी और तकनीकि शाखा के कर्मी को शामिल किया गया था। गठित टीम के द्वारा ईनामी बदमाश भरत कुमार उर्फ भरत राम की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापामारी की जा रही थी। ईनामी बदमाश ने पुलिस दबिश को देखते हुए सोमवार को न्यायालय में जाकर आत्म समर्पण कर दिया।

# पिता-पुत्र मिलकर करते थे शराब तस्करी छापेमारी में पिता गिरफ्तार, पुत्र फरार

**पुलिस ने की गोदाम से 485 कार्टन कुल 4365 लीटर विदेशी शराब की खेप बरामद, दो लग्जरी कार भी जब्त**

प्रातः किरण संवाददाता



मधेपुरा। जिला मुख्यालय स्थित भिरखी वार्ड 21 में मंगलवार शाम को छापेमारी कर सदर थाना पुलिस ने एक गोदाम से 485 कार्टन कुल 4365 लीटर विदेशी शराब की खेप बरामद की। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान तस्कर गणेश यादव भी दबोचा लिया।

साथ ही दो लग्जरी कार जब्त कर थाना लाया गया। बताया गया कि गिरफ्तार तस्कर का पुत्र राजकमल रवि शराब तस्करी का मास्टर माइंड है, लेकिन छापेमारी के दौरान वह भागने में सफल रहा। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि सदर थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि भिरखी वार्ड 21 स्थित राजकमल रवि के गोदाम में भारी मात्रा में विदेशी शराब लाकर रखा गया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एएसपी प्रवेंद्र भारती के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में सदर थानाध्यक्ष विमलेंदु कुमार अवर निरीक्षक इंद्रजीत तांती व पप्पू कुमार के अलावा अन्य पुलिस बल को शामिल किया गया। गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजकमल रवि के गोदाम की घेराबंदी किया। घेराबंदी होता देख शराब तस्कर गणेश यादव गोदाम के दूसरे दिशा से भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। एसपी ने बताया कि शराब तस्कर गणेश कुमार यादव के सामने गोदाम को खुलवाया गया तो 485 कार्टन में 4365 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। गोदाम के आसपास लगी दो लग्जरी कार जब्त किया गया। दोनों कार की डिक्की से भी शराब बरामद की गई। कार को जब्त कर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर गणेश यादव ने पूछताछ में बताया कि वह अपने पुत्र राजकमल रवि के साथ मिलकर विदेशी शराब का तस्करी करता है। पुत्र राजकमल रवि के बारे में पूछने पर उसने बताया कि वह भी अभी यहीं था पुलिस को देखकर भाग निकला।

# सदर अस्पताल में परिवार कल्याण प्रशिक्षण के दूसरे बैच का सत्र हुआ प्रारंभ

■ डिस्ट्रिक्ट एडिशनल चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. केएन सिन्हा ने किया उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता




आरा,सदर अस्पताल के सभागार में परिवार कल्याण प्रशिक्षण के दूसरे बैच का सत्र शुरू हुआ, जिसका उद्घाटन, डिस्ट्रिक्ट एडिशनल चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ के एन सिन्हा ने किया। राष्ट्रगान के बाद सत्र शुरू हुआ ,जहां जगदीशपुर की परिवार कल्याण कंसीलर नीलिमा तिवारी ने विशेष रूप से परिवार कल्याण के हर विधि के बारे में बताया। अध्यक्षीय भाषण में डॉ के एन सिन्हा ने कहा कि सारे राज्य एवं राष्ट्रीय प्रगति के कार्यक्रम सफल हो, इसके लिए परिवार कल्याण वो परिवार नियोजन का कार्यक्रम जरूरी है। परिवार कल्याण में दो तरह के विधि है। स्थाई एवं अस्थाई ।स्थाई विधि में बंध्याकरण और नसबंदी दोनों पर ध्यान देना है। नसबंदी का ऑपरेशन हमारे यहां बहुत कम है इसको विशेष ध्यान देकर ,इसे बढ़ाना है। अस्थाई विधि में 5/6 तरह के विधि है। हर स्वास्थ्य केंद्र पहले योग्य दंपतियों का चुनाव कर ले, एक लिस्ट बना ले और उनके पसंद वो इच्छा के अनुसार ,उनकी आवश्यकता के अनुसार कोई भी विधि अपनाई जा सकती है। इस कार्यक्रम में एक सैंपल ग्रुप में परिवार कल्याण का नाटक तथा परिवार कल्याण कार्यक्रम के बारे में दो गीत भी हुए, एक गीत डीसीएम विनीत सिंह ने सुनाया तथा दूसरा गीत कंसीलर नीलिमा तिवारी ने सुनाया। सभी स्वास्थ्य केंद्रों से ,हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर से सीएचओ ,आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, स्टाफ नर्स, एएनएम और स्वास्थ्य कर्मी भाग लेकर इस प्रशिक्षण शिविर से लाभ उठाएं। अपनी-अपने केन्द्रों में जाकर के ये लोग जनता को जागरूक करेंगे ,जिससे जनता को लाभ हो।

# 22 वां बनारसी प्रसाद मेमोरियल एक दिवसीय अंतरजिला शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



मानसी (खगड़िया)। सज गया मानसी में शतरंज का मैदान, बारह जिले के बाल योद्धा दिखाएंगे अपना जौहर। 23/01/2025 को नशा मुक्त भारत शतरंज अकादमी के तत्वावधान में 22 वां बनारसी प्रसाद मेमोरियल एकदिवसीय अंतरजिला अन्डर 15, 11, व अन्डर 9 निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता मानसी नगर पंचायत स्तिथ जी डी एकेडमी के खेल परिसर में होगा। इसमें पटना, बेतिया, नालन्दा, नवादा, लखीसराय, बेगुसराय, कटिहार, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, दरभंगा और खगड़िया सहित बारह जिले के शतरंज बालयोद्धा महामुकाबला का हिस्सा बनेंगे। सभी अपना- अपना दाॅव आजमाएंगे। दिलचस्प बातें यह है कि बहुत से खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय रेटेड शतरंज खिलाड़ी हैं और इनमें कई ऐसे खिलाड़ी भी हैं जो राज्य स्तरीय और नेशनल लेवल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा चंके हैं। इस 64 खाने के महासमर में किस महारथी के सर पर ताज सजेगा ये देखना दिलचस्प होगा। नशा मुक्त भारत शतरंज अकादमी के संस्थापक सचिव प्रेम कुमार यशवन्त, अध्यक्ष अभय कुमार बिक्की, उपाध्यक्ष विवेक भगत ने कहा कि सारी तैयारी हो चुकी है। मुख्य अतिथि बिहार शतरंज संघ के सयुंक्त सचिव शिवप्रिय भारद्वाज आ रहें हैं। अकादमी के सयुंक्त सचिव कामरेड संजय कुमार और कोषाध्यक्ष अम्बुज कुमार पौद्दार, सदस्य अनिल जायसवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि मुख्य निर्णायक कि भुमिका में सिनियर नेशनल आर्बिटर चन्द्रराज रहेगें। बाहर से आये हुए अभिभावकों को सम्मानित भी किया जायेगा।प्रतियोगिता के देख रेख में अंतर्राष्ट्रीय रेटेड शतरंज खिलाड़ी और प्रशिक्षक अमरनाथ गुप्ता, शिक्षक अरविंद कुमार, जी डी एकेडमी के शिक्षकगण, केशव कुमार यशवन्त, माधव कुमार यशवन्त, श्रीनाथ विनायक, बादल कुमार ईत्यादि रहेगें।

# एमडीए अभियानः जिलास्तरीय प्रशिक्षकों का हुआ प्रशिक्षण

प्रातः किरण संवाददाता




बेतिया। फाइलेरिया मुक्त अभियान के सफल संचालन हेतु बेतिया के एक निजी सभागार में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा की अध्यक्षता में स्वास्थ्यकर्मियों का जिलास्तरीय प्रशिक्षण कराया गया। मौके पर डॉ चंद्रा ने कहा की चिकित्सा पदाधिकारी, बीसीएम/भीबीडीएस/प्रत येक पीएचसी के एमओ का प्रशिक्षण (टीओटी) कराया जा रहा है ताकि 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकें। उन्होंने बताया की स्वास्थ्यकर्मियों को माइक्रोप्लान बनाने, स्वीकृति एप्प पर एमडीए राउंड के दौरान प्रतिदिन का डाटा अपलोड करने एवं मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। डब्लूएचओ के जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ माधुरी देवराजू ने कहा

10 फरवरी से 17 दिनों के लिए कार्यक्रम चलाया जायेगा। पहले 14 दिन स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर दवा खिलाएंगे उसके बाद तीन दिन स्कूलों, जेल, कॉलेज और अन्य भीड़ भाड़ वाले जगहों पर बूथ लगाकर दवा खिलाई जाएगी। इस दौरान आशा व अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करते हुए अपने सामने दवा खिलाएगी। प्रतिदिन कितनी दवा खिलाई गई, इसकी रिपोर्ट प्रतिदिन विभाग को दी जाएगी। सभी कार्यकलाप रजिस्टर में लिखित दर्ज की जाएगी। इसके बाद अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी। लोगों को अगर सर्वजन दवा से दुष्प्रभाव होता है तो उससे बचाव के लिए रैपिड रेस्पोंस टीम लगाई जाएगी। डॉ रमेश चंद्रा ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव को 2 से 5 वर्ष के बच्चों को डीईसी की 1 गोली और एल्बेंडाजोल की 1 गोली, 6 से 14 वर्ष के बच्चों को डीईसी की 2 गोली व एल्बेंडाजोल की 1 गोली तथा 15 वर्ष से ऊपर के लोगों को डीईसी की 3 गोली व एल्बेंडाजोल की 1 गोली आशा कार्यकताओं द्वारा अपने सामने खिलाई जाएगी। खाली पेट दवा का सेवन नहीं करना है। एल्बेंडाजोल की गोली को पानी के साथ चबाकर खानी है। इस बात का ध्यान रखें कि 2 वर्ष से छोटे बच्चे, गम्भीर रूप से बीमार लोग तथा गर्भवती महिलाओं को एमडीए की दवा नहीं खिलाई जाएगी।

### फाइलेरिया मच्छरों के काटने से होता हैःडॉ नवल

डीभीबीडीसीओ डॉ नवल किशोर एवं भीडीसीओ प्रशांत कुमार ने बताया की फाइलेरिया को हाथीपाँव रोग के नाम से भी जाना जाता है। इससे ग्रसित हो जाने पर मानव शरीर के अंगों में सूजन आ जाती है, जो संक्रमित क्यूलेस नामक मच्छर के काटने से फैलता है। इस रोग से बचने के लिए सरकार द्वारा खिलाई जा रही निःशुल्क दवा का सेवन अनिवार्य है। उन्होंने बताया की नाईट ब्लड सर्वे के दौरान जाँच में 92 लोग पॉजिटिव पाए गए। जिले में 4 हजार 682 लोग फाइलेरिया रोग से ग्रसित है। मौके पर डीभीडीसीओ डॉ नवल किशोर, भीडीसीओ रमेश मिश्रा, प्रशांत कुमार, गणेश कुमार गोप, सुशांत कुमार, पिरामल के राजू श्रीवास्तव, अब्दुल्लाह अंसारी, श्याम कुमार, सिफार के बिनोद आदि थे।

## भाकपा नेता ने किया नहरों में पानी देने एवं स्टेट बोरिंग संचालित करने की मांग

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य प्रमोद प्रभाकर एवं जिला मंत्री विद्याधर मुखिया ने जिला पदाधिकारी मधेपुरा को पत्र लिखकर जिले के अंदर नहरों में पानी देने एवं स्टेट बोर्डिंग संचालित करने की मांग की है। भाकपा नेता ने कहा कि मधेपुरा जिला कृषि आधारित क्षेत्र है, यहां 80% आबादी कृषि पर निर्भर है, कभी बाढ़ तो कभी सुखार से यहां का किसान परेशान रहते हैं ' जिले के अधिकांश नहरों में पानी नहीं है, स्टेट बोर्डिंग बंद पड़े हैं, खेतों की सिंचाई करना हुआ मुश्किल। पंप सेट एवं बिजली मोटर से सिंचाई करना है महंगा। नेताओं ने कहा कि स्थानीय स्तर पर मनरेगा योजना के तहत कई नहरों की सफाई हुई है परंतु जगह-जगह अतिक्रमण कर लिया गया है ' सिंचाई विभाग की उदासीन रवैये के कारण नहर में वर्षों से पानी नहीं आया है, स्टेट बोर्डिंग बंद पड़े हैं, कोई देखभाल करने वाला नहीं है। सब कुछ भगवान भरोसे चल रहा है।भाकपा नेता ने कहा कि जिले के अंदर खाद की किल्लत एवं कालाबाजारी से किसान जूझ रहा है, खाद की मूल्य से अधिक राशि लेकर सरेआम बिक्री हो रही है डीएपी और यूरिया। इस प्रकार किसानों को फसल लगाने में लागत मूल्य काफी बढ़ जाता है और किसान कर्ज में दबता चला जाता है। भाकपा नेता ने जिला पदाधिकारी मधेपुरा से शीघ्र हीं खाद के किल्लत एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने तथा नहरों में जलापूर्ति करने एवं स्टेट बोर्डिंग संचालित करने की मांग की है।

# अस्पताल की जमीन का निरीक्षण करने पहुंची आईएएस कृतिका मिश्रा, अतिक्रमण मुक्त करने को ले दिया 48 घंटे का समय

प्रातः किरण संवाददाता



नयानगर (मधेपुरा) । उदाकिशुनगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नयानगर पंचायत के नयानगर मंदिर के निकट मुखिया प्रतिनिधि रुपेश झा की मौजूदगी में अस्पताल की जमीन का निरीक्षण करने के लिए प्रशिक्षु आईएएस कृतिका मिश्रा, सीओ हरिनाथ राम व सीएचओ मो. शकील अख्तर पहुंचे।

जहां स्थल पर अधिकारी पहुंचकर भवन की जमीन का जायजा लिया। वहीं अतिक्रमणकारी को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु 48 घंटे का समय दिया गया है। वहीं सरकारी अमीन सदानंद कुमार के द्वारा अस्पताल की जमीन का मापी कर चिन्हित कर दिया गया है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री नितीश कुमार के द्वारा संभावित तिथि 29 जनवरी को इस अस्पताल का शिलान्यास किया जाएगा।

जिसको लेकर उदाकिशुनगंज के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने अंचलाधिकारी को पत्र भेजकर अतिक्रमण हटाने को कहा है। इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि रुपेश झा ने कहा कि अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को 48 घंटे का समय दिया है। वहीं भूमिहीन परिवारों को बिहार सरकार द्वारा अलग से जमीन की पर्चा उपलब्ध कराकर बसाने की प्रक्रिया की जाएगी। मौके पर अमीन सदानंद कुमार, मिथिलेश पासवान, प्रदीप शर्मा, विशेष्वर ऋषिदेव, रामचंद्र पासवान, झूणा देवी, पप्पू शाह, जानकी देवी, श्यामसुंदर पासवान एवं अन्य मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओं के बीच मुंगेर की सभा में ये बाते रखी, इसे अन्यथा नहीं लेःई नंदलाल मांझी

गया।हम पार्टी एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करने वाली पार्टी है सबसे अंतिम प्रधान पर रहने वाले लोगों को नेतृत्व का मौका देती है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कार्यकताओं की बात कार्यकताओं के बीच मुंगेर की सभा में रखा है इसको अन्यथा लेने की आवश्यकता नहीं है।यह बातें राष्ट्रीय प्रवक्ता ई नंदलाल मांझी ने कहा है इसे किंतु परंतु करने की जरूरत नहीं है। हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूरी आस्था और विश्वास है हम लोग एण्डीएके मजबूत साथी हैं। किंतु परंतु करने की आवश्यकता नहीं है।

## फोन कर दिया जान से मारने की धमकी, थाने में आवेदन दे लगाया न्याय की गुहार

चौसा (मधेपुरा) । चौसा प्रखंड अंतर्गत चौसा पूर्वी पंचायत के बीरबल टोला वार्ड एक निवासी रेखा देवी पति अमोद राम ने चौसा थाना में आवेदन देकर कारवाई करने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने बताई कि बीते 20 जनवरी समय करीब देर शाम 8 बजे मेरे मोबाइल नंबर 9350855744 पर राजकिशोर उम्र करीब 23 वर्षीय पिता गोनी मेहरा एवं दया कुमार उम्र करीब 20 वर्षीय पिता गोनी मेहरा सभी शकीन बीरबल टोला वार्ड नंबर एक निवासी ने इस नंबर 9103518167 से फोन के द्वारा बार बार फोन कर के मेरी बेटी को बोला तुम अपना सहेली का मोबाइल नंबर हमको दो हम उस लड़की को लेकर कहीं भागेंगे। उस लड़की का मोबाइल नंबर नहीं देने के कारण फोन से भद्दी भद्दी गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दे रहे है। वहीं उन्होंने पुलिस को आवेदन देकर करवाई की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया की आवेदन मिला है जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस एवं एसओजी की टीम के संयुक्त अभियान में सारण जिला के 25 हजार का इनामी कुख्यात एवं वांछित अपराधी गिरफ्तार



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। बुधवार को मांझी थाना पुलिस टीम एवं एसटीएफ टीम द्वारा सारण जिला का पच्चीस हजार का इनामी एवं कुख्यात वांछित अपराधी 1. प्रणव सिंह उर्फ.नौटंकी सिंह, पिता- चितरंजन सिंह, सा०- मुबारकपुर, थाना- मांझी, जिला- सारण को मांझी थानान्तर्गत ग्राम- मुबारकपुर से छापामारी कर गिरफ़्तार किया गया है ।उक्त गिरफ्तार अपराधी को मांझी थाना कांड 43/23, दिनांक 05/02/23 धारा-147/148/149 /323/325/307/353/332/333 भा0द0वि0 में न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अपराधी के विरुद्ध पूर्व से हत्या का प्रयास व आर्म्स एक्ट के कई कांड दर्ज है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पता

1 प्रणव सिंह उर्फ. नौटंकी सिंह, पिता- चितरंजन सिंह, सा०- मुबारकपुर, थाना- मांझी, जिला- सारण ।प्रणव सिंह उर्फ.नौटंकी सिंह का अब तक का ज्ञात आपराधिक इतिहास।

. मांझी थाना कांड सं०- 13/15, दिनांक 01/03/15, धारा-341/323/324/307/384 भा०द०वि० ।

मांझी थाना कांड सं०- 10/17, दिनांक- 23/05/17, धारा-341/323/337/504/34 भा0द०वि० ।मांझी थाना कांड सं०- 56/18, दिनांक- 13/03/18, धारा- 399/402 भा0द0वि0 & 25(1-इ)अ 26/35 आर्म्स एक्ट` मांझी थाना कांड सं०- 185/18, दिनांक- 16/07/18, धारा-399/402/120इ भा0द0वि0 & 25(1-इ)अ26/35 आर्म्स एक्ट`।. मांझी थाना कांड सं०- 106/20, दिनांक 07/05/20, धारा- 25 (1-इ)अ26/35 आर्म्स एक्ट । . मांझी थाना कांड सं०- 340/20, दिनांक- 20/11/20, धारा 341/323/307/34 भा0द0वि0 & 27 आर्म्स एक्ट ।मांझी थाना कांड सं०-372/20, दिनांक- 23/12/20, धारा-25(1-इ)अ26/35 आर्म्स एक्ट । . मांझी थाना कांड सं०- 374/21, दिनांक- 23/10/21 धारा- 341/323/324/379/504/ 34 भा0द०वि० ।. मांझी थाना कांड सं०- 43/23, दिनांक-05/02/23 धारा- 323/325/307/353/332/333 भा०द०वि०`. मांझी थाना कांड सं०- 44/23, दिनांक 06/02/23 धारा- /148/149/435/436/427/354 भा0द0वि0`।. मांझी थाना कांड सं०- 168/23, दिनांक- 04/06/23 धारा-302/120 ( )/34 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स छापेमारी टीम में,पु०अ०नि० अमित राम थानाध्यक्ष, मांझी थाना,पु०अ०नि० प्रवीण कुमार,सिपाही सुजान सिंह,धीरेन्द्र कुमार,अरविन्द कुमार,चालक लोकेश रंजन आदि थे।

# जन सुराज जिला पदाधिकारियों की नयी सूची जारी अभियान समिति के संयोजक बने जनार्दन सिंह चौहान

■ तीसरी बार कुलदीप महासेठ बने मुख्य प्रवक्ता

प्रातः किरण संवाददाता




छपरा। जन सुराज जिला कार्यालय परिसर में जिला प्रभारी उर्मिला कुमारी ने जन सुराज के जिला पदाधिकारियों की नयी सूची की घोषणा किया। जिसमें जिलाध्यक्ष बच्चा राय उपाध्यक्ष क्रमशः संतोष सिंह, मनोरमा कुमारी, शमीम अहमद आदि जिला संगठन महासचिव श्रवण महतो जिला अभियान संयोजक जनार्दन सिंह चौहान ,जिला महिला अध्यक्ष अमिता सहनी,जिला युवा अध्यक्ष कुमार शिवम, जिला किसान अध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा, मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ,जिला कार्यालय प्रभारी राजीव चौधरी सहित छपरा, सोनपुर और मढ़ौरा अनुमंडल में संगठन जिला प्रभारी एवं नगर में नगर संगठन प्रभारी की सूची भी जारी किया गया। इस मौके पर जिला प्रभारी उर्मिला कुमारी ने जन सुराज के कार्यकर्ता अनुशासन को ध्यान में रखते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने की बात कही।उन्होंने कहा कि बदहाल बिहार को बेहतर बनाने के लिए प्रशांत किशोर की बातों को जन जन तक पहुचाने की जरूरत है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष बच्चा राय, प्रदेश महासचिव राहुल सिंह राज्य परिषद सदस्य मुन्ना भवानी, सुरेश सिंह, नूतन शर्मा, संपत्त राम राही, अमिता सहनी, कुलदीप महासेठ, प्रियरंजन सिंह युवराज, जनार्दन सिंह चौहान, कुमार शिवम, पूर्व जिला पार्षद मनोरमा कुमारी, प्रीति रानी, आरती सहनी, उषा देवी, जय नारायण प्रसाद,नवनीत यादव, खुर्शीद नैयर,प्रमोद सिंह टुन्ना, भोला सिंह,अभिषेक कुमार आदि सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## डीएम ने विभिन्न प्रयोजनों को लेकर स्थल का किया निरीक्षण

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा बुधवार को अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी मढ़ौरा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मढ़ौरा, अंचलाधिकारी, अमनौर/मढ़ौरा/तरैया/मशरख के साथ मढ़ौरा अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न अंचलों में विभिन्न प्रयोजनों को लेकर जमीन का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

अमनौर में कृषि फार्म हेतु, मढ़ौरा में अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय तथा अनुमंडल कार्यालय के न्यायाधीशों, पदाधिकारियों, कर्मियों के आवास निर्माण हेतु, शिल्हौड़ी मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण, तरैया में कृषि कॉलेज तथा औद्योगिक क्षेत्र हेतु, मशरख में कारा निर्माण तथा कृषि फार्म हेतु एवं उक्त अंचलों में अवस्थित चीनी मिल की भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा विभिन्न परियोजनाओं को धरातल पर लाने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए गए।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत शिविर का आयोजन कर 57 चालकों का किया गया नेत्र एवं स्वास्थ्य का जॉच

मधेपुरा। परिवहन विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त निदेश के आलोक में सड़क सुरक्षा माह, 2025 (1 जनवरी 2025 से लेकर 31 जनवरी 2025 तक) के तहत मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित पुराने बस स्टैंड परिसर में नेत्र एवं स्वास्थ्य जॉच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सदर अस्पताल, मधेपुरा की स्वास्थ्य टीम के द्वारा कुल-57 चालकों का नेत्र जॉच एवं स्वास्थ्य जॉच किया गया एवं 7 आयुष्मान कार्ड बनाया गया। साथ ही सिंहेश्वर प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरहरी एवं उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तरहा डंडारी में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के विषय पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी वितरण कर पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त विभागीय निदेशानुसार विभिन्न चौक-चौराहों पर जिला परिवहन की टीम के द्वारा वाहनों पर रिफलेक्टिव टेप लगाया गया।



# ऐक्टू का 11वां अखिल भारतीय सम्मेलन को लेकर निर्माण मजदूर संघ ने की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया ।ऐक्टू का 11वां अखिल भारतीय सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर बिहार निर्माण मजदूर संघ जिला अध्यक्ष जवाहर प्रसाद के नेतृत्व में आईटीआई भाकपा माले जिला कार्यालय में आयोजित हुई।

निर्माण मजदूर जिला अध्यक्ष जवाहर प्रसाद ने कहा कि देश में मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के पिछले 11 वर्षों में मजदूर वर्ग का क्रूर शोषण और दमन अपने चरम पर पहुंच गया है। भारत में मजदूर वर्ग आज अपने जीवन, आजीविका और अधिकारों पर सबसे बुरे हमले का सामना कर रहा है। रिकॉर्ड बेरोजगारी और महंगाई के साथ-साथ बड़े पैमाने पर छंटनी, वेतन में कटौती, घटती मजदूरी व पेंशन, कमजोर होती सामाजिक सुरक्षा, नियमित काम के बजाए चौतरफा ठेकेदारी व मानदेय प्रथा, तय न्यूनतम मजदूरी का लागू न होना, बंदी, तालाबंदी, बढ़ती औद्योगिक दुर्घटनाएं, सर्वव्यापी गरीबी व भूख और बढ़ती असमानता आज की हकीकत है।मजदूरों को गुलाम बनने में लगी है मोदी सरकार।

भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य सुनील यादव ने कहा कि

ह्लविकसित भारतह्व के नाम पर मोदी ने बेचने की होड़ मचा दी है। पूरा देश अडानी और अंबानी जैसे उनके कॉरपोरेट मित्रों को बेचा जा रहा है, जिससे केवल कुछ ही हाथों में धन जमा हो रहा है और नौकरियां और आजीविका नष्ट हो रही है। आवश्यक सेवाएं तेजी से मेहनतकश जनता और गरीबों की पहुंच से दूर होती जा रही है।

मोदी सरकार देश में श्रमिक वर्ग के जीवन के लिए विनाशकारी साबित हों रहे हैं। लोकतंत्र और संविधान को दरकिनार कर पुलिस राज और बुलडोजर राज स्थापित किया जा रहा है, जो गरीबों और वंचितों के जीवन और आजीविका को बेरहमी से ध्वस्त कर रहे हैं।

आगे कहा कि तानाशाह मोदी शासन को निर्णायक धक्का देने के लिए मजदूर वर्ग और मेहनतकश जनता द्वारा एक आर-पार की लड़ाई को आह्वान किया, माले नेता सुनील कुमार राव ने कहा कि भाजपा-आरएसएस और मोदी सरकार के विभाजनकारी मंसूबों को नाकाम करते हुए, मेहनतकश और गरीब लोग सड़कों पर और साथ ही चुनावों में भी लड़ रहे हैं। ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति में, एआईसीसीटीयू (ऐक्टू) के अखिल भारतीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए मजदूर नेताओं से आह्वान किया तथा 9 मार्च को बदलों बिहार महाजुटान रैली में ऐतिहासिक भागिदारी करने का अपील किया। इनके अलावा छोटे लाल कुशवाहा, जोखू चौधरी, कैलाश चौधरी, कृष्णा कुशवाहा, सत्येन्द्र दूवे, धर्मेन्द्र ठाकुर, अखिलेश शर्मा, भिखारी साह, रवीन्द्र राम, शम्भू राम, धर्मेन्द्र राम आदि नेताओं ने भी बैठक को संबोधित किया, मिटिंग का संचालन निर्माण मजदूर संघ जिला अध्यक्ष जवाहर प्रसाद ने किया।

## क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं डिविलियर्स, कहा- मैं अब भी खेल सकता हूं



**जोहानिसबर्ग (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स थोड़ी मौज-मस्ती करने और अपने बच्चों को खुश करने के लिए इस तरह की क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं जहां आईपीएल जैसा दबाव नहीं हो और वह सहज होकर खेल सकें। डिविलियर्स ने अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए नवंबर 2021 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था।

दक्षिण अफ्रीका के 40 वर्षीय पूर्व कप्तान अब चैरिटी और प्रसारण से संबंधित कार्यों से जुड़े हुए हैं। वह मौजूदा एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। लेकिन अपने यूट्यूब चैनल पर मेलिंडा फैरेल के साथ बातचीत में डिविलियर्स ने कहा कि वह फिर से क्रिकेट खेलना चाहते हैं। डिविलियर्स ने अपने तीन बच्चों का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं अब भी क्रिकेट खेल सकता हूं। इसकी कोई पुष्टि नहीं है। मेरे बच्चे मुझ पर थोड़ा दबाव डाल रहे हैं और मुझे लगता है कि मैं उनके साथ नेट्स पर जा सकता हूं। शायद मैं ऐसी क्रिकेट खेलूंगा जिसमें मैं सहज होकर खेल सकूं।

डिविलियर्स ने आईपीएल जैसी पेशेवर लीग के दायरे से बाहर की क्रिकेट में खेलने के संकेत दिए। उन्होंने कहा, 'मैं आईपीएल या एसए20 जैसी लीग में खेलने की बात नहीं कर रहा हूं बल्कि ऐसी क्रिकेट की बात कर रहा हूं जिसमें सहज होकर खेला जा सके। मैं ऐसा अपने बच्चों की खुशी के लिए करना चाहता हूं। इससे मैं फिर से क्रिकेट का आनंद ले सकता हूं। डिविलियर्स ने 114 टेस्ट, 228 वनडे और 78 टी20 में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया। उनके नाम वनडे प्रारूप में सबसे तेज 50 (16 गेंद), 100 (31 गेंद) और 150 (64 गेंद) रन बनाने का रिकॉर्ड है।

## नोवाक जोकोविच ने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर बढ़ाए कदम

**मेलबर्न (एजेंसी)।** पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में स्पेन के कार्लोस अल्काराज को हराकर रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। सेमीफाइनल में जोकोविच के सामने शुक्रवार को अलेक्जेंडर ज्वेरेव की चुनौती होगी।



महिला वर्ग में पाउला बाडोसा ने कोको गाफ को बाहर का रास्ता दिखाया। गुरुवार को उनके सामने विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका की चुनौती होगी। सबालेंका ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर लगातार तीसरा खिताब जीतने की तरफ कदम बढ़ाए।

पुरुष एकल में मैच का पहला सेट गंवाने वाले सैंतीस साल के जोकोविच के सामने उनसे 16 साल कम उम्र के युवा खिलाड़ी की चुनौती थी। इसके साथ ही वह बाएं पैर में खिंचाव के कारण मैच के बीच कई बार दर्द में दिखे लेकिन वह हर तरह की चुनौती से पार पाते हुए 4-6, 6-4, 6-3, 6-4 की जीत के साथ 12वीं बार मेलबर्न पार्क में सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहे। साढ़े तीन घंटे चले मुकाबले को जीतने के बाद कहा कि मैं बस यही चाहता हूं कि आज का यह मैच फाइनल हो।

### महिला अंडर-19 विश्व कप

# इंग्लैंड ने अमेरिका को 8 विकेट से हराया

**जोहोर (मलेशिया) (एजेंसी)।** डेविना पेरिन (74) और ट्रुडी जॉनसन (नाबाद 44) की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी-20 मुकाबले में अमेरिका को आठ विकेट से हरा दिया है। अमेरिका के 119 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर एरिन थॉमस (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ट्रुडी जॉनसन ने डेविना पेरिन के साथ पारी को संभाला।



दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 117 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में पूजा शाह ने डेविना पेरिन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। डेविना पेरिन ने 45 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुये (74) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। ट्रुडी जॉनसन (44) रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड ने 14.2 ओवर में दो विकेट पर 120 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। अमेरिका की ओर से माही माधवन और पूजा शाह को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 29 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिए थे। चेतना पग्यद्याला (10), इसानी वाघेल (10) और दिशा ढींगरा (छह) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे समय मे कप्तान अनिका कोलन ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। रितू सिंह (20) रन बनाकर आउट हुई।

अनिका कोलन (46) और पूजा गणेश (10) रन बनाकर नाबाद रही। अमेरिका की महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 119 रन का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से प्रिशा थानावाला, ट्रुडी जॉनसन ने दो-दो विकेट लिये। टिली कॉर्टीन-कोलमैन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# न्यूजीलैंड ने समोआ को 67 रनों से हराया

**कुचिंग (मलेशिया) (एजेंसी)।** ईव वोलैंड (48) रन की पारी के बाद ताश वेकलिन और ऋषिका जसवाल (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी-20 मुकाबलों में समोआ को 67 रनों से शिकस्त दी।

107 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी समोआ की टीम का कोई भी बल्लेबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे नही टिक सका। समाओ की पूरी टीम 14.2 ओवर में 40 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। समाओ का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। न्यूजीलैंड की ओर से ताश वेकलिन और ऋषिका जसवाल ने तीन-तीन विकेट लिए। सोफी कोर्ट को दो विकेट मिले। हन्ना ओ'कॉनर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां समोआ महिला अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 12 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिए। इसके बाद अनिका टोड और ईव वोलैंड ने पारी को संभला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी हुई। 10वें ओवर में ए मापु ने अनिका टोड 19 गेंदों में (27) रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद समोआ के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके।

# रोहित को क्या करना है यह किसी को बताने की जरूरत नहीं : अजिंक्य रहाणे

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने बुधवार को कहा कि रोहित शर्मा को यह बताने की जरूरत नहीं है कि उन्हें क्या करना है और 'जब वह लय हासिल कर लेंगे तो उन्हें बड़ी पारी खेलने में कोई परेशानी नहीं आएगी । भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान रोहित लगभग एक दशक के अंतराल के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी करेंगे।

मुंबई की टीम बृहस्पतिवार से यहां बीकेसी मैदान पर जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगी तो सभी की निगाहें रोहित और उनके भारत के सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल पर होंगी। रहाणे ने मुंबई के अभ्यास सत्र के दौरान कहा, 'देखिए, रोहित, रोहित है। हम सभी यह जानते हैं। आपको भी पता है कि रोहित का व्यक्तित्व क्या है। मैं उन दोनों (रोहित और जायसवाल) को मुंबई के ड्रेसिंग रूम में वापस पाकर बहुत खुश हूं।

रहाणे ने कहा, 'रोहित कभी तनाव लेना पसंद नहीं करते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए भी उनका चरित्र वैसा ही है। उनका रवैया काफी सहज है। वह अपने खेल को अच्छी तरह से जानते हैं, इसलिए किसी को उन्हें यह बताने की जरूरत नहीं है कि उन्हें क्या करना है। वह एक बार क्रीज पर थोड़ा समय बिताने के बाद अच्छा करेंगे। उन्होंने खुद में कोई बदलाव नहीं किया है जो काफी अच्छी बात है।



पिछले कुछ महीनों से 37 वर्षीय रोहित बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे हैं। वह घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट श्रृंखलाओं में मिली करारी शिकस्त के बाद आलोचना का सामना कर रहे हैं। रहाणे ने कहा कि हर खिलाड़ी करियर में उतार-चढ़ाव से गुजरता है लेकिन रोहित 'वास्तव में आश्वस्त' हैं। रोहित के साथ लंबे समय तक भारतीय ड्रेसिंग रूम साझा करने वाले इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, 'इस में अहम बात यह है कि रोहित में अच्छा प्रदर्शन करने का जज्बा बरकरार है। वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए दृढ़ है। मुझे यकीन है कि एक बार जब वह मैदान पर उतरेंगे तो ऐसा करने में सफल रहेंगे।

राहणे ने कहा, 'रोहित ने कल अभ्यास के कुछ सत्रों में अच्छी बल्लेबाजी की। मैं रोहित के अच्छे प्रदर्शन को लेकर वास्तव में आश्वस्त हूं। रहाणे ने कहा कि जम्मू कश्मीर के खिलाफ यह मैच इस सत्र में रोहित के लिए एकमात्र मुकाबला हो सकता है। रोहित इंग्लैंड के खिलाफ छह फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और उसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की कप्तानी करेंगे। रहाणे ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह सिर्फ इस मुकाबले को खेलेंगे। अगले मैच में उनकी उपलब्धता के बारे में मुझे पता नहीं है। अगले चार दिनों तक उनके सुझाव हमारे लिए काफी अहम होंगे।

## फुटबॉल स्टार डेवर्सन की पत्नी ने शेयर किया 'ईलू ईलू कैलेंडर', फैंस हो गए हैरान

**ब्राजील (एजेंसी)।** फुटबॉल स्टार डेवर्सन की पत्नी करीना एलेक्जेंडर ने अपना शरारती मूड दिखाया है जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। स्टार जोड़ा अपनी ग्लैमरस लाइफ के लिए मशहूर है। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी हॉट फोटोज भी अपलोड करता रहता है। इसी बीच करीना ने इंस्टाग्राम पर एक कैलेंडर की फोटोज शेयर कर धमाल मचा दी है। 33 साल की करीना ने पति के साथ बेडरूम रूटीन का विवरण अपने फैंस के साथ साझा कर दिया है। उक्त कैलेंडर में महीने की खास तरीकों पर दिल के निशान बनाए गए है जिसका मतलब फैंस ईलू ईलू नाइट से लगा रहे हैं।



33 वर्षीय डेवर्सन ला लीगा में अपने फुटबॉल करियर के दौरान लेवांटे, डेपोर्टिवो अलावेस और गेटाफे जैसे क्लबों के लिए खेले हैं। ब्राजीलियाई क्लब पाल्मेरास के साथ उनका 2017 और 2022 का दौर सर्वश्रेष्ठ रहा था। उन्होंने क्लब के लिए 144 लीग मैच खेले और 31 गोल किए। लेकिन उन्होंने करीना के साथ अपने रिश्ते के साथ मैदान के बाहर भी जीवन का आनंद लिया है।

इसी बीच करीना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए अपने अंतरंग जीवन की झलक प्रशंसकों को दी है। उन्होंने अपने सेक्स कैलेंडर की एक तस्वीर साझा की, जिसमें प्रत्येक दिन प्यार भरे दिल बने हुए थे, जिस दिन वे एक-दूसरे के साथ अंतरंग थे। करीना ने तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा- मेरे जीवन का लक्ष्य प्यार को बढ़ाना है। डेवर्सन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट साझा की और इसके साथ 3 प्यार भरे दिल वाले इमोजी जोड़े।

## राष्ट्रमंडल खेल 2026 में मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल किया जाना चाहिए था: एरिका वीब

**विजयनगर (कर्नाटक) (एजेंसी)।** पूर्व ओलंपिक चैंपियन पहलवान एरिका वीब ने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से कुश्ती को बाहर करने को बेहद निराशानजक करार दिया लेकिन साथ ही उम्मीद जताई कि अगले सत्र में खेल की वापसी होगी। कनाडा की एरिका ने 2016 रियो ओलंपिक की महिला 75 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में कजाखस्तान की गुजेल मेन्युरोवा को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता था।

यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) और आईएसएस के सहयोग से यहां चल रहे अंतरराष्ट्रीय महिला कुश्ती शिविर और 'रेस्लिंग मास्टरक्लास' कार्यक्रम के लिए यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट आई एरिका ने वकालत की कि 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल किया जाना चाहिए था। एरिका ने इंटरव्यू में कहा, 'ग्लासगो में 2026 राष्ट्रमंडल खेलों का फैसला बहुत निराशाजनक था। उन्होंने खेलों के लिए एक बहुत ही अलग मॉडल अपनाया। उनके पास केवल 10 खेल हैं। यह बेहद निराशाजनक बात है। मैं वास्तव में चाहती थी कि वे मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल करते।



उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस खेल (कुश्ती) की लोगों तक अधिक पहुंच है। मुझे लगता है कि महासंघ बेहतर स्थिति में है। मुझे लगता है कि यह राष्ट्रमंडल में भारत और नाइजीरिया की मौजूदगी में कुश्ती के खेल में शानदार खिलाड़ियों के रूप में अपनी विविधतापूर्ण ताकत दिखाने का एक अवसर है। कनाडा की इस पहलवान ने कहा, 'और इसलिए, हां, यह निराशाजनक है। मुझे लगता है कि चीजें बदलेंगी। हम नहीं जानते कि भविष्य में क्या होने वाला है और इसलिए मुझे उम्मीद है कि शायद 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों में हम कुश्ती की वापसी देखेंगे।

बुडापेस्ट 2018 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता एरिका ने ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया की प्रशंसा की और कहा कि भारत में महिला कुश्ती में शानदार आदर्श मौजूद हैं। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत से भारतीय खिलाड़ियों, खासकर पहलवानों की सराहना करती हूं। मैंने बजरंग के लिए मैट पर और मैट के बाहर सम्मान के बारे में बहुत बात की है, वह एक शानदार पहलवान, अविश्वसनीय सहयोगी है। भारत में महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती में शानदार आदर्श मौजूद हैं।

बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप 2018 की कांस्य पदक विजेता एरिका ने कहा, 'मैं फोगाट बहनों, साक्षी मलिक और विनेश के बारे में सोचती हूं, जो ना केवल मैट पर चैंपियन रही हैं, बल्कि जिस तरह से वे खुद को संभालती हैं और मैट के बाहर जिस तरह चीजों के लिए खड़ी होती हैं, वह मेरे लिए बेहद प्रेरणादायक है।

### यूट्यूब पर बोले पूर्व क्रिकेटर

# चैम्पियंस ट्रॉफी में आपको रोहित शर्मा और विराट कोहली की जरूरत है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने दिग्गज भारतीय बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली की प्रशंसा करते हुए उन्हें 'महान व्हाइट-बॉल क्रिकेटर' कहा। कैफ अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में यह भी उल्लेख किया कि आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में टीम इंडिया को रोहित और विराट की आवश्यकता होगी। कोहली ने 2008 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे प्रारूप में पदार्पण किया था। उसके बाद उन्होंने 50 ओवर के 295 मैचों में 93.54 की स्ट्राइक रेट से 13906 रन बनाए हैं। उनका औसत भी 58.18 है। इस बीच रोहित ने अपना पहला वनडे मैच 2007 में आयरलैंड के खिलाफ खेला था। 265 वनडे में कप्तान ने 92.43 की स्ट्राइक रेट और 49.16 की औसत से 10866 रन बनाए हैं।

कैफ ने कहा कि रोहित और विराट दोनों ही लंबे समय तक नहीं खेलेंगे क्योंकि वे 30 के दशक के अंत में हैं। उन्होंने कहा कि दो अनुभवी भारतीय बल्लेबाज चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान मेन इन ब्लू टीम में बहुत योगदान देंगे। उन्होंने कहा, आपको रोहित शर्मा और विराट कोहली की जरूरत है। रोहित 37 साल के हैं और कोहली 36 साल के हैं। वे लंबे समय तक नहीं खेलने वाले हैं। उनके लिए प्रार्थना करें, उनका समर्थन करें। वे दो बेहतरीन सफेद गेंद के खिलाड़ी हैं। वे लंबे समय तक नहीं खेलने वाले हैं। मुझे विश्वास है कि वे अच्छा खेलेंगे। वे आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में बहुत योगदान देंगे। अगर वे अच्छा खेलते हैं, तो आप दुबई में मैच जीतेंगे। रोहित शर्मा तेज शुरुआत देते हैं। विराट कोहली उस शुरुआत का फायदा उठाते हैं।




आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेगी। इसकी मेजबानी पाकिस्तान और यूएई करेंगे, जिसमें भारत हाइब्रिड मॉडल के तहत अपने मैच यूएई में खेलेगा। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में 15 मैच होंगे। दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों भारत और पाकिस्तान के बीच टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच 23 फरवरी को खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। भारत का आखिरी लीग मैच 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा।

### चैंपियंस ट्रॉफी

# पाकिस्तान नाम वाली जर्सी पहनने के खिलाफ बीसीसीआई, यह कहता है नियम

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कथित तौर पर आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम की जर्सी और कप्तान की प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित शर्मा की भागीदारी के बारे में कड़ा रुख अपनाया है। बीसीसीआई द्वारा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पर अपने खेलों को पाकिस्तान से हटाकर यूएई में स्थानांतरित करने के लिए दबाव डालने के बाद चिंता का एक नया विषय सामने आया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई नहीं चाहता है कि टीम इंडिया के खिलाड़ी मेजबान के रूप में पाकिस्तान के नाम वाली जर्सी पहनें। पीसीबी अब दो प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच चल रही तनातनी के बीच इस समाधान को हल करने में आईसीसी की मदद की उम्मीद कर रहा है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि बीसीसीआई भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पारंपरिक कप्तान की प्रेस कॉन्फ्रेंस और फोटो शूट के लिए पाकिस्तान नहीं भेजेगा। इसके बजाय भारतीय क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि दोनों आयोजन यूएई में स्थानांतरित कर दिए जाएं।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, आईसीसी ने पहले ही भारत के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है कि वह अपने सीटी मैच पाकिस्तान में न खेले, इसलिए ये मामूली मुद्दे हैं। पीसीबी इस स्थिति से परेशान है और आईसीसी से समाधान की उम्मीद करेगा। पीसीबी के एक सूत्र ने कथित तौर पर सुझाव दिया है कि बीसीसीआई भी खेल में राजनीति ला रहा है। सूत्र ने कहा, बीसीसीआई क्रिकेट में राजनीति ला रहा है, जो खेल के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया। वे उद्घाटन समारोह के लिए अपने कप्तान को (पाकिस्तान) नहीं भेजना चाहते हैं; अब ऐसी खबरें हैं कि वे मेजबान देश (पाकिस्तान) का नाम अपनी जर्सी पर नहीं छपवाना चाहते हैं। हमें विश्वास है कि विश्व शासी निकाय (आईसीसी) ऐसा नहीं होने देगा और पाकिस्तान का समर्थन करेगा।




### क्या कहता है नियम

आईसीसी के नियमों के अनुसार अगर भारत टूर्नामेंट के आधिकारिक लोगो के साथ-साथ नामित मेजबानों के नाम वाली जर्सी नहीं पहनता है, तो यह आईसीसी के कपड़ों के संबंध में आधिकारिक कोड का उल्लंघन होगा। इस तरह के टूर्नामेंट में यह परंपरा रही है, जैसे कि जब भारत ने 2021 टी20 विश्व कप या 2023 वनडे विश्व कप की मेजबानी की थी, तो पाकिस्तान ने भारत का झंडा लगाया था। यह देखना बाकी है कि आईसीसी किस तरह का समाधान निकालता है, क्योंकि टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होने वाला है जिसमें 15 मैच क्रमशः कराची, लाहौर, रावलपिंडी और दुबई के चार मैदानों पर खेले जाएंगे।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 23 जनवरी,2025

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### आदि शंकराचार्य द्वारा रचित भज गोविंदम का 'आदित्य उत्सव 2025' में अनावरण किया गया

**भोपाल, एजेंसी।** बिड़ला समूह के संस्थापक स्वर्गीय बसंत कुमार बिड़ला की स्मृति में आयोजित आदित्य उत्सव 2025 इस ,समारोह में आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला और नितिन मुकेश के हाथों आदि शंकराचार्य द्वारा रचित भज गोविंदम इस भक्तिमय संगीत रचना का अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कोलकाता में स्थित संगीत कला मंदिर में किया गया था। इस कार्यक्रम में पद्मश्री अनुराधा पौडवाल, कविता पौडवाल एवं समूह ने आदि शंकराचार्य निर्मित भक्ति काव्य रचनाएं प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि आदित्य बिड़ला समूह की ओर से आदि शंकराचार्य के इस भक्ति काव्य के अनावरण और उसके बारे में जागरूकता पैदा करने की इस नेक पहल का हिस्सा बनकर हमें बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि पद्मश्री अनुराधा पौडवाल की मधुर आवाज में भक्ति रचनाओं की मनमोहक प्रस्तुति हर किसी को इन भक्ति रचनाओं को समझने में सक्षम बनाती है। यह भक्ति रचनाओं की प्रस्तुति से परे एक पहल है, जिसे देश और हमारी सबसे बड़ी आध्यात्मिक निधि के रूप में समर्थन देने पर हमें गर्व है। आदित्य बिड़ला समूह भारत का सबसे बड़ा समूह है और इसने चुनिंदा प्राचीन भारतीय आध्यात्मिकता को वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भज गोविंदम कॉलर ट्यून जल्द ही वैश्विक दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी।

### ग्रेटर नोएडा में मां-बाप की हत्यारी बेटी को आजीवन कारावास

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने की अदालत ने प्रेमी के साथ मिलकर माता-पिता की हत्या करने वाली बेटी को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोषी पर 46 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) रतन सिंह भाटी ने बताया कि अगस्त 2016 में बादलपुर के बंबावड़ गांव के रहने वाले वेद प्रकाश और उनकी पत्नी उकलेश की हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप वेद प्रकाश की नाबालिग बेटी कोमल और उसके प्रेमी प्रमोद पर लगा था। प्रमोद गांव में ही इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाता था। वेद प्रकाश की बेटी ने ही प्रेमी प्रमोद के साथ मिलकर माता-पिता और भाई-बहनों की हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया था। कोमल ने अपने तीन भाई-बहनों को भी जहर दिया था, लेकिन वह बच गए थे। कोमल ने अपने प्रेमी प्रमोद के साथ मिलकर माता-पिता की हत्या कर शवों को नदी में बहा दिया था। कोमल ने लोगों को गुमराह करने के लिए गांव में फोन कर अपहरण की झूठी सूचना दी थी। पुलिस ने कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने कोमल को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इस मामले में दो साल पहले दोषी प्रमोद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। कोमल के चाचा ओमप्रकाश ने बादलपुर थाने में प्रमोद के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया था।

### रेल दुर्घटनाओं पर लगेगा ब्रेक! ग्रेटर नोएडा की कंपनी ने बनाए खास उपकरण

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ट्रेन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ग्रेटर नोएडा की कंपनी ने विशेष तरह का उपकरण तैयार किया है। यह उपकरण ट्रैक पर तेज गति से दौड़ती ट्रेन के पहियों की स्थिति का 500 माइक्रोन तक सटीकता से विवरण देता है, जिससे संभावित खतरे को समय रहते दूर किया जा सके। कंपनी का दावा है कि देश में पहली बार मेक इन इंडिया के तहत यह तकनीक विकसित की गई है। कासना स्थित आरटी विजन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड ने यह उपकरण बनाया है। इसे ऑटो एक्सपो में प्रदर्शित किया गया। कंपनी के चीफ टेक्निकल ऑफिसर कुलप्रीत सिंह सिकंद और बिजनेस एनालिस्ट मनीष फिलिप ने बताया कि ट्रेन में पहिये की भूमिका अहम होती है।

# ईडी नागरिकों को परेशान करना बंद कर दे, हद में रहेः बॉम्बे हाईकोर्ट




**मुंबई, एजेंसी।**
बंबई उच्च न्यायालय ने एक रियल एस्टेट कारोबारी के खिलाफ बिना सोचे समझे धन शोधन की जांच शुरू करने के लिए ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय पर मंगलवार को एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि केंद्रीय एजेंसियों को कानून के दायरे में रहकर काम करना चाहिए।

ईडी पर जुर्माना लगाते हुए जस्टिस मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने कहा कि कानून लागू करने वाली एजेंसियों को एक कड़ा संदेश जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नागरिकों को परेशान न किया जाए।

उच्च न्यायालय ने अगस्त 2014 में मुंबई के एक रियल एस्टेट डेवलपर राकेश जैन को धन शोधन एजेंसी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत के आधार पर एक विशेष अदालत द्वारा जारी की गई प्रक्रिया (समन/नोटिस) को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति जाधव ने कहा, अब समय आ गया है कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां ??कानून को अपने हाथ में लेना बंद करें और नागरिकों को परेशान करना बंद करें। ईडी ने जैन के खिलाफ उपनगरीय विले पार्ले थाने में एक संपत्ति खरीदार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर धन शोधन की जांच शुरू की थी, जिसमें जैन पर समझौते के उल्लंघन और धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। न्यायमूर्ति जाधव ने अपने फैसले में कहा कि जैन के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है, इसलिए धन शोधन के आरोप भी टिकते नहीं हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि जैन के खिलाफ शिकायतकर्ता का कदम और ईडी की कार्रवाई स्पष्ट रूप से दुर्भावनापूर्ण है और इसके लिए जुर्माना लगाने की आवश्यकता है। अदालत ने ईडी को चार सप्ताह के भीतर उच्च न्यायालय पुस्तकालय को एक लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। पीठ ने मामले में मूल शिकायतकर्ता (खरीदार) पर भी एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इस जुर्माने का भुगतान मुंबई स्थित कीर्तिकर लॉ लाइब्रेरी को किया जाएगा। न्यायाधीश ने आदेश में कहा, यह देखा गया है कि धन शोधन की साजिश गुप्त रूप से रची जाती है और अंजाम दी जाती है। मेरे सामने वर्तमान मामला पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के कार्यान्वयन की आड़ में उत्पीड़न का एक नायाब मामला है।

# बेंगलुरु गैंगरेप केस में सीएम सिद्धारमैया का विवादित बयान, कहा- क्या भाजपा राज में बलात्कार नहीं हुए?

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में महिला से गैंगरेप और पिछले हफ्ते 6 साल की बच्ची से रेप और हत्या मामले में भाजपा ने राज्य की कांग्रेस सरकार की तीखी आलोचना की। इसके जवाब में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने विवादित बयान दे दिया। मंगलवार को बेलगावी में पार्टी के कार्यक्रम के दौरान सिद्धारमैया ने कहा, क्या भाजपा के कार्यकाल में रेप नहीं हुए? समाज में हमेशा बुरे तत्व होते हैं। हम आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।

दरअसल, भाजपा ने बेंगलुरु गैंगरेप केस और पिछले हफ्ते ही राजधानी के होयसला नगर में एक 6 साल की बच्ची की नृशंस हत्या मामले में कांग्रेस राज में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाए। भाजपा ने गृह मंत्री जी. परमेश्वर के इस्तीफे की मांग की है। कर्नाटक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा एवं पार्टी नेताओं ने राज्य की कानून व्यवस्था की तीखी आलोचना की है। इसके जवाब में सिद्धारमैया विवादित बयान दे गए।

सिद्धारमैया ने बेंगलुरु में एक सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर संवाददाताओं से कहा, क्या भाजपा के कार्यकाल में दुष्कर्म नहीं हुए। दुष्कर्म कभी नहीं होने चाहिए और महिलाओं की सुरक्षा की जानी चाहिए। समाज में हमेशा बुरे तत्व होतहैं। हम उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। सिद्धारमैया यह बात बेलगावी में जय बापू, जय भीम रैली के दौरान कह रहे थे। यह रैली महात्मा गांधी और डॉ. बीआर अंबेडकर के सम्मान में आयोजित की गई थी। उनके इस बयान की भाजपा ने तीखी आलोचना की है।



**भाजपा के आरोपन्न** कर्नाटक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र ने कहा, कर्नाटक जो कभी अपनी संस्कृति, मूल्यों और सुरक्षा के लिए प्रसिद्ध था, अब डकैती और अत्याचारों के लिए एक हॉटस्पॉट के रूप में कुख्यात हो रहा है। बेंगलुरु में के.आर. मार्केट के पास बस का इंतजार कर रही अकेली महिला के साथ हाल ही में सामूहिक दुष्कर्म और लूट एक जघन्य और अमानवीय कृत्य है जो राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था को रेखांकित करता है। यह महिलाओं की सुरक्षा में विफलता को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि हत्याओं, डकैतियों, महिलाओं के खिलाफ अपराधों और दुष्कर्मों की बढ़ती संख्या ने नागरिक समाज को निराशा में डाल दिया है जिससे अराजक स्थिति पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसी घटनाएं जारी रहीं तो लोग अनिवार्य रूप से उठेंगे और सरकार को जवाबदेह ठहराएंगे।

## केरल में कोरोना महामारी के दौरान पीपीई किट खरीदने में करोड़ों का घोटालाः सीएजी की रिपोर्ट

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।**
कोरोना महामारी के दौरान वैक्सीन के साथ पीपीई किट ने भी लोगों की जान बचाने के अहम भूमिका निभाई थी। अब केरल में पीपीई किट को लेकर हंगामा छिड़ गया है। दरअसल भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी सीएजीने मंगलवार को केरल में पीपीई किट खरीदने में हुए घोटाले को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य में महामारी के दौरान मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली सरकार ने पीपीई की खरीदने में अनियमितता बरती और करोड़ों का घोटाला भी हुआ। इसकी बाद विपक्षी पार्टियों ने जमकर निशाना साधा है।।



सीएजी की रिपोर्ट के मुताबिक पीपीई किट खरीदने में अतिरिक्त 10.23 करोड़ खर्च किए गए। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि सैन फार्मा नाम को कंपनी को फायदा पहुंचाने की कोशिश की गई। आरोप है कि यह कंपनी सबसे ऊंची दरों पर किट बेच रही थी फिर भी कंपनी को यह अनुबंध दिया गया और फर्म को पहले ही 100 प्रतिशत राशि चुका दी गई। गौरतलब है कि मार्च 2020 में सत्तारूढ़ एलडीएफ सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान पीपीई किट, एन95 मास्क और इसी तरह की अन्य चीजों की खरीद के लिए केरल मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (केएमएससीएल) को विशेष मंजूरी दी थी।

रिपोर्ट सामने आने पर विपक्ष ने एलडीएफ सरकार को घेरा है। कांग्रेस नेता वीडी सतीशन ने एलडीएफ सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार ने कोविड-19 महामारी में लोगों की जान बचाने से ज्यादा अपनी जेब भरने की चिंता थी। उन्होंने कहा, सीएजी की गई रिपोर्ट कोविड-19 महामारी के दौरान भ्रष्टाचार के बारे में विपक्ष के आरोपों की पुष्टि करती है। यह घोटाला मुख्यमंत्री और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा की जानकारी में हुआ है। वहीं केके शैलजा ने कहा कि इस रिपोर्ट की जांच चल रही है।

## उत्तर कन्नड़ जिले में सड़क दुर्घटना में 8 लोगों की मौत

**उत्तर कन्नड़, एजेंसी।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में फलों और सब्जियों से भरा एक ट्रक पलट गया। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और 17 घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा बुधवार तड़के जिले के येल्लापुर में अरेबेल और गुलापुरा के बीच नेशनल हाईवे-63 पर हुआ। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं, पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उत्तर कन्नड़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एम नारायण के अनुसार, सब्जियां बेचने जा रहे लोगों का ट्रक सावनूर से कुमता बाजार जा रहा था। सुबह करीब 5.30 बजे, ट्रक चालक दूसरे वाहन को साइड देने के प्रयास में बाईं ओर चला गया और करीब 50 मीटर गहरी घाटी में जा गिरा।

## अब एकनाथ शिंदे के घर प्रदर्शन, फडणवीस सरकार के फैसले पर बढ़ा शिवसैनिकों का गुस्सा

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में नासिक और रायगड़ के प्रभारी मंत्रियों को लेकर छिड़ा विवाद बढ़ता ही जा रहा है। शिवसेना के विरोध के बाद देवेंद्र फडणवीस सरकार ने नासिक में गिरीश महाजन और रायगड़ में एनसीपी की अदिति तटकरे को प्रभारी मंत्री बनाए जाने के आदेश पर रोक लगा दी गई है। इसके बाद अब शिवसैनिक दबाव बनाने में जुटे हैं कि किसी भी तरह से उनके ही नेताओं को मौका दिया जाए। यही नहीं सरकार से नाराज बताए जा रहे एकनाथ शिंदे के घर पर भी प्रदर्शन होने लगे हैं। शिवसेना नेता और रोजगार गारंटी मिनिस्टर भारत गोगावाले के समर्थकों ने एकनाथ शिंदे के घर का घेराव किया। मंगलवार की शाम को साउथ मुंबई में स्थित एकनाथ शिंदे के बंगले मुक्तागिरी पहुंचे गोगावाले समर्थकों ने नारेबाजी भी की।



इन लोगों की मांग है कि रायगड़ जिले का प्रभारी मंत्री गोगावाले को ही बनाया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि वे वहां जनाधार रखते हैं। इस मामले में गोगावाले के समर्थक दो विधायक महेंद्र थोर्वे और महेंद्र डलवी सीएम देवेंद्र फडणवीस से भी मिलने वाले हैं। बीते सप्ताह गार्जियन मिनिस्टर की लिस्ट जारी होने के बाद से ही शिवसैनिकों में गुस्सा है। नासिक में भाजपा नेता गिरीश महाजन को प्रभारी बनाए जाने से भी असहमति है, लेकिन उतना गुस्सा नहीं है। लेकिन एनसीपी की नेता अदिति तटकरे को रायगड़ का प्रभारी मंत्री बनाए जाने से ज्यादा गुस्सा है। इसके अलावा दादा भुसे और उनके समर्थक नासिक का प्रभारी मंत्री बनाए जाने की इच्छा रखते हैं। वह पहले भी इस जिले की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

इससे पहले शनिवार को तो गोगावाले समर्थकों ने मुंबई और गोवा हाईवे को भी जाम कर दिया था। एकनाथ शिंदे गुट के दबाव के बाद प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति पर रोक लगा दी गई है, लेकिन इसके बाद भी 26 जनवरी को होने वाले आयोजन में जिलों में महाजन और तटकरे ही झंडा फहराएंगे। इसी को लेकर चिंता बढ़ गई है।

## पाकिस्तान में नया फतवा जारी- पतंग उड़ाना इस्लाम के खिलाफ, हिंदुओं पर लगी खास रोक

**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
पाकिस्तान में अब पतंग उड़ाना भी एक गैर-इस्लामिक कार्य करार दिया गया है। लाहौर पुलिस विभाग ने धार्मिक विद्वानों से परामर्श के बाद पतंग उड़ाने को अवैध और आत्महत्या के समान बताया है, क्योंकि यह गतिविधि मानव जीवन के लिए खतरे की वजह बन सकती है। इसके बाद पुलिस ने पतंग उड़ाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है और इस पर एक व्यापक प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा यहां हिंदुओं के भी पंतग उड़ाने पर बैन लगा दिया गया है।



लाहौर पुलिस ने इस्लामी विद्वानों के साथ मिलकर एक फतवा जारी किया है, जिसमें पतंग उड़ाने, एक पहिया बाइक चलाने और हवाई फायरिंग को गैर-इस्लामी और अवैध करार दिया गया है। फतवे में कहा गया है कि इन गतिविधियों में शामिल होने वाले लोग खुद को खतरे में डालते हैं, जो कुरान की शिक्षाओं के खिलाफ है। कुरान और हदीस का हवाला देते हुए कहा गया कि इस तरह की गतिविधियां आत्महत्या के समान हैं, क्योंकि यह जीवन के लिए खतरनाक हो सकती हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस्लामी विद्वानों ने इस बात पर जोर दिया कि इस्लाम मानव जीवन की रक्षा को प्राथमिकता देता है, और ऐसे कार्यों की अनुमति नहीं देता जो व्यक्ति के जीवन के लिए खतरनाक हो। यही वजह है कि पतंग उड़ाना, एक पहिया बाइक चलाना और हवाई फायरिंग को प्रतिबंधित किया गया है। पुलिस विभाग ने इस कदम के बाद तेजी से कार्रवाई की है। लाहौर के डीआईजी ऑपरेशन फैसल कामरान ने इस फतवे की पुष्टि की और कहा कि यह निर्णय पतंग उड़ाने, एक पहिया बाइक चलाने और हवाई फायरिंग जैसी खतरनाक गतिविधियों को रोकने के लिए लिया गया है। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों में भाग लेने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि यह गतिविधियाँ न केवल समाज के लिए खतरा उत्पन्न करती हैं, बल्कि धार्मिक और कानूनी दृष्टि से भी गलत हैं।पुलिस ने पिछले 20 दिनों में पतंग उड़ाने के 150 से अधिक मामलों में कार्रवाई की है।

## नामित रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ की बढ़ी मुश्किलें, भाभी ने हलफनामे में पत्नी के साथ मारपीट का लगाया आरोप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में रक्षा मंत्री के लिए नामित पीट हेगसेथ की मुश्किलें दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जहां उनके नामांकन में गड़बड़ी की जांच कर रही सीनेट को हेगसेथ के खिलाफ एक और हमफनामा मिला, जिसमें उनकी भाभी ने उनपर अपनी दूसरी पत्नी सामंथा के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। हलफनामे में उनकी भाभी डैनियल हेगसेथ ने कहा कि उन्होंने फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) को इस बारे में दिसंबर में बताया था, लेकिन यह जानकारी कांग्रेस से साझा नहीं की गई क्योंकि सांसद हेगसेथ के नामांकन पर विचार कर रहे थे।

रक्षा मंत्री के लिए नामित पीट हेगसेथ को लेकर उनकी भाभी डैनियल ने बताया कि सामंथा की बातों से हमेशा लगता था कि वो किसी खतरे में हैं। डैनियल ने ये भी बताया कि सामंथा अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा एक सुरक्षित शब्द का इस्तेमाल करती थीं, जिससे वो अपने लोगों को अपने आप के खतरे में होने का एहसास करा सकें और मदद मांग सकें। इसको लेकर डैनियल ने दावा किया कि 2015 या 2016 में सामंथा ने उस शब्द का उपयोग किया उन्हें ये बताने के लिए किया था कि वो खतरे में है, जिसके बाद डैनियल को मदद के लिए तीसरे पक्ष से संपर्क करना पड़ा। साथ ही डैनियल ने हलफनामे में यह बताया गया कि पीट हेगसेथ ने बार-बार शराब पीने की आदत को लेकर और घरेलू विवादों के बारे में सामंथा के साथ दुर्व्यवहार किया। इतना ही नहीं उनकी पूर्व भाभी डैनियल ने सीनेट में दाखिल हलफनामें इस बाता जिक्र किया वे इन आरोपों को जनता के सामने रखना चाहिए, क्योंकि उन्हें डर था कि अगर पीट हेगसेथ का नामांकन रक्षा सचिव के रूप में मंजूर हो जाता है, तो यह सेना और देश के लिए खतरनाक हो सकता है।

# नाजी सैल्यूट विवाद के बीच एलन मस्क को मिला चरमपंथियों का समर्थन, नागरिक संगठनों ने जताई चिंता

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
एलन मस्क के डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में सीधे हाथ के इशारे पर विवाद बढ़ता जा रहा है। कई लोगों ने मस्क की आलोचना की है। दरअसल सीधे हाथ के इशारे को नाजी सैल्यूट होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि कट्टर दक्षिणपंथी लोग एलन मस्क के समर्थन में उतर गए हैं। चरमपंथी लोग इसका जश्न मना रहे हैं। गौरतलब है कि एलन मस्क ने सोमवार को कैपिटल वन एरेना में एक भाषण के दौरान एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर खुशी जताई थी और इसी दौरान उन्होंने सीधा हाथ उठाकर वह इशारा किया था, जिसे नाजी सैल्यूट कहा जा रहा है।



**दक्षिणपंथी समूहों ने किया मस्क का समर्थनन्न** इस पूरे विवाद को हवा इस बात से भी मिली है क्योंकि मस्क ने उनके इशारे को नाजी सैल्यूट होने के दावों का न तो खंडन किया है और न ही स्वीकारा है। हालांकि उन्होंने इस मामले पर हो रही आलोचना पर तीखी नाराजगी जाहिर की। एलन मस्क ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि हर कोई हिटलर है। ये हमले बहुत थका देने वाले हैं। श्वेत राष्ट्रवादी समूह व्हाइट लाइव्स मैटर ने टेलीग्राम पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि, श्वेत ज्वाला फिर से उठेगी। श्वेत राष्ट्रवादी कीथ वुड्स ने एक्स पर साझा पोस्ट में मस्क का जोरदार समर्थन किया। एक अन्य दक्षिणपंथी ने लिखा कि हम वापस आ गए हैं।

हालांकि यहूदी विरोध और मानवाधिकारों पर निगरानी रखने वाली संस्था एंटी-डिफेमेशन लीग ने मस्क के इशारे की आलोचना की। अन्य विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्पष्ट नहीं है कि मस्क ट्रम्प समर्थकों की भीड़ को अपना हाथ आगे बढ़ाकर क्या संदेश देना चाह रहे थे। ऑनलाइन नफरत पर नजर रखने वाले इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक डायलॉग के वरिष्ठ शोध विश्लेषक जेरेड होल्ट ने कहा, मुझे संदेह है कि यह जानबूझकर किया गया था। यह लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक प्रकार का संकेत हो सकता है।

अमेरिकी विश्वविद्यालय में संचार के प्रोफेसर कर्ट ब्रैडॉक ने कहा कि यह इशारा एक फासीवादी सलामी थी और लोगों को इस पर संदेह नहीं करना चाहिए। कर्ट ब्रैडॉक चरमपंथ, कट्टरपंथ और आतंकवाद का अध्ययन करते हैं। ब्रैडॉक ने मस्क के बारे में कहा, वह अभी भी इसे ऐसे टाल रहे हैं जैसे कि यह कोई गंभीर बात नहीं थी। मुझे पता है कि मैंने क्या देखा, मुझे पता है कि नव-नाजियों सहित चरम दक्षिणपंथी तत्वों के बीच इस पर क्या प्रतिक्रिया थी, और मैं देख सकता हूं कि अब क्या प्रतिक्रिया है। और इसमें से कोई भी हंसी की बात नहीं है। यूरोप में नाजी सैल्यूट को द्वितीय विश्व युद्ध की घृणा, मृत्यु और विनाश से जोड़ा जाता है। इटली के एक कम्युनिस्ट युवा संगठन ने मंगलवार को मिलान के पियाजेल लोरेटो में मस्क का पुतला उल्टा लटका दिया, उसी जगह द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम दिनों में मुसोलिनी को फांसी दिए जाने के बाद उनके शरीर को उल्टा लटका दिया गया था।

## यमन के तट पर नाव पलटने से 20 इथियोपियाई प्रवासियों की मौत : आईओएम

**अदन, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने बताया कि सप्ताहांत में दक्षिणी यमनी तट के पास एक नाव के पलट जाने से कुल 20 इथियोपियाई प्रवासियों की मौत हो गई, जिनमें नौ महिलाएं और 11 पुरुष शामिल थे। आईओएम ने एक बयान में कहा कि यह नाव, जिसमें 35 इथियोपियाई प्रवासी, एक यमन कप्तान और उसका सहायक सवार थे, कथित तौर पर जिबूती के हम्मारता क्षेत्र से रवाना हुआ था और शनिवार रात को तैज प्रांत के दुबाब जिले के अल-हज्जाजाह के पास तेज मौसमी हवाओं के बीच पलट गई। बयान में कहा गया कि जीवित बचे लोग सफलतापूर्वक तट पर पहुंच गए हैं।

बयान में यमन में आईओएम के मिशन प्रमुख अब्दुसत्तोर एसोव के हवाले से कहा गया है, यह त्रासदी उन खतरनाक परिस्थितियों की याद दिलाती है, जिनसे प्रवासी सुरक्षा और बेहतर जीवन की तलाश में गुजरते हैं। एसोव ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को अनियमित प्रवास के मूल कारणों को दूर करने तथा प्रवासियों की सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देने के अपने संकल्प को मजबूत करना चाहिए।

यमन के तटीय जल दुनिया के सबसे खतरनाक जलक्षेत्रों में से हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आईओएम के आंकड़ों के अनुसार, अकेले 2024 में यमन में 60,000 से अधिक प्रवासियों के आगमन का दस्तावेजीकरण किया गया है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, निियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129